आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* गायत्री जयंती
* वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 159 | उज्जैन, बुधवार 24 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

## मामूली बातों पर 8 मर्डर करने वाला साइको किलर गिरफ्तार

**बालौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के खर्वे गांव में पिछले 3 महीनों में हुई 8 लोगों की संदिग्ध मौतों का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गांव के ही रामसहाय जायसवाल (46) ने पुरानी रंजिश, गाली-गलौज, विवाद, पत्नी पर गलत नजर रखने के शक, कर्ज और टोना-टोटका की शंका के चलते लोगों को जहर मिलाकर शराब पिलाई। गांव में अचानक एक के बाद एक 8 मौतें हो गई। सिर्फ एक आदमी की जान बची। सभी में एक ही पैटर्न था। सभी को शराब पिलाई गई थी। शराब में जहर मिलाया गया था। 6 जून को ग्रामीणों ने कसडोल थाने में आवेदन देकर 8 मौतों की जांच की मांग की। ग्रामीणों ने रामसहाय जायसवाल पर संदेह जताया था। पुलिस ने 7 मृतकों के शवों को कब्र से निकलवाकर पोस्टमॉर्टम और फॉरेंसिक जांच के लिए रायपुर भेजा।

## एक मोबाइल नंबर से खुला 3 हजार करोड़ का फर्जीवाड़ा

**लुधियाना।** पंजाब के मंडी गोबिंदगढ़ के दो भाइयों ने ऐसा फर्जी कारोबार खड़ा किया, जिसमें न कोई माल खरीदा गया, न बेचा गया, फिर भी कागजों पर हजारों करोड़ रुपए का टर्नओवर दिखा दिया गया। आरोप है कि दोनों भाइयों ने गरीब और जरूरतमंद लोगों के आधार, पैन और वोटर आईडी जुटाकर 27 फर्जी कंपनियां बनाईं। इन कंपनियों के जरिए 720 करोड़ रुपए के फर्जी बिल काटे गए, सरकार से 108 करोड़ रुपए का फर्जी टैक्स लाभ लिया गया और आखिरकार 25 बैंक खातों से 3089 करोड़ रुपए नकद निकाल लिए गए। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस पूरे खेल का भंडाफोड़ किसी मुखबिर ने नहीं, बल्कि अलग-अलग कंपनियों में इस्तेमाल हो रहे एक ही मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी ने किया। घोटाले का यह खेल 2018 में शुरू हुआ और 2024 तक चलता रहा।

## गुजरात में आप विधायक, पत्नी समेत 9 को 7-7 साल की जेल

**नर्मदा।** गुजरात में नर्मदा जिले की एक कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक चैतर वसावा, उनकी पत्नी और 7 अन्य को 7-7 साल जेल की सजा सुनाई है। इन पर वन-विभाग के अधिकारियों से मारपीट और वसूली का आरोप था। सजा के अलावा विधायक की पत्नी और अन्य पर 96 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। कुल 9 आरोपियों में 4 महिलाएं शामिल हैं। मामला 30 अक्टूबर 2023 का है। आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों ने जंगल की जमीन पर हुए अतिक्रमण हटा दिए थे। इस पर वसावा ने पांच अधिकारियों को अपने घर बुलाया था। प्राथमिकी के मुताबिक, चैतर वसावा और उनके साथियों ने अधिकारियों के साथ मारपीट की और उनसे प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा देने के नाम पर वसूली की थी।

## तृषा ने एक्टर विजय को जन्मदिन पर नहीं दी बधाई



**हैदराबाद।** अफेयर की खबरों के बीच एक्ट्रेस तृषा ने सीएम विजय के 52वें जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर कोई विश पोस्ट नहीं की। पिछले साल तृषा ने विजय के जन्मदिन पर उनके साथ की तस्वीर शेयर की थी। साथ ही यह बात भी नोटिस में आई है कि तृषा इंस्टाग्राम पर विजय को फॉलो नहीं कर रही हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों के बीच कथित अनबन की अटकलें तेज हो गई हैं। गौरतलब है कि विजय के तलाक की खबर सामने आने के बाद एक्ट्रेस तृषा का नाम विजय के साथ जुड़ा। हालांकि, विजय और तृषा ने अब तक रिश्ते को लेकर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया। 10 मई को तृषा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में विजय के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुई थीं। वहीं, 4 मई को तमिलनाडु चुनाव रिजल्ट के दिन तृषा विजय के घर भी पहुंची थीं। विजय और तृषा ने 'गिल्ली', 'तिरुपाची', 'आथी' और 'कुरुवी' जैसी फिल्मों में साथ काम किया।

## चांदी 10,566 रु. सस्ती हुई सोना 2,522 रुपये गिरा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 23 जून को गिरावट आई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, एक किलो चांदी 10,566 रुपए घटकर 2.27 लाख रुपए पर आ गई है, जो सोमवार को 2.37 लाख रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,522 रुपए गिरकर 1.45 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले 22 जून को यह 1.47 लाख पर था। सोना के दाम इस महीने 10,748 रुपए और चांदी के 36,015 रुपए गिरे हैं। 1 जून को सोना 1.56 लाख/10 ग्राम और चांदी 2.63 लाख/किलो थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे।

## कतर गैस प्लांट में धमाके से 12 भारतीयों समेत 13 की मौत

**दोहा।** कतर के सबसे बड़े गैस प्लांट रास लाफान के एलएनजी कॉम्प्लेक्स में रविवार शाम विस्फोट हुआ। इसमें 13 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें 12 भारतीय हैं। इसके अलावा 66 लोग घायल हुए हैं। कतर के ऊर्जा मंत्री साद अल-काबी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। अल-काबी ने बताया, विस्फोट रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी स्थित बरजान लोकल गैस सप्लाई फैसिलिटी में हुआ। हादसे में घायल हुए लोगों में भारत, कतर, तंजानिया, पाकिस्तान, गिनी, नेपाल, बांग्लादेश, केन्या और नाइजीरिया के नागरिक शामिल हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह एक हादसा था। इसमें किसी साजिश या जानबूझकर की गई हरकत के संकेत नहीं मिले हैं। उनके मुताबिक, जरूरी मरम्मत के कारण दिसंबर 2025 से प्लांट का उत्पादन पूरी तरह बंद था और इसे सिर्फ दो दिन पहले ही दोबारा शुरू किया गया था।

### पुणे में 'राजा रघुवंशी' जैसा मामला: शादी के लिए बुक था पैलेस और प्लेन...लोहगढ़ किले पर मौत बनी रहस्य

# मंगेतर ने प्रेमी संग रची मौत की साजिश, किले से 400 फीट गहरी खाई में धकेला

**एजेंसी ▶▶ पुणे**

मध्य प्रदेश के राजा रघुवंशी हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया था, जहां पत्नी सोनम पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगा था। अब महाराष्ट्र के पुणे से सामने आए केतन विशाल अग्रवाल की मौत के मामले ने भी इसी तरह के कई सवाल खड़े कर दिए हैं। शुरूआत में जिसे हादसा माना जा रहा था, अब पुलिस उसी घटना की जांच हत्या के एंगल से कर रही है।

पुणे के गहुंजे निवासी 26 वर्षीय युवा कारोबारी और ट्रेकर केतन विशाल अग्रवाल की 18 जून की सुबह महाराष्ट्र के ऐतिहासिक लोहगढ़ किले पर 400 फीट गहरी खाई में गिरने से मौत हो गई थी।




पुलिस के मुताबिक, घटना के समय केतन अपने परिवार और दोस्तों के साथ किले पर गए थे और तस्वीरें ले रहे थे। शुरूआती जांच में तेज हवाओं के कारण संतुलन बिगड़ने से गिरने की बात सामने आई थी और पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया था।

### मंगेतर और दोस्त पर हत्या का आरोप

पुणे पुलिस के अनुसार, केतन की मंगेतर और उसके एक पुरुष दोस्त ने कथित तौर पर उसे गहरी खाई में धकेल दिया और इस घटना को हादसा बताने की कोशिश की। पुलिस ने केतन की मंगेतर और उसके दोस्त को हिरासत में ले लिया है। अब पूरे मामले की जांच हत्या के आधार पर की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने जांच से जुड़ी ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है।

**परिवार ने की थी शादी की तैयारी-** पुलिस के मुताबिक, केतन अग्रवाल की शादी नवंबर में होने वाली थी। दोनों परिवारों ने शादी के लिए राजस्थान के उदयपुर में एक महल भी बुक किया था। केतन अपने परिवार की रियल एस्टेट कंपनी में डायरेक्टर थे। उनकी अचानक मौत ने परिवार और परिचितों को हैरान कर दिया है।
**इतिहास से जुड़ा है लोहगढ़ किला-** लोहगढ़ किला मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के इतिहास से जुड़ा हुआ है। यह महाराष्ट्र के उन 12 किलो में शामिल हैं, जिन्हें यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया गया है।
फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आने वाले दिनों में इस रहस्यमयी मौत से जुड़े और तथ्य सामने आने की उम्मीद है।

केतन अपनी मंगेतर और दो करीबी दोस्तों के साथ लोहगढ़ किले पर पहुंचे थे। यह यात्रा मंगेतर का आने वाला जन्मदिन मनाने के लिए की गई थी। लेकिन मंगलवार को पुणे पुलिस ने मामले में बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि जांच के दौरान कुछ ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिनके आधार पर हत्या की आशंका जताई जा रही है।

### एलएनसीटी ग्रुप के ठिकानों पर ईडी की रेड

# 200 करोड़ की वित्तीय हेराफेरी सामने आने के बाद सर्चिंग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

राजधानी के एलएनसीटी ग्रुप पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम छापेमारी कर रही है। ईडी द्वारा यह कार्यवाही इस ग्रुप में हुई 200 करोड़ रुपए की वित्तीय हेराफेरी के मामले में की जा रही है। यह जांच ग्रुप के भोपाल समेत अन्य शैक्षणिक संस्थानों पर चल रही है।

एलएनसीटी ग्रुप के प्रमोटर चौकसे परिवार पर मध्य प्रदेश की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा 200 करोड़ रु. से अधिक के घोटाले और वित्तीय अनियमितताओं का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद ईडी ने इसे जांच के दायरे में लिया है और अब इस मामले में एनएनसीटी ग्रुप के शैक्षणिक



संस्थानों और अन्य ठिकानों पर सर्चिंग की जा रही है। बताया जाता है कि ईओडब्ल्यू ने अपनी जांच में इस ग्रुप पर छात्रों की फीस, स्कॉलरशिप गबन और शैक्षणिक लोन के दुरुपयोग पर 200 करोड़ की गड़बड़ी पकड़ी थी। यह गड़बड़ भोपाल के अलावा ग्रुप के देश भर में मौजूद अन्य ठिकानों पर भी हुई है। इसलिए सूत्रों का कहना है कि यह कार्यवाही कई अन्य स्थानों पर भी चल रही है।

### छात्रों की फीस व स्कॉलरशिप का गबन

इस ग्रुप के कर्ता धर्ता पर आरोप है कि छात्रों से वसूली गई बस, हॉस्टल फीस और स्कॉलरशिप की राशि, जिसे शैक्षणिक संस्था या छात्रों के खाते में जाना था, उसे चौकसे परिवार की निजी कंपनियों (जैसे- कल्चुरी कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड) के खातों में डायवर्ट कर दिया गया। इसी तरह बैंकों से शिक्षा के नाम पर लिए गए भारी लोन का उपयोग निजी संपत्तियां बनाने और परिवार के सदस्यों के लिए किया गया। साथ ही आस्था फाउंडेशन नामक संस्था और अन्य सोसायटियों के जरिए इस वित्तीय हेराफेरी को अंजाम देने के गंभीर आरोप हैं।

## दिल्ली में 11 साल की मासूम से रेप के बाद की हत्या

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

दिल्ली में गुब्बारे बेचने वाली 11 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गई। सोमवार की सुबह फुटपाथ पर सो रही बच्ची का टैक्सी ड्राइवर ने किडनैप किया था। इसके बाद उसने उसका रेप किया और हत्या कर लाश महरौली के जंगलों में फेंक दी थी।

सोमवार की सुबह करीब 6 बजे परिवार ने पीसीआर कॉल के जरिए महरौली थाने में बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से चार घंटे में ही बबलू नाम के टैक्सी ड्राइवर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बच्ची का शव बरामद कर लिया है।

## विजय नगर में अवंतिका गैस पाइपलाइन में जोरदार धमाका



### महिला समेत 4 लोग गंभीर रूप से झुलसे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

विजय नगर थाना क्षेत्र से एक बड़ी दुर्घटना की खबर सामने आई है। यहां सुमन नगर जैन मंदिर के पास स्थित अवंतिका गैस पाइपलाइन में अचानक जोरदार ब्लास्ट (धमाका) हो गया। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और हड़कंप मच गया।

गैस पाइपलाइन में हुए इस अचानक विस्फोट की चपेट में आने से कुल 4 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि घायलों में विजय पटेल नाम का एक युवक भी है, जो इस ब्लास्ट में बुरी तरह झुलस गया है। दुर्घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

## एक ही परिवार के तीन लोगों की चाकू मारकर हत्या, बड़ी बेटी और उसका बॉयफ्रेंड फरार

**एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु**

बेंगलुरु के केआर पुरम इलाके में एक अपार्टमेंट में एक ही परिवार के तीन लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान 52 साल के सोमसुंदर, उनकी पत्नी 48 साल की मुथुलक्ष्मी और 19 साल की बेटी सुप्रिया के रूप में हुई है।

माता-पिता और छोटी बेटी सोमवार शाम उस फ्लैट पर पहुंचे थे, जहां परिवार की बड़ी बेटी श्वेता और उसका बॉयफ्रेंड केनेथ रहते थे। वहीं पर तीनों के खून से लथपथ शव बरामद हुए। पुलिस को शक है कि बड़ी बेटी और उसके बॉयफ्रेंड ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक, बड़ी बेटी श्वेता पिछले दो महीने से अपने बॉयफ्रेंड के साथ अलग फ्लैट में रह रही थी। परिवार इस रिश्ते के खिलाफ था, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव चल रहा था। परिवार बेटी से मिलने फ्लैट पर पहुंचा। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हुआ। पुलिस का मानना है कि इसी दौरान दोनों आरोपियों ने तीनों पर कई बार चाकू से हमला किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। है। आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की हैं।

### कॉलेज छात्रों ने पीजी मालिक की बैट से पीटकर कर दी हत्या

इधर बेंगलुरु में पीजी मालिक की बैट से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में दो कॉलेज छात्रों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, राकेश और डॉन ब्राइट सन नाम के दो युवक पीजी कैंपस में लगे नल के पानी से अपने पैर धो रहे थे। पीजी मालिक ने इसका विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई।

# मानसून 12 दिन लेट मुंबई पहुंचा, झमाझम बारिश

### दिल्ली में धूल भरी आंधी, दिन में अंधेरा छाया, इसी हफ्ते एमपी-यूपी पहुंच जाएगा

**एजेंसी ▶▶ जयपुर/पटना**

मानसून 12 दिन की देरी के बाद मंगलवार को मुबंई पहुंच गया। आमतौर पर मानसून 11 जून तक मुंबई पहुंच जाता है। मानसून के पहुंचते ही शहर के कई इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम मानसून तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों में आगे बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों में गुजरात और मध्य प्रदेश में पहुंच सकता है। इसके बाद 3-4 दिनों में उत्तर प्रदेश में भी एंट्री होगी।



दिल्ली में मंगलवार दोपहर को धूल भरी आंधी चली। इससे कुछ देर के लिए दिन में ही अंधेरा छा गया। वहीं, मध्य प्रदेश के 17 जिलों में सोमवार को बारिश हुई। छतरपुर में बिजली गिरने से दो लड़कियां झुलस गईं। इनमें से एक की अस्पताल में मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के 6 शहरों में सोमवार दोपहर बाद बारिश हुई। बस्ती में आंधी-बारिश की वजह से पेड़-पोल उखड़ गए। एक पेड़ कार पर गिरा।

### सड़कों और कॉलोनियों में भराया पानी

हैदराबाद में तेज बारिश हुई। कई सड़कों और कॉलोनियों में पानी भर गया। कई इलाकों में बिजली भी गुल रही। मंगलवार सुबह 5 बजे तक केथीरेड्डीपल्ली में 12.9 सेमी, चंदानगर में 12.7 सेमी और लिंगमपल्ली में 11.7 सेमी बारिश दर्ज की गई। मुंबई में भी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग ने गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी दी है। मध्य प्रदेश, विदर्भ और उत्तर प्रदेश को मानसून के लिए एक हफ्ता और इंतजार करना पड़ सकता है।

## कॉकरोच जनता पार्टी दहशतगर्तों की बी टीम : धर्मेंद्र प्रधान

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कॉकरोच जनता पार्टी को दहशतगर्तों की बी टीम बताया। सीजेपी नीट पेपर लीक का विरोध कर रही है और शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग कर रही है। मीडिया संस्थान को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा- जिन्हें डेमोक्रेसी में रिजेक्ट कर दिया गया था, वे भेष बदलकर आए हैं और अब सिस्टम के पीछे पड़े हैं। वे उन लोगों के लिए नारे लगाते हैं जो देश को बांटना चाहते हैं। उनकी पहचान हो गई है। वहीं राहुल गांधी की कोटा में रैली को लेकर प्रधान ने कहा- विपक्ष को सवाल पूछने का अधिकार है। लेकिन री-एग्जाम से तीन दिन पहले कोटा में जाकर दहशत पैदा करते हैं स्टूडेंट्स के मन में भय पैदा करते हैं।

### लखनऊ अग्निकांड में 15 मौतें

## बिल्डिंग ढहाई जाएगी, कोचिंग सेंटरों पर छापेमारी, 44 सील

**एजेंसी ▶▶ लखनऊ**

लखनऊ की 2 मंजिला इमारत में आग लगने की घटना में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार सुबह 11 बजे हादसे की जांच के लिए एसआईटी और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। जांच में पता चला कि जिस इमारत में आग लगी, वह अवैध थी। 2016 में गिराने का आदेश हुआ था। पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर वीरेंद्र समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इधर, अग्निकांड के बाद प्रदेश में कोचिंग-होटलों में पुलिस छापेमारी कर रही है। अब तक 44 कोचिंग और 3 होटल सील कर दिए गए हैं। इनमें फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।

### अयोध्या राम मंदिर: एसआईटी ने शासन को सौंपी रिपोर्ट

# चढ़ावा चोरी से लेकर कमीशन के सुबूत

**एजेंसी ▶▶ अयोध्या**

राम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट एसआईटी ने मंगलवार सुबह अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद को सौंप दी है। रिपोर्ट में चढ़ावा चोरी से लेकर कमीशनखोरी के खेल के सुबूत हैं। मंदिर में कर्मचारियों की नियुक्ति, गणना प्रक्रिया में भी बड़े हेरफेर की आशंका एसआईटी ने जताई है। उससे संबंधित तमाम साक्ष्य जुटाए हैं। गवाहों का भी जिक्र रिपोर्ट में किया गया है।

एसआईटी में शामिल लखनऊ




मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, लखनऊ आईजी रेंज किरन एस और विशेष सचिव वित्त नील रतन सुबह करीब 11 बजे पहुंचे और तीनों अधिकारियों ने गोपनीय जांच रिपोर्ट संजय प्रसाद को सौंप दी। अब यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री के सामने रखी जाएगी।

### चंपत राय, अनिल मिश्रा व गोपाल राव का नाम शामिल

सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर सबसे बड़ा सवाल उठाया गया है। कुछ की भूमिका भी उजागर की गई है। अंदेशा जताया गया है कि वह हेरफेर में शामिल रहे हैं। वहीं कुछ पदाधिकारियों को लापरवाही का दोषी पाया गया। जिनकी निगरानी में चढ़ावा चोरी हुआ। फिलहाल मामले में सबसे अधिक जो पदाधिकारी सवालों के घेरे में हैं, उनमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, अनिल मिश्रा व निर्माण सहायक गोपाल राव का नाम शामिल है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## निरंतर दुर्घटना का दौर

महाआयोजन को देखते हुए धर्मनगरी के आसपास क्षेत्रों में अब विकसित बेहतर सड़कों पर वाहन दौड़ रहे हैं। बराबर राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर की एजेंसियां इन सडकों के निर्माण कर रही है। सड़कों को बराबर उन्नत किया जा रहा है। इसके चलते इन सड़कों पर वाहनों की गति बढ़ती ही जा रही है। परिणाम स्वरूप दुर्घटनाओं की स्थिति भी बराबर सामने आ रही है। एक के बाद एक दुर्घटना धड़ल्ले से हो रही है और लोग काल कवलित हो रहे हैं। शनिवार से शुरू हुआ सड़क हादसों का दौर निरंतर रहा है। तीन दिन में 5 घरों के चिराग बुझे हैं। इनके साथ ही करीब इतने ही लोग गंभीर रूप से घायल हुए जो कि अस्पतालों में मौत से संघर्ष कर रहे हैं। बराबर बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर धीरे-धीरे आक्रोश की स्थिति भी पनपने लगी है। खास ये है कि इन उच्च सड़कों का उन्नयन तो क्षेत्रों में कर दिया गया है लेकिन उन पर सुरक्षा के तमाम मानकों का अब भी अभाव देखा जा रहा है। यही नहीं इन सड़कों पर चलने वाले वाहन चालकों की स्थिति भी नियमों से परे ही है। अधिकांश मामलों में परिवहन के नियमों की अवहेलना की स्थिति सामने दिखाई दे रही है। कई स्थानों पर




सुरक्षा मानकों की कमी भी सामने आ रही है। क्षेत्रीय एवं भौगोलिक स्थिति में भी कुछ स्थल ब्लैक पाईंट बन रहे हैं। अभी तो इनमें से कुछ सड़कें निर्माण के अंतिम दौर में ही हैं और कुछ निमार्णाधीन ही हैं ऐसे में इन सड़कों पर स्पीड नियंत्रण को लेकर मार्गदर्शिका का भी संबंधित क्षेत्रों में अभाव देखा जा रहा है। निर्माण में लगे वाहन बेतरतीब दौड़ रहे हैं। खुसूर-फुसूर है कि अभी तो कई निर्माण जारी ही हैं और ऐसे में दुर्घटनाओं के हाल नियंत्रण से बाहर जाने जैसे हो रहे हैं। ऐसे में निर्माणों की पूर्णता के साथ आखिर क्या होगा। दुर्घटनाओं का यह ग्राफ किस और जाएगा।

## न्यूज कॉलम

### सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाला निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न



**उज्जैन।** सीएम मॉनिट विशेष निधि एवं पार्षद मद की राशि रुपए लगभग 80 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 2 अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमि पूजन सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा क्षेत्रीय पार्षद हेमंत गहलोत, मंडल अध्यक्ष रितेश जटिया, विक्रम ठाकुर, जगदीश अग्रवाल, सत्यनारायण खोईवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 2 अंतर्गत सीएम मॉनिट विशेष निधि एवं पार्षद मद की राशि से वार्ड अंतर्गत नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 80 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण का कार्य करवाया जाएगा जिससे वार्ड के नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 2 महावीर नगर अंतर्गत दूधिया नीम से बावड़ी होकर गढ़कालिका पहुंच मार्ग तक विशेष निधि के तहत 21 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण, पूर्व पार्षद मोहन राठौर के घर के पीछे से गढ़ कालिका पहुंच मार्ग तक विशेष निधि के तहत 29 लाख रुपए की लागत से आरसीसी नाला निर्माण कार्य, रामनगर से गढ़कालिका पहुंच मार्ग तक विशेष निधि के अंतर्गत 11 लाख रुपए की राशि से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण एवं वार्ड क्र. 2 अंतर्गत सांखला आटा चक्की के पास सरदार जी वाली गली में पार्षद मद की राशि रुपए 19 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य करवाया जाएगा इस प्रकार कुल 80 लाख के निर्माण कार्यों की सौगात वार्ड अंतर्गत मिली है भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों का भी पुष्पमाला पहनाकर एवं शाल भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, शानू मेहता, अशोक केथवास, विशाल शर्मा, सुभाष डोडिया, राकेश पंडिया, धर्मेंद्र परिहार, जितेंद्र भाटी, पंकज मिश्रा, आनंद जैन, कविता राठोर, निर्मल दिसावल, मधु सोनी, मोहन राठौर, रूपेश श्रीवास्तव, घनश्याम गौड़, रत्नेश साहनी एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

### ओंकारेश्वर राज परिवार के राव जितेंद्र सिंह का हृदय गति होने से स्वर्गवास

**उज्जैन।** ओंकारेश्वर राज परिवार से स्व. राव शैलेंद्र सिंह के सुपुत्र राव जितेंद्र सिंह का मंगलवार को हृदय गति होने से स्वर्गवास हो गया। वह काफी चर्चित चेहरा रहे।



सामाजिक काम राजनीतिक धार्मिक मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी राव पुष्पेंद्र सिंह के अच्छे चेहरे भाई थे। आदिवासी समाज धर्मशाला एवं काफी योगदान रहा। कुछ पूर्व पश्चात उनकी पत्नी का भी निधन हो गया। अपने पीछे केवल एक पुत्री को छोड़कर गए। वैसे भरा पूरा परिवार है समस्त ओंकारेश्वर के लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां इस परिवार की अंतईश्तियां होते हैं। कोटि तीर्थ घाट के ऊपर अग्नि संस्कार उनकी पुत्री ने संस्कार किया।

### सिंहस्थ से पूर्व श्री महाकाल मंदिर परिसर में श्रद्धालु सुविधा पर चल रहा नया काम

# शुरू होगी डिजिटल लॉकर प्रणाली क्यूआर कोड से खुलेगा सामान

## इस नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालुओं को मोबाइल, जूता-चप्पल और अन्य सामान रखने की सुविधा मिलेगी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सिंहस्थ-28 के पूर्व विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। मंदिर प्रबंध समिति जल्द ही परिसर में अत्याधुनिक सशुल्क डिजिटल लॉकर सुविधा शुरू करने जा रही है। इस नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालुओं को मोबाइल, जूता-चप्पल और अन्य सामान रखने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा। मंदिर समिति ने इसके लिए निजी एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

यह पूरी व्यवस्था आधुनिक तकनीक पर आधारित होगी। श्रद्धालुओं को केवल क्यूआर कोड स्कैन करना होगा, अपनी भाषा चुननी होगी और मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। डिजिटल भुगतान के बाद उन्हें एक विशेष




क्यूआर कोड या ओटीपी मिलेगा, जिसके माध्यम से वे अपना सामान सुरक्षित रख सकेंगे और वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस प्रोजेक्ट में वेब-आधारित प्लेटफॉर्म, मोबाइल एप, ऑनलाइन पेमेंट और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी, जिससे मंदिर प्रशासन एक क्लिक पर लॉकर की उपलब्धता और आय की निगरानी कर सकेगा।

### शुल्क पर मंदिर समिति का नियंत्रण होगा

फिलहाल लॉकर सुविधा के शुल्क को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। निविदा प्रक्रिया के बाद वेंडर के आने पर शुल्क का निर्धारण मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक द्वारा किया जाएगा। मंदिर समिति के पास शुल्क की अधिकतम सीमा तय करने और उसे नियंत्रित करने के पूर्ण अधिकार होंगे। चयनित एजेंसी को 24 घंटे सेवा प्रदान करने के साथ ही साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और आपदा प्रबंधन के कड़े मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### प्रतिबंध सख्ती से लागू हो सकेंगे

वर्तमान में सुरक्षा कारणों से मंदिर में मोबाइल और अन्य वस्तुओं पर प्रतिबंध है, जिसके चलते श्रद्धालुओं को सामान रखने के लिए अलग-अलग स्थानों पर भटकना पड़ता है। नई डिजिटल प्रणाली से यह प्रक्रिया सुव्यवस्थित और पारदर्शी हो जाएगी। यदि यह परियोजना समय पर लागू होती है, तो महाकाल मंदिर उन चुनिंदा धार्मिक स्थलों में शामिल हो जाएगा जहाँ तकनीक-संचालित लॉकर सुविधा श्रद्धालुओं को एक बेहतर अनुभव प्रदान करेगी।

### अब एक मोबाइल नंबर पर तीन महीने में सिर्फ एक बार अनुमति

भगवान महाकाल की भस्म आरती में बार-बार अनुमति लेने वालों पर अब मंदिर समिति ने सख्ती कर दी है। अब एक बार अनुमति लेने के बाद उसी मोबाइल नंबर से दोबारा बुकिंग के लिए 90 दिन का इंतजार करना होगा। नए नियम के तहत अब कोई भी श्रद्धालु, चाहे आम हो या प्रोटोकॉल वाला, एक मोबाइल नंबर से तीन महीने में केवल एक बार ही भस्म आरती की अनुमति ले सकेगा। वर्ष 2024 में भी तत्कालीन कलेक्टर नीरज सिंह ने भस्म आरती की बुकिंग में धांधली की शिकायतों के बाद एक आधार और एक मोबाइल नंबर से तीन महीने में एक बार अनुमति का नियम बनाया था। कुछ समय तक ये व्यवस्था चली, लेकिन बाद में बंद कर दी गई थी। महाकाल मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक ने साफ किया कि यह व्यवस्था पहले से लागू है। अब इसे और प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है ताकि आम श्रद्धालुओं को भी आसानी से दर्शन का मौका मिले। इस नियम से उन आम भक्तों को फायदा होगा जो महीनों तक ऑनलाइन बुकिंग नहीं कर पाते थे। अब वीआईपी और बार-बार दर्शन करने वालों की मोनोपॉली भी टूटेगी। मंदिर समिति का दावा है कि इससे भस्म आरती में पारदर्शिता बढ़ेगी।

### निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने दिए निर्देश, महाकाल की राजसी सवारी के पूर्व

# चौड़ीकरण कार्य पूर्ण करना लक्ष्य रखते हुए कार्य करें

## निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर निगम आयुक्त ने लगाई 5 लाख की पैनल्टी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 के तहत श्रद्धालुओं की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न मार्गो के चौड़ीकरण कार्य प्रचलित है निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निगम आयुक्त द्वारा नियमित रूप से चौड़ीकरण कार्यो का निरीक्षण किया जा रहा है।



आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा सोमवार रात्रि में कंठाल चौराहे से छत्रीचौक तक प्रचलित चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा सम्बंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि भगवान श्री महाकालेश्वर की राजश्री सवारी से पूर्व कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य को किया जाए। आपने प्रतिदिन के कार्य की प्रगति रिपोर्ट की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि कंठाल चौराहे से सती गेट मकानों के हटाने के पश्चात मौजूद मलबे को रात्रि के समय सम्बंधित ठेकेदार द्वारा अपने संसाधनों एवं मैन पावर को बढ़ाकर हटाने का कार्य किया जाए, प्री मानसून बारिश को दृष्टिगत रखते हुए मार्ग पर चूरम को बिछाये ताकि मार्ग पर फिसलन नहीं हो, निरीक्षण के दौरान सती गेट से सराफा मार्ग पर प्रीकास्ट ड्रेन का कार्य धीमी गति ये होना पाये जाने पर तथा पेवर ब्लॉक कार्य में मौजूद लेबर नहीं पाए जाने पर निगम आयुक्त द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण एजेंसी पर 5 लाख का जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त द्वारा छत्री चौक से सत्यनारायण मंदिर तक चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान मार्ग पर विद्युत पोल शिफ्टिंग के साथ नाली निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, निगम आयुक्त मिश्रा द्वारा सम्बन्धित ठेकेदार को निर्देशित किया कि छत्री चौक से ढाबा रोड पर रात्रिकालीन शिफ्ट में सीआरएम कर शीघ्र डीएलसी का कार्य शीघ्र पूर्ण करें, मार्ग के कमरी मार्ग चौराहे पर नाली निर्माण के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित पाए जाने पर वैकल्पिक पाइप लाइन से पानी की निकासी करे, बारिश के दौरान ठेकेदार ढाबा रोड से सत्यनारायण मंदिर तक चूरम का उपयोग मार्ग पर करें ताकि मार्ग पर कीचड़ नहीं हो।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, एसडीएम लक्ष्मी नारायण गर्ग, अधीक्षणयंत्री यंत्री आर के जैन, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, सहायक यंत्री डी एस परिहार भवन अधिकारी राजकुमार राठौर उपयंत्री राजेंद्र रावत, एवं सम्बन्धित कार्य के ठेकेदार कंसल्टेड मौजूद रहे।

- निगम आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्ग के छोटा सराफा से छत्री चौक तक निगम द्वारा चिह्नित भवनों एवं दुकानों के निशान के अंतर्गत तुड़ाई कार्य को शीघ्र पूर्ण कर नाली निर्माण की गति को बढ़ाए, साथ ही सती गेट पर शेष मकानों को हटाने के साथ स्थानीय रहवासियों से समन्वय कर चौड़ीकरण कार्य को गति प्रदान करे। छत्री चौक चौराहे पर अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश निगम आयुक्त द्वारा दिए गए।
- निगम आयुक्त ने बताया कि बाबा महाकाल की राजश्री सवारी के पूर्व निगम द्वारा कंठाल चौराहे से छत्री चौक तक चौड़ीकरण कार्य पूर्ण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है, स्थानीय नागरिकों के सहयोग के साथ निगम के सभी अधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए दिन रात कार्य कर रहे है बारिश के दौरान जलभराव की निकासी के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

# पर्यटन बोर्ड द्वारा पंडे-पुजारियों पर टिप्पणी को लेकर नाराजगी




## अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने दी एफआईआर और मानहानि की चेतावनी, कहा-माफी मांगें

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

ग्वालियर स्थित भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान टूरिज्म बोर्ड की ओर से पंडे-पुजारियों को लेकर की गई टिप्पणी पर अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने कड़ा विरोध जताया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने संस्था से बयान वापस लेकर सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा नहीं होने पर संस्था के खिलाफ मानहानि और एफआईआर जैसी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

महेश पुजारी ने बताया कि टूरिज्म बोर्ड के हवाले से प्रकाशित एक खबर में कहा गया था कि सिंहस्थ के दौरान पंडे-पुजारी श्रद्धालुओं के साथ नो-नो न करें और ड्राइवर मनमानी न करें, बल्कि मुस्कुराकर जय महाकाल बोलें। महासंघ ने इस टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए पंडे-पुजारी नो-नो शब्द का स्पष्ट अर्थ बताने की मांग की है।

महेश पुजारी ने कहा कि तीर्थ स्थल और मंदिरों की परंपरा व व्यवस्था में पंडे-पुजारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। देशभर से आने वाले श्रद्धालु अपने पारंपरिक पंडों के माध्यम से धार्मिक कर्मकांड करवाते हैं और ब्राह्मणों से आशीर्वाद लेते हैं। उन्होंने दावा किया कि श्रद्धालुओं के साथ पुजारियों का व्यवहार हमेशा सम्मानजनक और विनम्र रहता है।

### कल विशेष फलदायी निर्जला एकादशी

# श्रीहरी विष्णु भगवान को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु रखेंगे व्रत

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

हर साल ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला व्रत रखा जाता है। वैसे तो सभी एकादशियों का फल विशेष फलदाई होते हैं। परंतु निर्जला एकादशी का बहुत ही अधिक महत्व बताया गया है।

माना जाता है कि इस एकादशी के व्रत को करने से सभी एकादशी का व्रत करने समान फल की की प्राप्ति होती है। यानि साल 24 में एकादशी होती है इस साल 26 एकादशी है अधिकमास होने के कारण ,बताते है इन सभी एकादशियों का फल निर्जला एकादशी के व्रत से ही मिल जाता है।

इस एकादशी पर निर्जल व्रत करने का विधान है यानि कुछ खाया-पिया नहीं जाता है भूखे प्यासे रहकर बिना अन्न पानी के इस व्रत को किया जाता है। अगले दिन यानी द्वादशी तिथि को स्नान



कर श्रीहरी विष्णु भगवान की पूजा करने के बाद ही अन्न-जल ग्रहण व्रत का पारण किया जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि 25 जून गुरुवार को निर्जला एकादशी का व्रत किया जाएगा।

### देवास रोड पर फोरलेन परियोजना की जमीनी हकीकत सामने आई

# प्रतिदिन बन रही जाम की स्थिति

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

देवास रोड पर सोमवार को जो दृश्य दिखा, उसने फोरलेन परियोजना की जमीनी हकीकत उजागर कर दी। सड़क के एक हिस्से पर दर्जनों दोपहिया और चारपहिया वाहन कतारबद्ध खड़े थे, जबकि बचे हुए संकरे हिस्से से दोनों दिशाओं का ट्रैफिक निकालने की कोशिश हो रही थी। नतीजा यह रहा कि यहां तीन घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही और सैकड़ों लोग परेशान होते रहे।

फोरलेन निर्माण के चलते मार्ग के दूसरे हिस्से में डामरीकरण और बिजली कंपनी का काम चल रहा है। इसलिए फिलहाल इसी हिस्से से दोनों ओर का आवागमन संचालित किया जा रहा है। लेकिन जिस सड़क पर यातायात चलना चाहिए था, उसका बड़ा हिस्सा अवैध पार्किंग ने घेर रखा है। तस्वीर में साफ दिखाई देता है कि सड़क किनारे खड़े वाहन ट्रैफिक के लिए उपलब्ध जगह को लगातार कम कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कार शोरूम के पास आने वाले ग्राहकों और कर्मचारियों के वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है। परिणामस्वरूप दोपहिया और चारपहिया वाहन सीधे मुख्य मार्ग पर ही खड़े किए जा रहे हैं। इसके अलावा आसपास लगने वाले फल, सब्जी और चाय-नाश्ते के ठेले भी सड़क की उपयोगी चौड़ाई कम कर रहे हैं । ऐसे में थोड़े से ट्रैफिक दबाव में भी वाहन रेंगने लगते हैं।

विडंबना यह है कि जिस देवास रोड पर वर्षों तक सिंगल लेन होने के कारण जाम की समस्या रही, उसी समस्या के समाधान के लिए सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर फोरलेन सड़क बना रही है। लेकिन सड़क चौड़ी होने के बावजूद यदि उसका हिस्सा पार्किंग और अतिक्रमण की भेंट चढ़ जाए तो विकास का उद्देश्य अधूरा ही रह जाएगा।

### समस्या केवल देवास रोड तक सीमित नहीं

यह समस्या केवल देवास रोड तक सीमित नहीं है। फ्रीगंज क्षेत्र में भी कई बड़े अस्पताल, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और संस्थान अपनी पार्किंग की जिम्मेदारी सड़क और फुटपाथ पर छोड़ चुके हैं। एसएस हास्पिटल सहित कई स्थानों पर सड़क किनारे खड़े वाहन आम दृश्य बन चुके हैं। पैदल चलने वालों के लिए बने फुटपाथ तक वाहनों और अतिक्रमण के कब्जे में हैं।

### नगर निगम और यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

सबसे बड़ा सवाल नगर निगम, यातायात पुलिस और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर है। जब करोड़ों रुपये की सड़क परियोजनाओं के साथ पार्किंग प्रबंधन और अतिक्रमण नियंत्रण की व्यवस्था नहीं होगी, तब जाम की समस्या खत्म होने के बजाय नए रूप में सामने आती रहेगी। जनता अब पूछ रही है कि यदि फोरलेन बनने के बाद भी सड़क पर चलने की जगह नहीं बचेगी तो फिर विकास कार्यों पर खर्च हुए करोड़ों रुपये का लाभ आखिर किसे मिलेगा।

### विश्वविद्यालय के कला शिक्षा विभाग की यह प्रस्तुति रंगमंच के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई है — कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कला शिक्षा विभाग द्वारा परिकृति संस्था के सहयोग से शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति वतन तेरे लिए का अभिरंग नाट्यगृह, कालिदास संस्कृत अकादमी में अत्यंत भावपूर्ण एवं सफल मंचन किया गया। यह प्रस्तुति न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन रही, बल्कि राष्ट्रप्रेम, बलिदान और ऐतिहासिक चेतना का सशक्त संदेश भी बनकर उभरी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकतंत्र सेनानी श्री ठाकुर भानु प्रताप सिंह पंवार रहे।

प्रस्तुति के दौरान पूरा सभागार देशभक्ति के जज्बे से ओत-प्रोत दिखाई दिया और दर्शकों ने खड़े होकर जोरदार तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय के कला शिक्षा विभाग की यह प्रस्तुति मील का पत्थर साबित हुई है, जो विद्यार्थियों की प्रतिभा, समर्पण और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कला शिक्षा विभाग की स्थापना को विश्वविद्यालय की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह पहल विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को नई दिशा दे रही है।

नाटक के लेखक एवं निर्देशक सतीश दवे ने अपने सशक्त निर्देशन के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा को जीवंत कर दिया। प्रस्तुति में भगत सिंह के जन्म से लेकर उनकी शहादत तक के महत्वपूर्ण प्रसंगों को अत्यंत प्रभावी ढंग से मंचित किया गया। जलियांवाला बाग हत्याकांड, लाला लाजपत राय की शहादत का प्रतिशोध, असेंबली बम कांड, जेल संघर्ष और अंतिम बलिदान जैसे जीवंत दृश्यों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### दिगंबर जैन खरौआ समाज का मिलन समारोह संपन्न

**इंदौर।** श्री दिगंबर जैन खरौआ समाज का जून माह का मिलन समारोह रविवार को एक्वा इमैजिका वाटर पार्क में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष श्री नवीन जी जैन ने की। कार्यक्रम में समाज के लगभग 300 सदस्य परिवार सहित सम्मिलित हुए। बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठजनों ने एक साथ वाटरपार्क का आनंद उठाया और मनोरंजक खेलों में सहभागिता की। समाज पदाधिकारी राहुल जैन ने बताया कि इस मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी, परिवारों और समाजजन को आपसी सौहार्द के साथ जोड़कर रखना है। खरौआ जैन समाज द्वारा इस प्रकार के मिलन समारोह समय-समय पर आयोजित किए जाते रहते हैं, ताकि सामाजिक एकता और परस्पर संवाद को बढ़ावा मिल सके।

### इंदौर के अधिकारी और कर्मचारियों को दिया धन्यवाद

**इंदौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला ने अपने सेवानिवृत्ति पर उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के अपने कार्यकाल के दौरान प्राप्त सहयोग, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रजिस्ट्रार अनूप कुमार त्रिपाठी, ओएसडी नीरज मालवीय तथा कर्मचारी संघ अध्यक्ष विंदेश रायकवार सहित उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर न्यायमूर्ति शुक्ला ने कहा कि न्यायालय की कार्यप्रणाली को प्रभावी एवं सुचारु बनाए रखने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है तथा उनके सहयोग के बिना न्यायिक दायित्वों का सफल निर्वहन संभव नहीं है।

### राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने चीता मित्रों से किया संवाद

**इंदौर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने अपने दो दिवसीय कूनो नेशनल पार्क के प्रवास के दौरान सोमवार को चीता मित्रों से संवाद कर चीता संरक्षण के प्रयासों की जानकारी ली। राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा चीतों की सुरक्षा और आमजन के बीच चीतों के व्यवहार को लेकर किये जा रहे जन-जागरूकता के प्रयासों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने सभी चीता मित्रों से वन-टू-वन चर्चा कर परियोजना के लिए उनके द्वारा मानसेवी रूप से किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को चीता मित्रों ने अवगत कराया कि कूनो नेशनल पार्क से लगे सभी ग्रामों में चीता मित्र मौजूद है, जिनके द्वारा चीतो की सुरक्षा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। चीतों के आबादी क्षेत्र में आवागमन की स्थिति पर किये जाने वाले कार्यों के संबंध में सभी को अवगत कराया गया है।

### फ्लाईओवर निर्माण में बाधा बने अतिक्रमण हटाए गए



**इंदौर।** इंदौर के देवास नाका फ्लाईओवर निर्माण में बाधक बने अतिक्रमण को आज जिला प्रशासन, इन्दौर नगर निगम तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संयुक्त सहयोग से हटाया गया। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संभाग इन्दौर अंतर्गत देवास नाका चौराहे पर 6 लेन फ्लाईओवर निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के तहत देवास नाका चौराहे से मांगलिया की ओर बाईं तरफ स्थित लगभग 30 से 35 दुकानों के अतिक्रमण के कारण फ्लाईओवर एवं सर्विस रोड निर्माण कार्य बाधित हो रहा था। इस संबंध में संबंधित दुकानदारों द्वारा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई थी। उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन इन्दौर को दुकानदारों द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों का परीक्षण एवं निराकरण कर नियमानुसार कार्रवाई किया जाना था। कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा आवेदकों की आपत्तियों का नियमानुसार निराकरण किया गया। इसके बाद अधिकांश दुकानदारों ने स्वयं अपने अतिक्रमण हटा लिए, जबकि शेष अतिक्रमण को आज 22 जून को जिला प्रशासन, इन्दौर नगर निगम तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संयुक्त सहयोग से हटाया गया।

### गंभीर नदी पुनर्जीवन अभियान का वैज्ञानिक मूल्यांकन होगा

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के नेतृत्व एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में संचालित गंभीर नदी पुनर्जीवन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों के प्रभाव का वैज्ञानिक मूल्यांकन करने के उद्देश्य से गंभीर नदी के जलग्रहण क्षेत्र में स्थित लगभग 50 चयनित कुँओं के जलस्तर का पूर्व मानसून सर्वेक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा के नेतृत्व में गंभीर नदी पुनर्जीवन अभियान केवल जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके परिणामों का वैज्ञानिक मूल्यांकन कर भविष्य की रणनीति तैयार करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है। जनपद पंचायत महू इस अभियान को जनभागीदारी एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### 13 से अधिक संस्थानों पर कार्रवाई करते हुए किया गया सील

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा सोमवार को आयोजित बैठक में दिए गए निदेर्शों के परिपालन में तथा लखनऊ में हुए दर्दनाक अग्निकांड के बाद इंदौर प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। शहर के कोचिंग सेंटरों, रेस्टोरेंट्स और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी नियमों की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में भंवरकुआं और गीता भवन क्षेत्र में एक ही दिन में 13 से अधिक संस्थानों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया गया। प्रशासनिक टीम ने सबसे पहले भंवरकुआं स्थित कैटेलाइजर कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। यहां फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन की शिकायतें मिली थीं। जांच के दौरान आग से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण नहीं मिले और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं पाए गए।

अब एक ट्रिप के साढ़े 3-4 हजार के साथ 200 रूपए प्रति घंटा एक्स्ट्रा चार्ज भी

# ओंकारेश्वर जाना-आना हुआ महंगा, 12 घंटे से ज्यादा हुए तो एक्स्ट्रा चार्ज

## बाहर से आने वाले श्रद्धालु इंदौर से टैक्सी स्वयं लेने लगे, शहर में मनमाना चार्ज शुरू हुआ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देश भर के श्रद्धालुओं के लिए अब श्री महाकालेश्वर दर्शन के साथ कार टैक्सी से ओंकारेश्वर दर्शन महंगा पडने लगा है। कार टैक्सी संचालकों ने अपने टैरिफ ऐसे तय कर दिए हैं कि उससे श्रद्धालुओं जेब पर फटका लगना तय है। ऐसे में बाहर से आने वाले श्रद्धालु उज्जैन की बजाय अब इंदौर से कार टैक्सी लेना पसंद कर रहे हैं। उज्जैन से संचालित टैक्सी वालों ने 12 घंटे के टूर के बाद लगने वाले प्रत्येक घंटे के लिए सरचार्ज 200 रूपए शुरू कर दिया है।

1श्री महाकालेश्वर मंदिर में देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होने के साथ ही अब यहां व्यवसाई मनमानी के स्तर पर उतर आए हैं। नगर भ्रमण में ई-रिक्शा और आटो में मनमानी का आलम चल ही रहा है और इस पर कार टैक्सी वालों ने भी अपनी मनमानी शुरू कर दी है। इसी के तहत मनमानी के तहत ट्रीप चार्ज के साथ अब एक्स्ट्रा चार्ज की शुरूआत भी हो चुकी है।




**■ हरिफाटक ब्रिज क्षेत्र में जम रही कार टैक्सी-** उज्जैन से ओंकारेश्वर जाने आने के लिए कार टैक्सियों का जमावडा हरिफाटक ब्रिज क्षेत्र में हो रहा है। खास बात यह है श्रद्धालुओं से किसी भी विवादित स्थिति में तत्काल उन्हें घेर लिया जाता है और मामले को एक पक्षीय बनाकर दबाव में ले लिया जाता है। परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के नियंत्रण अभाव के कारण इसकी प्रवृत्ति दिन प्रति दिन बढती जा रही है।

### पहले महाकाल आते हैं श्रद्धालु

देश भर से आने वाले श्रद्धालु सबसे पहले महाकाल के दर्शन को आते हैं। यहां दर्शन एवं आरती करने के उपरांत सुबह के समय श्रद्धालु ओंकारेश्वर के लिए रवाना होते हैं। शहर से करीब 125 किलोमीटर के दायरे में ओंकारेश्वर जाने के लिए अधिकांश स्थितियों में 3-4 सवारी ही रहती है। ऐसे में हल्की कार एवं जीप की दर साढे तीन से4 हजार रूपए ट्रीप तय रहती है। इसमें टोल एवं अन्य सभी खर्च टैक्सी संचालक ही उठाते रहे हैं।

### इंदौर में रूक रहे वहीं से टैक्सी

उज्जैन में श्रद्धालुओ के साथ मनमानी की वसूली के कारण अब माहौल बदलने लगा है। देश भर से आने वाले श्रद्धालु अब इंदौर में आकर होटलों एवं गेस्ट हाउस में रूकने लगे हैं और वहीं से कार टैक्सी लेकर देर रात में उज्जैन आकर आरती में शामिल होते हैं और सुबह यहां से रवाना होकर ओंकारेश्वर दर्शन के लिए निकल जाते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को फायदा हो रहा है। इससे उज्जैन को आर्थिक रूप से जो मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है।

### 12 घंटे बाद 200 रूपए प्रति घंटा चार्ज

तय ट्रीप चार्ज के अतिरिक्त पिछले कुछ दिनों से टैक्सी संचालकों ने 12 घंटे उपरांत 200 रूपए प्रति घंटा सवारी से वसूलना शुरू कर दिया है। ऐसे में देश भर से आने वाले श्रद्धालु अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। गुडगांव से आए मनेन्द्रसिंह का कहना है कि तय ट्रीप चार्ज के अनुसार ही टैक्सी संचालकों को अच्छी खासी राशि मिल रही है। इसके बावजूद 12 घंटे उपरांत 200 रूपए प्रति घंटे के चार्ज से श्रद्धालु से वसूली की जाना गलत है। 2 बाय 2 की कार का वैसे ही अच्छा खास चार्ज दिया उस पर भी अलग से 400 रूपए देना पडे। हरिफाटक रोड पर से ही हमने टैक्सी ली थी और गए थे। कार टैक्सी वाले ने पहले तो यह नहीं बताया। वापसी में रात 11 बजे लौटे तो बोलने लगा कि 2 घंटे का अतिरिक्त चार्ज देना पडेगा।

### इन कारणों से लग रही देर

देश भर से आने वाले श्रद्धालु उज्जैन श्री महाकालेश्वर दर्शन के उपरांत सुबह 9-10 बजे ही श्री ओंकारेश्वर दर्शन के लिए कार टैक्सी से रवाना होते हैं। अधिकांश श्रद्धालु आनलाईन बुकिंग नहीं करते हैं या उन्हें जानकारी का अभाव होता है। मेरठ से आए जीएस जाट ने बताया कि हमें दो ज्योर्तिलिंग करने थे। श्री महाकाल की बुकिंग कर ली थी। ओंकारेश्वर में सामान्य रूप से दर्शन की जानकारी थी। वहां भी जमकर भीड थी। लाईन में लगना पडा जिससे देरी हुई। करीब 3 घंटे में दर्शन हुए । उज्जैन से इंदौर और ओंकारेश्वर का मार्ग निर्माण भी चल रहा है। इसके चलते वाहन धीमी गति से और कई बार जाम के कारण समय लगा। इस वजह से सुबह 10 बजे निकले और देर रात वापसी होने पर तीन घंटे का अतिरिक्त शुल्क लिया गया।

प्लॉट की कथित फर्जी रजिस्ट्री व बिक्री की शिकायत को लेकर

# एंबुलेंस से कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचीं बुजुर्ग महिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला एंबुलेंस से अपनी शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचीं। इस दौरान जब इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने बुजुर्ग महिला को एंबुलेंस से कार्यालय पहुंचते देखा, तो उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाकर उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली। साथ ही परिजनों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायत का जल्द निराकरण किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि 80 वर्षीय अनीश फातिमा का इंदौर के गांधीनगर क्षेत्र में एक प्लॉट था। पति के निधन के बाद वह अपने परिजनों के पास उत्तर प्रदेश के बिजनौर चली गई थीं। इंदौर स्थित संपत्ति की देखरेख की जिम्मेदारी उन्होंने अपने परिचितों को सौंप दी थी। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोगों ने गांधीनगर संस्था के अध्यक्ष फूलचंद पांडे के सहयोग से प्लॉट से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कर लिए और उन दस्तावेजों के आधार पर अनीश फातिमा का प्लॉट बेच दिया।



जब बुजुर्ग महिला को इस मामले की जानकारी मिली, तो उन्होंने गांधीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि पुलिस ने केवल धोखाधड़ी (धारा 420) का मामला दर्ज कर औपचारिकता पूरी कर दी और मामले की गहराई से जांच नहीं की। इसके बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से दोबारा शिकायत की, लेकिन जांच के बाद पुलिस ने मामला बंद कर दिया।

इससे नाराज अनीश फातिमा मंगलवार को एंबुलेंस से अपने परिजनों के साथ कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचीं और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए आवेदन सौंपा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने उन्हें आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक और उचित कार्रवाई की जाएगी।

### तय किया एक हजार किलोमीटर का सफर

वृद्ध महिला की बेटी व दामाद को जब पता चला कि शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, तो वे एक हजार किलोमीटर का सफर एम्बुलेंस में तय कर पहुंचे और परिजनों ने जनसुनवाई में शिकायत की। कलेक्टर शिवम वर्मा को जब यह पता चला, तो वे परिसर में खड़ी एम्बुलेंस तक पहुंचे। परिजन व वकीलों ने बताया कि महिला के भतीजे व अन्य रिश्तेदारों ने फर्जी कागजात तैयार कर प्लॉट पर कब्जा कर लिया। इसके लिए उन्होंने गांधी नगर सोसायटी के कुछ पदाधिकारियों की मदद भी ली। इसके बाद प्लॉट पर कब्जा कर लिया।

### आठ साल से नहीं हो रही सुनवाई

प्लॉट पर आठ साल से कब्जा है, जबकि अनीश फातिमा के नाम प्लॉट की रजिस्ट्री भी है और उनके नाम नामांतरण भी है। कई बार इस मामले में शिकायत की, लेकिन नतीजा नहीं निकला। इसके बाद बीमार अवस्था में ही इंदौर लाने का फैसला लिया गया। कलेक्टर ने दस्तावेजों की जांच कर कार्रवाई करने का फैसला लिया है।

## मानसून की आहट पर परिवहन विभाग सख्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मानसून की पहली बारिश के साथ ही अब इंदौर की सड़कों पर बसों की रफ्तार और सुरक्षा पर परिवहन विभाग की पैनी नजर रहेगी। संभावित अतिवर्षा और बाढ़ जैसी चुनौतियों के बीच यात्रियों का सफर सुरक्षित रहे, इसे सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) प्रदीप कुमार शर्मा ने बस ऑपरेटरों को दो टूक लहजे में कड़े निर्देश दिए हैं। आरटीओ ने महत्वपूर्ण बैठक आहूत की जिसमें सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की चेतावनी दी गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पुल या पुलियों पर जलभराव की स्थिति में चालक किसी भी हाल में बस को जोखिम में न डालें। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी चेतावनियों का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य होगा। श्री शर्मा ने कहा कि बारिश में सड़कों पर फिसलन का खतरा सबसे अधिक होता है, इसलिए चालकों को अचानक या तेज ब्रेक लगाने से बचने की सख्त हिदायत दी गई है। उन्होंने बस चालकों से अन्य वाहनों के साथ उचित दूरी बनाए रखने का आग्रह किया ताकि आपात स्थिति में वाहन को सुरक्षित रोका जा सके।

सभी भाजपा नेता भ्रष्ट हैं... जीतू पटवारी के बयान से सियासत गरम

# महापौर का पलटवार- 'एक भी फर्जी भुगतान साबित कर दें, मैं इस्तीफा दे दूंगा'

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और महापौर पुष्यमित्र भार्गव के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। नगर निगम में भ्रष्टाचार और विकास कार्यों के भुगतान को लेकर लगाए गए आरोपों के बाद दोनों नेताओं के बयान राजनीतिक चर्चा का विषय बन गए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नगर निगम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सकारात्मक राजनीति की है। खराब पानी की शिकायत मिलने पर कांग्रेस ने अलग-अलग क्षेत्रों से पानी के सैंपल लेकर जांच कराई, लेकिन इसके बावजूद महापौर ने कांग्रेस पर बयानबाजी की। उन्होंने कहा कि हर वार्ड की नगर निगम की फाइलें सार्वजनिक की जानी चाहिए ताकि जनता देख सके कि किन कार्यों का भुगतान हो चुका है और कौन से काम धरातल पर हुए ही नहीं।

इसी दौरान जीतू पटवारी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ₹भारतीय जनता पार्टी के सारे नेता भ्रष्ट हैं। लोग कहेंगे कि जीतू पटवारी क्या कह रहा है, लेकिन मैं जो कह रहा हूं, सही कह रहा हूं।₹ उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**राजनीतिक माहौल गरम-** जीतू पटवारी के आरोप और महापौर पुष्यमित्र भार्गव की इस्तीफे की चुनौती के बाद इंदौर की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि कांग्रेस अपने आरोपों के समर्थन में कोई दस्तावेज या फाइल सार्वजनिक करती है या नहीं।

### महापौर का पलटवार



जीतू पटवारी के आरोपों पर इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल बेबुनियाद आरोप लगाने की राजनीति कर रही है। महापौर ने कहा कि यदि जीतू पटवारी नगर निगम की एक भी ऐसी फाइल सार्वजनिक कर दें, जिसमें बिना काम हुए भुगतान कर दिया गया हो, तो वह उसी समय महापौर पद से इस्तीफा देने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि इंदौर नगर निगम में सभी विकास कार्य निर्धारित प्रक्रिया, तकनीकी परीक्षण और वित्तीय अनुमोदन के बाद ही भुगतान किए जाते हैं। बिना कार्य पूर्ण हुए भुगतान का आरोप पूरी तरह निराधार है। यदि कांग्रेस के पास कोई ठोस प्रमाण है तो उसे जनता के सामने रखना चाहिए, केवल राजनीतिक आरोप लगाने से सच्चाई नहीं बदलती।

### आदेश का अमल नहीं करने पर पटवारी को किया गया निलंबित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, भरण-पोषण, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता, सामाजिक सुरक्षा, भूमि विवाद एवं अन्य विभागों से जुड़े अनेक आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता और आपातकालीन विषयों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है, ताकि जरूरतमंदों को समय पर राहत मिल सके।

## 200 वर्षों से आयोजित होने वाले कर्बला मेले को नहीं मिली अनुमति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में मोहर्रम के दौरान कर्बला मैदान पर हर वर्ष मेला आयोजित किया जाता है, लेकिन इस बार महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा मेले की अनुमति नहीं दी गई है। बता दें कि पिछले कई दिनों से कर्बला समिति द्वारा अनुमति के लिए इंदौर महापौर और नगर निगम को आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक मंजूरी नहीं मिली है।

जानकारी के अनुसार, जिस स्थान पर मेला आयोजित होता था, उस जमीन को हाल ही में इंदौर नगर निगम ने न्यायालय के फैसले के बाद अपने अधिकार में ले लिया है। अब कर्बला मेले का आयोजन स्थल नगर निगम के अधीन है। इसी कारण कर्बला समिति ने मेले के आयोजन की अनुमति के लिए नगर निगम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन नगर निगम अधिकारियों और महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा अब तक अनुमति नहीं दी गई है। बताया जाता है कि करीब 200 वर्षों से इंदौर के कर्बला मैदान पर मोहर्रम के दौरान मेले का आयोजन होता आ रहा है। यह आयोजन लालबाग पैलेस के समीप स्थित खुले मैदान में होता था, जिसे धोबी घाट के नाम से भी जाना जाता है।

फिलहाल, इस बार कर्बला मेले को अनुमति नहीं मिलने के कारण इंदौर की राजनीति गरमा गई है। वहीं, इस मामले को लेकर राजनीतिक गलियारों में चचाएं हैं कि आने वाले समय में इंदौर नगर निगम के चुनाव होने हैं और इसी को देखते हुए यह मुद्दा सियासी तूल भी पकड़ सकता है। क्या इसी कारण मोहर्रम के दौरान लगने वाले कर्बला मेले को अनुमति नहीं दी गई है? हालांकि, इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब पूरे मामले पर कर्बला मेला समिति आगे क्या कदम उठाती है?

## शिशुकुंज स्कूल झलारिया कैंपस का किचन सील, एक्सपायर मसाले मिले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा को झलारिया कैंपस बाईपास रोड स्थित शिशुकुंज स्कूल के भोजन से बच्चों का स्वास्थ्य खराब होने की शिकायत पालकों से प्राप्त हुई थी। शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर एक संयुक्त जांच दल का गठन कर स्कूल का औचक निरीक्षण किया गया।

जांच दल द्वारा स्कूल के किचन का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान किचन में उपयोग की जा रही खाद्य सामग्री जैसे पनीर, आइसक्रीम, 6 प्रकार के मसाले, शरबत, राजमा, तेल, नमकीन, 4 प्रकार की दालें, दूध, तैयार दाल, तैयार कोफ्ते, कोफ्ते की सब्जी, पके हुए चावल, रोटी और पीने के पानी सहित कुल 23 नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। इन सभी सैंपलों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान स्कूल किचन में एक्सपायरी डेट निकल चुके मसालों के 10 पैकेट और नमकीन के 2 पैकेट पाए गए। जिसका प्रकरण तैयार किया गया। संयुक्त दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूल के किचन को आगामी आदेश तक के लिए सील कर दिया गया है। मामले में नियमानुसार प्रकरण भी तैयार किया गया है।

सिर्फ एक मुस्लिम महिला को मिली जगह

# मप्र में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति घोषित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। इस बार प्रदेश कार्यसमिति में 106 सदस्यों को शामिल किया गया है। इसके अलावा 41 नेताओं को स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। वहीं भाजपा ने फिलहाल विशेष आमंत्रित सदस्यों की नियुक्ति नहीं की है। इधर, 106 सदस्यों में सिर्फ एक मुस्लिम महिला बिलकिस



जहां को प्रदेश कार्य समिति में जगह मिली है। प्रदेश कार्यसमिति में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा को शामिल किया गया है।

इसके अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री दुगार्दास उइके और सावित्री ठाकुर को भी कार्यसमिति में जगह मिली है।मध्यप्रदेश सरकार के मंत्रियों में कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल, राकेश सिंह, संपतिया उइके, विजय शाह, इंदर सिंह परमार, उदय प्रताप सिंह, तुलसीराम सिलावट, एदल सिंह कंसाना, निर्मला भूरिया, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, नारायण सिंह कुशवाह, चेतन कश्यप और कृष्णा गौर को कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है।

न्यूज कालम



## महान शिक्षाविद एवं प्रखर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित

**सनावद/बेड़िया।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक,महान शिक्षाविद एवं प्रखर राष्ट्रवादी डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके कृतित्व का भावपूर्ण स्मरण किया गया। जन प्रतिनिधियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला ने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने अखंड भारत का स्वप्न देखा था।भारत की अखंडता के लिए उनका बलिदान और संकल्प भारतवासियों को सदैव प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। इस दौरान भाजपा नेता दिलीप पटेल,प्रहलाद पटेल,प्रेमलाल सिनगुने,धर्मेंद्र भाटिया,श्याम राठौर, महेश पटवारिया, रामदेव बिरला, अनोकचंद बिरला उपस्थित थे।

## बेडमिंटन खिलाड़ी संजय पाटीदार ने पांचवीं बार जीता खिताब




**सनावद।** धुले (महाराष्ट्र) में आयोजित प्रतिष्ठित बेडमिंटन प्रतियोगिता में नगर के जाने माने बेडमिंटन खिलाड़ी संजय पाटीदार ने 35 एवं 45 वर्ष आयु वर्ग में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए क्रमशः विजेता और उपविजेता का खिताब हासिल किया।विभिन्न बेडमिंटन प्रतियोगिताओं में पाटीदार ने लगातार 5 वीं बार खिताब जीतकर बेडमिंटन जगत में एक नया इतिहास रच दिया है। उल्लेखनीय है कि पाटीदार विगत वर्षों से नगर के नवोदित बेडमिंटन खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। पाटीदार की उपलब्धि पर सनावद बैडमिंटन क्लब के सदस्य सीजी प्रकोल्य,आशीष मित्तल,नवनीत जैन,रामगोविंद बेन,अर्जुन डावर, गणेश पटेल,डॉ. राहुल गुप्ता,कर्तव्य मौर्य,प्रकाश चौहान, डॉ.सुभाष मोरी, मुस्तन अली बोहरा, देवेंद्र पटेल, दुगार्शंकर पाटीदार,विनोद गौर,हार्दिक शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया है।

## कलेक्टर ने तीन लोगों को थाने पर उपस्थिति के दिये आदेश

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने पुलिस अधीक्षक बड़वानी के प्रतिवेदन के आधार पर रमेश उर्फ भय्यू पिता जगर उर्फ जगन्नाथ राठौड़ निवासी सेंधवा को 4 माह की अवधि के लिए थाना सेंधवा शहर में, राजू उर्फ विशाल पिता मंशाराम वास्कले निवासली राजपुर को 6 माह की अवधि के लिए थाना राजपुर में, दारासिंग पिता मगन वसूनिया निवासी टेमला बुजुर्ग को ६ माह की अवधि के लिए थाना राजपुर में उपस्थिति हेतु आदेशित किया है। उल्लंघन होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।

## 24 जून को शाम 6 से रात 9 बजे तक बंद रहेगी बिजली

**सनावद।** बुधवार को प्रस्तावित मॉक ड्रिल के अंतर्गत बुधवार शाम को 6 बजे से लेकर रात ९ बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। मुख्य अभियंता, स्तुष्टष्ट, रूक्ककक्कअ्रष्टरु जबलपुर के पत्र के माध्यम से ब्लैक स्टार्ट मॉक ड्रिल की जाएगी। इंडियन इलेक्ट्रिक ग्रिड कोड 2023 के अनुसार हर हाइडल पावर स्टेशन में साल में कम से कम एक बार ब्लैक स्टार्ट मॉक ड्रिल करनी होती है। ग्रिड फेल होने पर पावर स्टेशन को बिना बाहरी सप्लाई के खुद चालू करने की प्रक्रिया को ब्लैक स्टार्ट कहते हैं। मुख्य अभियंता के आदेश क्रमांक -07-05/आरपीएस 38/977 तहत ब्लैक स्टार्ट मॉक ड्रिल होना है। जिसके चलते 132 एसएसबीसनावद के अंतर्गत आने वाले 33 केवी फीडर ढकल गांव बांगड़दा खरगोन ओंकारेश्वर सनावद पुनासा बडुद ह।ष्ठष्ट बेड़िया ये सारे ३३ केवी फीडर पर शाम 6 बजे से रात ९ बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी जिसके चलते सनावद शहर की बिजली भी बंद रहेगी।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को पद से पृथक करने के आदेश जारी

खण्डवा। एकीकृत बाल विकास परियोजना, खंडवा शहरी के रणजीत वार्ड के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र- पारिजात कन्ट्रोल के सामने में पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती संगीता यादव को पद से पृथक करने के आदेश जारी किए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि कार्यकर्ता श्रीमती यादव द्वारा पिछले काफी समय से अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन एवं विभागीय कार्यों में लापरवाही एवं अनियमितताएं बरती जा रही थी।

## महाकाल मंदिर में 30 जुलाई से 7 सितंबर तक होगा श्रावण महोत्सव,

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 30 जुलाई से 7 सितंबर तक आयोजित होने वाले 21वें अखिल भारतीय श्रावण महोत्सव में प्रस्तुति देने के लिए देशभर के 350 से अधिक कलाकारों ने प्रविष्टि भेजी है। इस बार भी यह आयोजन श्री महाकाल महालोक के नंदी द्वार के समीप स्थित त्रिवेणी संग्रहालय के सभागार में होगा।प्रति शनिवार को रसरंजक शाम में कलाकार गीत, संगीत व नृत्य की प्रस्तुति देंगे। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया मंदिर समिति ने श्रावण महोत्सव में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए थे।

**जब संकल्प बच्चों की मुस्कान के लिए हो, तो हर प्रयास राष्ट्र निर्माण का आधार बन जाता है**

**खंडवा।**अभिनंदन सिटी रामनगर क्षेत्र में प्रतिदिन नियमित संचालित होने वाली योग क्लास में 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर त्रिशक्ति योग क्लास में योग दिवस मनाया गया, योग शिक्षिका दीपा अनमोले ने बताया कि इस अवसर पर योग से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं व खेल गतिविधियो का आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिला शक्ति ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, इस अवसर पर रामनगर क्षेत्र की पार्षद डिंपल चौरसिया ने उपस्थित होकर सभी बहनों को प्रोत्साहित किया।

# बुरहानपुर में केला को मिला 'जीआई टैग' किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिले के प्रसिद्ध केले को भौगोलिक संकेतक (जी-आई) टैग प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जिले के किसानों की मेहनत, जनप्रतिनिधियों के सहयोग और प्रशासनिक प्रयासों का परिणाम है। जीआई टैग मिलने से जिले के किसानों, व्यापारियों और कृषि आधारित उद्योगों को व्यापक लाभ मिलने की संभावना है।

बुरहानपुर जिले में केले की खेती १९६० के आसपास से की जा रही है। जिले की अनुकूल जलवायु, उपजाऊ भूमि और विशेष भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां उत्पादित केला अपने विशिष्ट स्वाद, आकर्षक रंग और उच्च गुणवत्ता के लिए देश-प्रदेश के साथ अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी पहचान रखता है। जिले में वर्तमान में लगभग 18,640 किसान केले की खेती से जुड़े हैं। कुल 26,120 हेक्टेयर क्षेत्रफल में केले की खेती की जा रही है, जिससे लगभग 18,28,400 मीट्रिक टन उत्पादन होता है। बुरहानपुर केले की मांग देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों में भी लगातार बढ़ रही है। केला फसल एक जिला-एक उत्पाद में शामिल है।

विभागीय जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत जिले में 55 से अधिक केला प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना की जा चुकी है। इन इकाइयों में केले से विभिन्न प्रकार के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। जीआई टैग मिलने से इन उत्पादों की मांग में भी वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय उद्योगों को गति मिलेगी। बुरहानपुर केले को जीआई टैग मिलना जिले के कृषि क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### जीआई टैग मिलने के प्रमुख लाभ

जीआई टैग मिलने से बुरहानपुर के केले को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान प्राप्त होगी। इससे किसानों और व्यापारियों को कई लाभ मिलेंगे:

- उत्पाद की ब्रांड वैल्यू में वृद्धि होगी।
- किसानों को उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा।
- नकली और अन्य क्षेत्रों के उत्पादों से संरक्षण मिलेगा।
- निर्यात के नए अवसर विकसित होंगे।
- कृषि आधारित उद्योगों और प्रोसेसिंग इकाइयों को बढ़ावा मिलेगा।
- स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 77 आवेदकों की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बडवानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 77 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में और प्रभावी ढंग करने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को आसानी हो।

**वृद्धावस्था पेंशन दिलवाई जाये**

जनसुनवाई में ग्राम जामली निवासी श्री सोमारिया पिता वेरसिंग ने आवेदन देकर बताया कि ग्राम पंचायत दोंदवाड़ा से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रही है।

इस संबंध में उन्होने सचिव एवं सरपंच से इस संबंध में बात की तो वे बताते है कि उनका बीपीएल का राशन कार्ड नहीं होने से उन्हें वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल पायेगा । इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आवेदन को तहसीलदार सेंधवा को भेजकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

**जाति प्रमाण पत्र बनवाने बाबद**

जनसुनवाई में ग्राम महावीर नगर बड़वानी निवासी अलीम पिता जमालुउद्दीन मंसूरी ने आवेदन देकर बताया कि उनकी बहन हुसैना का विवाह सेंधवा के रहने वाले परवेज के साथ हुआ तथा विवाह से एक पुत्री रीदा फातिमा का जन्म 21 जनवरी 2014 को हुआ । बालिका के जाति प्रमाण पत्र हेतु उन्होने आवेदन १९ सितम्बर २०२३ को किया था । जिसका अभी तक किसी भी प्रकार का निराकरण नहीं हो पाया है। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने उक्त आवेदन को एसडीएम सेंधवा को भेजकर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।

प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि का भुगतान करवाया जाये

जनसुनवाई में ग्राम सौन्दूल निवासी मनोज पिता शांतिलाल ने आवेदन देकर बताया कि उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हे आवास प्राप्त हुआ है। परन्तु आवास मिलने के बाद भी उन्हे योजना के तहत राशि प्राप्त नही हुई है।

ग्राम पंचायत में जानकारी लेने पर संतुष्टिपूर्वक जवाब नही दिया जाता है।इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने उक्त आवेदन को बड़वानी जनपद पंचायत के सीईओ को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

## मोहर्रम को लेकर खंडवा में पुलिस-प्रशासन का फ्लैग मार्च

**खंडवा, ।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से खंडवा पुलिस एवं जिला प्रशासन ने सोमवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। खंडवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक अगम जैन के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान आमजन से पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा लगातार मोहर्रम के आयोजकों के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं। साथ ही जनसंवाद और फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। शहर के अलावा जिले के सभी ग्रामीण थाना प्रभारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आगामी त्योहार के दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं और पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सप्ताहभर का योग शिविर प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास, बड़वानी द्वारा 21 जून से 27 जून तक बीसा नीमा समाज धर्मशाला, सवेरा लॉज परिसर में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन बीसा नीमा समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, आनंद गुप्ता एवं संदीप गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रातः 6 बजे आयोजित योग शिविर में प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया। भारत स्वाभिमान न्यास के योग प्रशिक्षकों ने साधकों को ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया तथा उनके वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्यवर्धक लाभों की जानकारी दी।

समिति के योग शिक्षक राकेश भावसार ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि वैचारिक क्रांति और मानवीय मूल्यों के पुनर्जागरण का सशक्त साधन है। उन्होंने समाज सुधार के सात सूत्र–साधना, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण, व्यसन मुक्ति एवं संस्कार–पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्म-परिष्कार से ही सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण संभव है।

योग प्रशिक्षक सुधीर त्रिवेदी एवं ऋषि उपाध्याय ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है। नियमित योगाभ्यास मानसिक एकाग्रता बढ़ाता है, तनाव कम करता है तथा आंतरिक चेतना को जागृत करता है। वर्तमान तनावपूर्ण जीवनशैली में प्रत्येक व्यक्ति के लिए योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना समय की आवश्यकता है।

भारत स्वाभिमान न्यास के मीडिया प्रभारी एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक लखन विश्वकर्मा ने कहा कि जब व्यक्ति स्वयं योग के माध्यम से स्वस्थ, जागरूक एवं व्यसनमुक्त बनेगा, तभी सशक्त, संस्कारित और समृद्ध समाज की नींव रखी जा सकेगी।

शिविर के समापन सत्र में विश्व शांति, लोककल्याण एवं समस्त मानवता के सुख-समृद्धि की कामना के साथ सामूहिक शांति पाठ किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने समाज को खोखला कर रही कुप्रथाओं एवं नशे से पूर्णतः दूर रहने तथा नियमित योग करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी बाबूलाल काग, कोषाध्यक्ष अनिल नामदेव सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित थे।

## तीन आरोपी जिला बदर किए गए

**खण्डवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने विभिन्न अपराधों में शामिल तीन आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इनमें आरोपी तूफान सिंह पिता जीतसिंह, सिकलीकर निवासी इनपुन थाना मांधाता, आरोपी आबिद उर्फ चिग्गा पिता जाफर निवासी सूरजकुण्ड खण्डवा तथा आरोपी अक्कू उर्फ सुशील पिता पूनमचंद वर्मा निवासी दादाजी वार्ड, खण्डवा शामिल हैं। इन तीनों आरोपियों को आगामी १ वर्ष के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए गए हैं।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**खंडवा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को पंधाना मंडल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बलिदान दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए दिए गए उनके बलिदान को नमन किया गया।इस अवसर पर पंधाना की लोकप्रिय विधायक श्रीमती छाया गोविंद मोरे ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अपना संपूर्ण जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" के संकल्प के लिए डॉ. मुखर्जी ने सर्वोच्च बलिदान दिया, जो देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उनके विचार और आदर्श भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक नींव हैं तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। विधायक छाया मोरे ने कहा डॉक्टर मुखर्जी का संकल्प था कि कश्मीर से धारा 370 हटना चाहिए जिसे हमारे देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूर किया, आज पूरी तरह कश्मीर स्वतंत्र हे। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया।

## देश के ७२ स्टेशनों के सर्वे में उज्जैन भी शामिलउज्जैन रेलवे स्टेशन

**उज्जैन।**महाकाल की नगरी उज्जैन में पर्व, त्योहार और विशेष अवसरों पर उमड़ने वाली भारी भीड़ अब अध्ययन का विषय बन गया है। रेल मंत्रालय ने देश के 72 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन और यात्री व्यवहार के वैज्ञानिक अध्ययन का निर्णय लिया है। इस सूची में रतलाम मंडल के उज्जैन व सीहोर रेलवे स्टेशनों को भी शामिल किया गया है। अध्ययन का जिम्मा रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनामिक सर्विस (राइट्स) को सौंपा गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार उज्जैन देश के उन प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है, जहां महाशिवरात्रि, श्रावण-भादो मास, नागपंचमी, सोमवती अमावस्या और सिंहस्थ जैसे आयोजनों के दौरान लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने किया कड़ा विरोध प्रदर्शन, व्यापारियों के समर्थन में मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा



मध्यप्रदेश शासन द्वारा मंडी शुल्क में की गई वृद्धि के विरोध में मंगलवार २३ जून को कांग्रेस पार्टी, खंडवा के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि उपज मंडी समिति, खंडवा के सचिव महोदय को ज्ञापन सौंपकर व्यापारी एवं किसान के हित मे शासन के इस निर्णय का कड़ा विरोध दर्ज कराया।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग करी कि मंडी शुल्क में वृद्धि से व्यापारी, किसान एवं आम उपभोक्ता वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। इस निर्णय से कृषि उपज के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा किसानों और व्यापारियों की समस्याएं और बढ़ेंगी। कांग्रेस ने इसे जनविरोधी निर्णय बताते हुए मंडी शुल्क वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की।

कांग्रेस पार्टी ने सचिव महोदय के माध्यम से शासन से मांग की कि मंडी शुल्क वृद्धि के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल निरस्त किया जाए, ताकि किसानों, व्यापारियों एवं आमजन के हितों की रक्षा हो सके।इस अवसर पर कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ, खंडवा के अध्यक्ष संदीप सोनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों, व्यापारियों और आमजन के हितों के लिए निरंतर संघर्षरत है तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील आर्य,डॉ चेनसिंह वर्मा, अल्ताफ कुरैशी,राम वर्मा, डॉ शरद हरणे, विशाल जैन,मनोज मंडलोई, अल्ताफ कुरैशी, असलम गोरी, योगेश जांगिड़, उदय सोनी, समीर खान, वकील नीलकंठ, भुवनेश जोशी,शारिक खान सहित अन्य कांग्रेसजन एवं व्यापारीगण मौजूद थे।

## आगामी त्योहार को लेकर खंडवा पुलिस अलर्ट, बलवा ड्रिल कर दंगा नियंत्रण का किया अभ्यास

**खंडवा, ।** आगामी मोहर्रम पर्व के दौरान जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से खंडवा पुलिस ने मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में बलवा ड्रिल (दंगा नियंत्रण अभ्यास) का आयोजन किया। अभ्यास के दौरान पुलिस बल ने विभिन्न विषम परिस्थितियों से निपटने, बलवा सामग्री का प्रभावी उपयोग करने तथा त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए लगातार आयोजकों के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसके साथ ही फ्लैग मार्च और जनसंवाद के माध्यम से नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील भी की जा रही है।

बलवा ड्रिल के दौरान पुलिस जवानों ने दंगा नियंत्रण उपकरणों के उपयोग, भीड़ नियंत्रण, आत्मरक्षा तथा विपरीत परिस्थितियों में संयम रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने का अभ्यास किया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल को हर स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार रखना है। इस अवसर पर असामाजिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को भी स्पष्ट संदेश दिया गया कि खंडवा पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क और हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

## माहेश्वरी समाज खण्डवा ने निकाली भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खण्डवा

माहेश्वरी समाज खण्डवा द्वारा माहेश्वरी वंश उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के अवसर पर आयोजित छह दिवसीय महेश नवमी उत्सव का मुख्य आयोजन मंगलवार को अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर उत्सव को यादगार बना दिया।

प्रातः माहेश्वरी समाज खण्डवा द्वारा संचालित श्री सत्य लक्ष्मी नारायण मंदिर, बुधवारा बाजार में पण्डित लक्ष्मीदत्त दाधिच एवं पण्डित अमित दाधिच के आचार्यत्व में जजमानों द्वारा भगवान महेश का महाभिषेक एवं विशेष पूजन सम्पन्न हुआ।

माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष नारायण बाहेती ने बताया कि प्रातः 830 बजे माहेश्वरी समाज द्वारा संचालित श्री राम मंदिर, बड़ा बम परिसर से भगवान महेश को सुसज्जित रथ में विराजित कर शोभायात्रा का शुभारम्भ किया गया। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, ढोल एवं भजनों की मधुर स्वर लहरियों के बीच समाजजन नृत्य करते हुए चल रहे थे। भगवान महेश के जयघोषों से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा में माहेश्वरी मण्डल खण्डवा के अध्यक्ष मनीष काबरा सचिव पंकज मुंदड़ा, कोषाध्यक्ष राजेश बंग,माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष नारायण बाहेती एवं सचिव विजय राठी के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में मुख्य महाप्रबंधक का आगमन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खण्डवा

नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सी. सरस्वति का जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खण्डवा में आगमन हुआ उनके साथ नाबार्ड के उप महाप्रबंधक श्री सलील झोकरकर तथा जिला विकास प्रबंधक श्री जितेन्द्र खैरनार भी उपस्थित थे ।

नाबार्ड अधिकारी द्वारा बैंक / बहुउदेशीय प्राथ. कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को मध्यप्रदेश शासन की शून्य प्रतिशत ब्याजदर पर कृषि ऋण / पशुपालन ऋण उपलब्ध कराने एवं एफपीओ / कॉमन सर्विस सेन्टर / जनऔषधी केन्द्र, नलजलकर वसूली संबंधी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। पैक्स संस्थाओं से जुडने वाले नवीन सदस्यों को नाबार्ड अधिकारी द्वारा केसीसी कार्ड का वितरण किया गया तथा १० वर्ष से लगातार नियमित ऋण अदायगी करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया गया। तथा बैंक / पैक्स संस्थाओं के कम्प्युटरीकरण में कार्य प्रगति की सराहना करते हुये किसानों के हित में इन योजनाओं को निरंतर जारी रखने का आव्हान किया। साथ ही पैक्स संस्थाओं के सदस्यों से आव्हान किया गया कि संस्थाओं से लिये गये ऋणों की अदायगी समयावधि में कर शासन की शून्य प्रतिशत ब्याजदर की योजनाओं का लाभ उठावे।

इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आलोक यादव ने बताया कि बैंक द्वारा अपने कालातीत ऋणों की सतत वसूली करने से एनपीए ऋण घटकर ७.९६ प्रतिशत हो गया है निरंतर लाभार्जन कर रही है। वित्तीय वर्ष २०२५-२६ के दौरान बैंक को रू. ७९४.०० लाख का शुद्ध लाभ हुआ। बैंक इतिहास में पहली बार वित्तीय वर्ष २०२५-२६ के दौरान बैंक ने अपनी सदस्य संस्थाओं को लाभांश का वितरण किया गया। अमानतदारों को शीघ्र ही इन्टरनेट बैकिंग की सुविधाएँ भी उपलब्ध हो सकेगी

इस अवसर पर जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से पधारे श्री नंदन करोडी, अनुराग सातले एवं अन्य कृषकगण, अमानतदारों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री गजेन्द्र अत्रे विपणन अधिकारी द्वारा उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया ।

## न्यूज -कॉलम

### कंचनपुरा में रात ढाई बजे हुई मारपीट और तोड़फोड

**उज्जैन।** माधवनगर थाना क्षेत्र के कंचनपुरा में सोमवार-मंगलवार रात ढाई बजे महेशचंद्र पिता ब्रजपाल रायकवार 65 साल और पिंटू पिता राकेश सूर्यवंशी के बीच रास्ते में खडी कार हटाने और साइड देने की बात पर विवाद हो गया। पिंटू ने महेशचंद्र और उसके दामाद के साथ झूमाझटकी करते हुए घर में घुसकर पत्थर से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं महेशचंद्र की ओर से पिंटू के साथ लोहे के पाइप से मारपीट की गई और कार में तोडफोड कर नुकसान किया गया। दोनों के बीच विवाद की खबर लगते ही पुलिस रात में कंचनपुरा पहुंची। मंगलवार तडके सवा चार बजे महेशचंद्र रायकवार ने थाने पहुंचकर दामाद और उसके साथ घर में घुसकर की गई मारपीट की शिकायत दर्ज कराई। वहीं सुबह सवा नौ बजे पिंटू ने भी कार में हुई तोडफोड और अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच कर रही है।

### अस्पताल पहुंचने से पहले किसान की हुई मौत

**उज्जैन।** कानड के फालवा चौमा के रहने वाले किसान जगदीश पिता रामलाल सिसौदिया 33 साल को मंगलवार सुबह खेत पर काम करते समय सांप ने डंस लिया। परिवार स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां से उज्जैन रैफर किया गया, लेकिन उज्जैन पहुंचने से पहले रास्ते में किसान की मौत हो गई। चरक अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा और कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। कोतवाली चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने बताया कि खेत पर झाडियां हटाते समय सांप ने डंसा था। जगदीश 2 बच्चों को पिता था और उसके हार्ट का उपचार भी चल रहा था। बारिश का मौसम शुरू होते ही जहरीली जानवरों का बिल से निकलना शुरू हो गया है। सावधानी नहीं रखने पर सर्पदंश की घटनाओं में अब इजाफा हो सकता है।

### जमीन को लेकर 2 परिवारों के बीच हुआ विवाद

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नवेली में जमीन को लेकर 2 परिवारों के बीच विवाद हो गया। मामला मारपीट में बदला और एक पक्ष की ओर से तलवार निकालकर हमले का प्रयास किया गया। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि नवेली में रहने वाले संतोष पिता नारायण धानक और सुनील पिता गोवर्धनसिंह आंजना के बीच जमीन का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। बावजूद संतोष धानक जमीन हांकने पहुंचा था। जिसको रोकने के लिये सुनील आंजना पहुंच गया। दोनों के बीच विवाद हुआ और परिवार भी मारपीट में शामिल हो गया। संतोष और उसका भाई अर्जुन घायल हुए है। वहीं दूसरे पक्ष से सुनील आंजना को चोंट लगी है। सुनील का आरोप था कि विवाद के बाद संतोष और अर्जुन ने तलवार निकालकर हमले का प्रयास किया।

### खेत बंटाई पर देने से मना किया तो भाई ने फोड़ा सिर

**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम मंगरोला में रहने वाले संतोषसिंह पिता गजराजसिंह और उसके भाई दिनेशसिंह बैस की 7 बीघा जमीन थी। पिता का निधन होने पर 1 बीघा जमीन बेचकर दोनों भाई ने 6 बीघा जमीन आधी-आधी बांट ली थी। हिस्सा होने के बाद संतोषसिंह परिवार के साथ देवास की तुलजा विहार कालोनी में रहने चला गया था। उसने अपने हिस्से की जमीन बंटाई पर भाई दिनेश को सौंप दी थी। 2 साल से संतोष ग्राम मंगरोला पहुंचा और दिनेश से कहा कि वह अब बंटाई पर जमीन नहीं देगा। इस साल वह खुद खेती करेगा। दिनेश ने जमीन देने से मना किया और दूसरी जमीन पर खेती करने की बात कहने लगा। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ और दिनेश ने पत्थर से संतोषसिंह का सिर फोड दिया। घायल संतोष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुलिस की मदद से हुआ भिक्षुक का अंतिम संस्कार

**उज्जैन।** अलीराजपुर का रहने वाला आजाद पिता कैलाश 75 साल पत्नी के साथ पिछले चार सालों से महाकाल मंदिर और आसपास के क्षेत्र में भिक्षावृति कर रहा था। दोनों पति-पत्नी ने कार्तिक मेला ग्राउंड को अपना ठिकाना बना रखा था। पिछले कुछ दिनों से आजाद बीमार चल रहा था। पत्नी ने उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया था, कुछ दिन चले उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे घर ले जाने की सलाह दे दी थी। पत्नी कार्तिक मेला ग्राउंड ले आई थी। सोमवार रात आजाद की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस ने शव अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार सुबह मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव पत्नी को सौंपा गया। लेकिन पत्नी ने अंतिम संस्कार का खर्च नहीं उठा पाने की बात कहीं। एएसआई श्रवण कुमार ने मानवता का दायित्व निभाते हुए चक्रतीर्थ पर अंतिम संस्कार कराया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 120-3 | 167-4 |
| मेन बाजार | 156-2 | 360-9 |
| कल्याण नाइट | 169-6 | 480-2 |
| मिलन डे | 790-6 | 157-3 |
| मिलन नाइट | 346-3 | 190-0 |
| मधुर डे | 225-9 | 234-9 |
| मधुर नाइट | 169-6 | 146-1 |
| शुभांक | 2 7 | 8 |

20 फीट गहराई में लिपटे मिले शव, बाहर पडे थे कपडे चप्पल....

# रलायता भोजा की शासकीय डबरी में डूबे 2 चचेरे भाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

खेत के पास बनी शासकीय डबरी में मंगलवार दोपहर नहाने गये दो नाबालिग चचेरे भाई डूब गये। गांव वालों को खबर मिली तो तलाशी अभियान शुरू किया गया। 20 फीट की गहराई में दोनों के शव लिपटे मिले। देर शाम दोनों को पोस्टमार्टम कराया गया।

भैरवगढ़ थाना एसआई महेन्द्रपालसिंह सेंधव ने बताया कि ग्राम रलायता भोजा में बनी डबरी में शाम 4 बजे के लगभग 2 चचेरे भाईयों रितेश पिता भगवान बागरी 15 साल और आयुष पिता भैरूलाल बागरी 11 साल के डूबने की खबर मिली थी। पुलिस रलायता भोजा पहुंचती उससे पहले गांव वालों ने तलाशी अभियान शुरू कर उनके शव निकाल लिये थे। जिन्हे परिवार अस्पताल लेकर पहुंचा था। मामले में दोनों के मौत की पुष्टि होने पर मर्ग कायम किया गया और शाम 6.30 बजे के लगभग पोस्टमार्टम कराया। परिवार दोनों के शव अंतिम संस्कार के लिये गांव ले गया है। एसआई सेंधव के अनुसार परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि रितेश कक्षा 8 वीं और आयुष कक्षा 5 वीं का छात्र था। दोनों के परिवार का खेत डबरी के पास है। दोनों नहाने के लिये गये थे उनके कपडे और चप्पल बाहर पडे मिले है। दोनों को डूबते गांव के एक व्यक्ति ने देखा था। जिसने परिवार और गांव वालों को सूचना दी थी। दोनों चचेरे भाईयों की मौत से परिवार काफी गमगीन हो गया था। आयुष के पिता की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। रितेश के पिता गुमशुम थे, रितेश परिवार का एकलौता पुत्र था।



#### मांगीलाल ने निकाले दोनों के शव

पोस्टमार्टम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि 2 सगे भाईयों के दो बच्चों के डूबने की खबर मिलने पर गांव वाले तलाश करने पहुंचे थे। इस दौरान मांगीलाल ने गोता लगाया और 20 फीट की गहराई तक पहुंचा। दोनो चचेरे भाई आपास में लिपटे मिले। मांगीलाल ने दोनों को एक-एक कर बाहर निकाला। आशंका जताई गई कि आयुष के गहराई में जाने पर रितेश उसे बचाने पहुंचा होगा। आयुष ने उसे जकड लिया होगा, रितेश को भी तैरना नहीं आता था, जिसके चलते दोनों साथ में डूब है।

#### 2 दिन की बारिश से भरी थी डबरी

पोस्टमार्टम के लिये आये गांव वालों ने बताया कि डबरी शासकीय है, कुछ दिनों पहले ही जेसीबी से गहरीकरण किया था। डबरी में पानी काफी कम था, शनिवार और सोमवार को हुई बारिश के चलते डबरी पूरी तरह से भर गई थी। जिसका पानी काफी मटमैला हो रहा है। तलाशी अभियान के दौरान मटमैले पानी की वजह से तलाश करने वालों को परेशानी का सामान करना पडा।

## पिता को मिली जमानत, जेल से बाहर आया मासूम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पत्नी की आत्महत्या के मामले में जेल भेजे गये पति के साथ चार साल का मासूम भी पिता के साथ रहने की जिद पर भैरवगढ़ जेल भेजा गया था। 39 दिन बाद पिता को जमानत मिली तो मासूम भी जेल से बाहर आ गया।

नागझिरी थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने अप्रैल माह में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच के बाद मामले में पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से पति को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश जारी हो गये। पिता के साथ 4 साल का मासूम भी कोर्ट पहुंचा था। उसने पिता के साथ जेल जाने की जिद पकड ली। पिता-पुत्र के बीच काफी स्नेह था। मासूम की जिद देखकर न्यायाधीश ने उसे भी जेल भेजने के आदेश दिये और जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि मासूम की पूरी देखभाल की जाये। अधिवक्ता विकास दुबे ने बताया कि पिता के साथ जेल गये मासूम को लेकर उनके द्वारा पिता की जमानत याचिका न्यायालय में प्रस्तुत की। करीब 38 दिनों बाद पिता की जमानत याचिका न्यायालय द्वारा मंजूर कर ली गई और रिहाई के आदेश जारी किये गये। पिता को जमानत मिलते ही मासूम भी जेल से बाहर आ गया।

#### अधिवक्ताओं और जेल प्रशासन हुआ भावुक

पत्नी की आत्महत्या मामले में जेल भेजे गये पति की जमानत मंजूर होते ही पिता के साथ जेल में रह रहे मासूम को लेने अधिवक्ता विकास दुबे के साथ अधिवक्ता प्रवीणसिंह चौहान, विकास गोमे, अजय राजसिंह राठौर और भूपेन्द्रसिंह चौहान केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ पहुंचे थे। इस दौरान पिता से पहले मासूम उछलता-कूदा जेल से बाहर आया। यह देख जेल विभाग के साथ अन्य बंदी भी भावुक हो गये। बातचीत के दौरान मासूम से सवाल किया गया कि वापस जेल जाना चाहोगें तो उसने मासूमियत से जवाब दिया कि नहीं अब घर जाऊंगा।

#### जेल में मिलता था अलग भोजन

चार साल के मासूम ने बताया कि उसे जेल में अलग से खाना मिलता था, जिसमें पराठे और अन्य खाने की चीजे आती थी। अधिवक्ता विकास दुबे ने बताया कि हालांकि कानून की प्रक्रिया अपने निर्धारित मार्ग पर चलती है। लेकिन इस मासूम की मुस्कान और अपने पिता के प्रति उसका लगाव यह दर्शाता है कि हर मुकदमे के पीछे मानवीय भावनाएं भी होती है। पिता और मासूम की रिहाई का दृश्य ऐसा अनुभव बन गया, जिसकी कीमत रूपयों से भी अधिक थी।

## महिला यात्री का पर्स चोरी कर ट्रेन से कूदा बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकाल दर्शन के बाद वापस टे:न से लौट रहे परिवार की महिला का पर्स बदमाश ने चोरी किया और चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। मामले में जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

महाराष्ट्र के ठाणे की रहने वाली संगीता पति सोहन वर्मा 42 साल परिवार के साथ 20 जून को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आई थी। परिवार ने 2 दिनों तक देवदर्शन किये। उसके बाद वापस मुम्बई लौटने के लिये रेलवे स्टेशन पहुंचे और बांद्रा टर्मिनल्स स्पेशल ट्रेन में सवार हुये। प्लेटफार्म से ट्रेन के रफ्तार पक?ते ही पहले से कोच में सवार बदमाश ने संगीता का पर्स चोरी किया और भागता हुआ ट्रेन से कूदकर भाग निकला। संगीता ने शोर भी मचाया लेकिन यात्री कुछ समझ पाते उससे पहले बदमाश भागने में सफल हो गया। संगीता की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जीआरपी सीसीटीवी कैमरों से बदमाश का पता लगाने के प्रयास कर रही है। बदमाश द्वारा चोरी किये गये पर्स में 20 हजार रूपये, चांदी के आभूषण और अन्य सामान रखा होना सामने आया है।

**चार यात्रियों के चोरी गये मोबाइल**-चलती ट्रेन और प्लेटफार्म से चार यात्रियों के मोबाइल-पर्स चोरी के मामले भी जीआरपी के पास पहुंचे है। मंगलवार को धनंजय कुमार गोसाई निवासी बरहरिया सौना जिला सीवान बिहार का मोबाइल प्लेटफार्म 1 पर से अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। धनंजय सोमवार को धनबाद जाने के लिये स्टेशन पहुंचा था। मोबाइल और पर्स की वारदात मोहित सोमवंशी निवासी ठाणे महाराष्ट्र के साथ भी प्लेटफार्म नम्बर 1 पर हुई। पर्स में 5 हजार रूपये रखे थे। इसी प्रकार रतलाम से ग्वालियर का सफर कर रही आरती पिता दिलीपसिंह चौधरी निवासी बिरला नगर ग्वालियर का चलती ट्रेन में 20 जून कोच एस-5 से बदमाश ने मोबाइल चोरी कर लिया। चौथा मामला शेखर पिता राजू लोधी निवासी नयापुरा सिहोर के साथ हुआ। शेखर महाकाल दर्शन करने भगत की कोठी एक्सप्रेस के जनरल कोच से आ रहा था। उसी दौरान बदमाश ने मोबाइल चोरी कर लिया।

## नर्मदापुरम के ठगों ने भोपाल में 4 ज्वेलर्स से खरीदा था सोना

**मामला साइबर फ्रॉड की राशि से गोल्ड खरीदने का**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

साइबर ठगी की राशि से गोल्ड खरीदी करने वाले 3 ठगों को माधवनगर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। तीन ज्वेलर्स से ठगों द्वारा की गई खरीदी के बाद उन्हे खाते होल्ड हो गये थे। उज्जैन पुलिस की जारी विवेचना के दौरान भोपाल में भी चार ज्वेलर्स से गोल्ड खरीदी में साइबर फ्रॉड की राशि का उपयोग होना सामने आया है। अब भोपाल पुलिस ठगों से पूछताछ के लिये उज्जैन आयेगी।

18 जून को माधवनगर थाना पुलिस की हिरासत में आये साइबर फ्रॉड की राशि से गोल्ड की खरीदी करने वाले 3 अंतर्राज्यीय ठगों कशिश पिता सुनील, राहुल उर्फ शानू पिता अरुण और अनिमेश उर्फ अनुराग उर्फ अन्नी पिता अभय निवासी नर्मदापुरम का खुलासा एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा किया गया था।

ठगों ने 6 जून को घासमंडी चौराहा स्थित डीपीके गोल्ड शोरूम से 95 हजार का गोल्ड खरीदा था। क्यूआर कोड के माध्यम से साइबर फ्रॉड की राशि का ट्रांजेक्शन गोल्ड शोरूम के खाते में किया गया था। कुछ समय बाद गोल्ड शोरूम का खाता होल्ड हो गया थ। उसके बाद मामले का खुलासा हुआ था। ठगों ने डीपीके गोल्ड शोरूम के साथ उज्जैन में महावीर ज्वेलर्स और महेश्वरी गोल्ड से भी गोल्ड की खरीदी कर साइबर फ्रॉड की राशि क्यूआर कोड से ट्रांसफर की थी। माधवनगर पुलिस ने तीनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की थी। इस दौरान पता चला था कि तीनों ने साथियों की मदद मोहम्मद नासिर जिला नागौर (राजस्थान) से ठगी 2.88 लाख की राशि से 91 हजार का गोल्ड महावीर ज्वेलर्स से खरीदा था। वहीं पंजाब के सुरिंदरसिंह के साथ किये साइबर फ्रॉड की राशि 95 हजार से गोल्ड की खरीदी का उपयोग डीपीके ज्वेलर्स पर किया। महेश्वरी ज्वेलर्स से खरीदा गया 92 हजार का गोल्ड उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में रहने वाले मनोज कुमार से किये फ्रॉड 99 हजार से खरीदा है। पुलिस ने रिमांड खत्म होने तीनों को जेल भेज दिया था, वहीं साथियों की तलाश में एक टीम दिल्ली रवाना की है। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि ठगों के गिरफ्त में आने के बाद सामने आया कि जून माह के प्रथम सप्ताह में तीनों ठग भोपाल में हबीबगंज थाना क्षेत्र के नुपूर ज्वेलर्स, सोनी ज्वेलर्स और कोलार थाना क्षेत्र के आरबी ज्वेलर्स के साथ गणेश ज्वेलर्स से भी गोल्ड की खरीदी साइबर फ्रॉड की राशि से कर उज्जैन आये थे। भोपाल में चारों ज्वेलर्स के खाते होल्ड है, उन्होने साइबर हेल्प लाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। तीनों के उज्जैन पुलिस की गिरफ्त में आने पर मंगलवार को भोपाल हबीबगंज थाना पुलिस ने भी ठगों के खिलाफ 2 मामले दर्ज कर लिये। अब भोपाल पुलिस पूछताछ के लिये उज्जैन आयेगी।

**ठगों की जमानत याचिका हुई खारिज**

पुलिस पूछताछ पूरी होने के बाद केन्द्रीय जेल भेजे गये ठगों ने मंगलवार को जमानत याचिका न्यायालय में प्रस्तुत की थी। माधवनगर पुलिस ने ठगों के साथियों के फरार होने और भोपाल में भी हुई ठगी की घटना से न्यायालय को अवगत कराया। जिसके बाद न्यायालय ने तीनों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। अब तीनों को जेल में ही रहना होगा। भोपाल पुलिस उज्जैन आने के बाद ठगों का प्रोटेक्शन वारंट जारी कर सकती है। भोपाल में भी ठगों के फुटेज ज्वेलर्स दुकानो पर मिले है।

## कालभैरव मंदिर के पास 4 दुकानों में लगी आग



**उज्जैन।** कालभैरव मंदिर के पास मंगलवार तडके चार दुकानों में भीषण आग लग गई। पांच दमकलों ने 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, इस दौरान चारों दुकान पूरी तरह स्वाह हो चुकी थी।

बताया जा रहा है कि काल भैरवमंदिर के पास फूलप्रसादी की एक दुकान में तडके 4.30 बजे के लगभग अचानक आग लग गई। दुकान में पूजन सामग्री रखी होने पर आग तेजी से फैली और आसपास की 3 दुकानों तक लपटे फैल गई। कुछ देर में ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों ने आगजनी देखी तो पहले बुझाने के प्रयास किये लेकिन आग फैली जा रही थी। तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। पांच दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। करीब एक घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। आग लगने की वजह सामने नहीं आ पाई है। लेकिन गनीमत रही कि घटनाक्रम तडके हुआ, उस दौरान मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की संख्या ना के बराबर थी। अगर यह घटना सुबह 10 बजे बाद होती तो बडा हादसा हो सकता था। प्रतिदिन हजारों की संख्या में देशभर से आने वाले श्रद्धालु कालभैरव मंदिर पहुंचे है।

### डीआरएम ने सिंहस्थ मेले की तैयारियों का जायजा लिया



**उज्जैन।** आगामी सिंहस्थ मेले के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं रेलवे व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अश्विन कुमार ने मंडल के सभी शाखा अधिकारियों के साथ बाकनिया-भौंरी से उज्जैन तक विंडो ट्रेलिंग एवं संरक्षा निरीक्षण किया।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार निरीक्षण के दौरान सीहोर, शुजालपुर, मक्सी, स्टेशनों पर अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत किये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण के साथ ही पिंगलेश्वर, पवासा, नईखेड़ी तथा उज्जैन स्टेशनों पर सिंहस्थ मेले के लिए की जा रही तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सिंहस्थ मेले के मद्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने तथा यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) अक्षय कुमार भी उपस्थित रहे।

**इन कार्यों की समीक्षा**-मंडल रेल प्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाओं, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा अधोसंरचना विकास से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर सीहोर, शुजालपुर एवं मक्सी स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास एवं उन्नयन कार्यों का भी मूल्यांकन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**सीहोर फूटओवर ब्रिज शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश**- सीहोर स्टेशन पर निर्माणाधीन क्राउड होल्डिंग एरिया (भीड़-रोकथाम क्षेत्र), जिसका निर्माण ऋढ्ढञ्जश्वस्र द्वारा किया जा रहा है, का भी निरीक्षण किया गया इसके साथ ही सीहोर स्टेशन पर निर्माणाधीन 12मीटर चौड़े फुटओवर ब्रिज का निरीक्षण कर समयबद्ध रूप से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।


### न्यायालय अपर कलेक्टर जिला उज्जैन ( म.प्र. )

**प्रकरण क्रमांक 0017/अपील/2026-27**

**अपील सूचना समंस आदेश 05 नियम 1 सी.पी.सी**

**अंतिम कुमार जोशी पिता रतनलाल जोशी, निवासी ग्राम रनाहेडा, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन.....अपीलार्थी**

**विरूद्ध**

1. **नितिन पिता सुनील शर्मा, निवासी लक्ष्मीनगर, उज्जैन म.प्र.**
2. **पं. जगदीश पिता बैजनाथ पुरोहित, निवासी 61. मंगलनगर आगर रोड, उज्जैन म.प्र.**
3. **आदित्य पुत्र विष्णु शर्मा, निवासी 93/5 उर्दूपुरा, उज्जैन मध्य प्रदेश।**
4. **प्रदीप पिता परमेश्वरी दयाल शर्मा, निवासी 400 परमेश्वरी गार्डन, उज्जैन म.प्र..........**

**प्रत्यर्थीगण**

आप प्रत्यर्थीगण के विरूद्ध अपीलार्थी के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उज्जैन नगर, जिला उज्जैन म.प्र. के प्रकरण क्रमांक-0166/बी-121 (पु.नि.)2025-26 में पारित आदेश दिनांक 16/03/2026 से व्यथित होकर इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की है। उक्त अपील प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक 09.07.2026 नियत की गई है। प्रत्यर्थीगण उक्त अपील के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर ता आधारित हो मय दस्तावेजों के उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में उपस्थित पक्ष प्रस्तुत करें। प्रत्यर्थीगण की अनुपस्थिति में अपील की सुनवाई का निपटारा किया जावेगा।

**( अपर कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित )**

**रीडर टू
अपर कलेक्टर
जिला उज्जैन**

# मंजिल तभी, जब मन स्थिर



मानव मन अत्यंत चंचल माना जाता है। वह क्षण भर में एक से दूसरे विचार तक पहुंच जाता है, एक से दूसरी वस्तु की ओर आकर्षित हो जाता है। कहीं पूरी तरह स्थिर नहीं रह पाता। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से यह चंचलता कोई संयोग नहीं, बल्कि मन की स्वाभाविक प्रवृत्ति है।

मन का प्रत्येक विषय या वस्तु पंच महाभूतों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश से निर्मित संसार से संबंधित होता है। मन चाहे बाहरी वस्तुओं की ओर उन्मुख हो या आंतरिक विचारों की ओर, उसके सभी विषय इन्हीं मूलभूत तत्वों से उत्पन्न होते हैं। मन अपनी स्वतंत्र सत्ता बनाए रखने के लिए किसी न किसी विषय या वस्तु से जुड़ा रहता है। जिस प्रकार शरीर को अस्तित्व बनाए रखने के लिए किसी भौतिक स्थान की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मन को भी अपने सूक्ष्म अस्तित्व के लिए किसी सूक्ष्म विषय या आधार की आवश्यकता पड़ती है। यहां एक महत्वपूर्ण बात सामने आती है कि समय और स्थान व्यक्ति की अलग पहचान बनाए रखने के लिए अनिवार्य हैं। जब तक व्यक्ति स्वयं को पृथक अस्तित्व के रूप में अनुभव करता है, तब तक उसका मन किसी न किसी विषय की तलाश करता रहता है। यही कारण है कि मन लगातार नए-नए आकर्षणों, इच्छाओं और अनुभवों की ओर दौड़ता रहता है।

मन की इस दौड़ के पीछे संस्कारों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। संस्कार वे सूक्ष्म प्रभाव हैं, जो हमारे पूर्व के कर्मों, अनुभवों और इच्छाओं से निर्मित होते हैं। जब कोई वस्तु या परिस्थिति इन संस्कारों की अभिव्यक्ति में सहायक नहीं रहती अथवा जब उसका आकर्षण समाप्त हो जाता है, तब मन उससे हटकर किसी नए विषय की ओर बढ़ जाता है। जितनी तीव्र इच्छाएं और आकांक्षाएं होंगी, मन उतनी ही तेजी से एक से दूसरी वस्तु की ओर भागेगा। आधुनिक जीवन में यह प्रवृत्ति और स्पष्ट दिखाई देती है। लोग भौतिक उपलब्धियों, मनोरंजन, सामाजिक प्रतिष्ठा और नई-नई इच्छाओं के पीछे निरंतर दौड़ते रहते हैं, फिर भी उन्हें स्थायी संतोष नहीं मिल पाता। इसका कारण यह है कि मन का स्वभाव ही परिवर्तनशील विषयों में स्थिर नहीं हो सकता।

यदि मन को सभी विषयों से पूरी तरह अलग कर दिया जाए, तब क्या होगा? ऐसे में मन का पृथक अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। मन वस्तुतः विषयों के सहारे अपना अस्तित्व बनाए रखता है। इसलिए वह निरंतर नए-नए विषय की शरण खोजता रहता है। आध्यात्मिक साधना का उद्देश्य मन को केवल बाहरी विषयों से हटाना नहीं है, बल्कि उसे ऐसे परम विषय की ओर उन्मुख करना है, जो सीमित न हो। साधना मन को विनष्ट नहीं करती, बस उसकी दिशा बदल देती है। मन क्षणिक वस्तुओं से हटकर शाश्वत सत्य की ओर बढ़ जाता है।

**सम्पादकीय**

## संयम से हो संवाद

अमेरिका-ईरान समझौता वार्ता के पहले दौर का आगाज कुछ ज्यादा अच्छा हो सकता था। आज के दौर में अच्छी बातचीत के लिए माहौल भी अच्छा होना चाहिए। सोमवार को जब दोनों देशों के बीच वार्ता शुरू हुई, तब बहुत अच्छा माहौल नहीं था, क्योंकि ईरानी दल होर्मुज पर फिर पहरे बिठाकर बातचीत के लिए स्विट्जरलैंड आया था। बातचीत और अच्छी हो सकती थी, अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का गैर-जरूरी बयान न आया होता। यह बात फिर स्पष्ट हुई कि शांति के लिए संयम जरूरी है और इसकी कमी अमेरिकी पाले में दिखी है। तेहरान ने बातचीत शुरू होते ही अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर कड़ा ऐतराज जताया। एकबारगी तो ऐसा लगा कि बातचीत बीच में ही थम जाएगी। सबको यह जानना चाहिए कि आखिर ट्रंप ने ऐसा क्या कहा था? ट्रंप ने चेतावनी के लहजे में कहा था- ईरान के राष्ट्रपति को अपने बयानों को लेकर सावधान रहना चाहिए। साथ ही, ईरान को लेबनान में अपने उच्च वेतनभोगी एजेंटों द्वारा की जा रही गड़बड़ी को तुरंत रोक देना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो हम ईरान पर फिर से पिछले हफ्ते की तरह, बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा कड़े प्रहार करेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति अपने इजहार में कभी पीछे नहीं रहते हैं, लेकिन इससे अमन-चैन की बहाली में जो परेशानी आती है, उस पर अमेरिकी प्रशासन का ध्यान जरूर जाना चाहिए। बोलना और ज्यादा बोलना, गैर-जरूरी बोलना, बराबरी करते हुए बोलना या महज चौधराहट दिखाने के लिए बोलना ठीक नहीं है। वैसे, सहमति पत्र पर दस्तखत के बाद अमेरिका ने समझौता वार्ता का जो प्रारूप बनाया है, उसकी प्रशंसा होनी चाहिए। स्विट्जरलैंड में पहले दौर की उच्चस्तरीय वार्ता संपन्न हो गई, पर निचले स्तर की वार्ता जारी रहेगी। अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए करीब दो महीने का समय है और इस समय का सदुपयोग दोनों ही पक्षों को मिलकर करना चाहिए। समझौता वार्ता के समय चेतावनी या धमकी की भाषा से परहेज करना चाहिए। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची को भी खासतौर पर ज्यादा समझदारी बरतनी पड़ेगी। ईरान एक बदले हुए अमेरिका से बात कर रहा है। बातचीत अब बराक ओबामा या जो बाइडन के समय जितनी आसान नहीं है। यह ट्रंप का दौर है और उन्हें बोलने या जवाब देने से रोकना मुश्किल है। इन दिनों ट्रंप जिस तरह से इटली की प्रधानमंत्री के साथ बहसबाजी में उलझे हुए हैं, वह भी अमेरिकी कूटनीति को शोभा नहीं देता है।

**मानवीय रिश्तों की स्मृतियाँ**

# कश्मीर में गूंजते मंत्र और भाईचारे का संदेश

कश्मीर को सदियों से विविध संस्कृतियों, परंपराओं और आस्थाओं की साझा भूमि के रूप में जाना जाता रहा है। यहाँ की पहचान केवल उसकी प्राकृतिक सुंदरता से नहीं, बल्कि उस सामाजिक ताने-बाने से भी रही है जिसमें अलग-अलग समुदायों ने लंबे समय तक एक साथ जीवन बिताया। कश्मीरी पंडित और मुसलमानों के बीच पीढ़ियों से विकसित हुए सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय संबंध इस भूमि की सबसे बड़ी विशेषताओं में रहे हैं। हालांकि 1989 और 1990 के उथल-पुथल भरे दौर ने इस साझा जीवन को गहरी चोट पहुँचाई। बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़कर देश के विभिन्न भागों में विस्थापित जीवन बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा। उस दौर की पीड़ा आज भी हजारों परिवारों की स्मृतियों में जीवित है। ऐसे समय में दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के मुर्रान गाँव से आई एक खबर ने अनेक लोगों के मन में आशा का संचार किया है। लगभग 36 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कश्मीरी पंडित अपनी कुलदेवी के मंदिर में हवन और पूजा-अर्चना के लिए लौटे और स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने उनका स्वागत कर भाईचारे का संदेश दिया।



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

यह घटना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं थी, बल्कि यह उन भावनाओं का संगम थी जो दशकों से लोगों के भीतर कहीं दबकर रह गई थीं। जब वर्षों पहले अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए लोग वापस अपने गाँव पहुँचे तो उनके सामने केवल मंदिर नहीं था, बल्कि उनकी स्मृतियाँ थीं, उनका बचपन था, उनके पूर्वजों की यादें थीं और वे रिश्ते थे जो समय और दूरी के बावजूद पूरी तरह समाप्त नहीं हुए थे। अनेक परिवारों के लिए यह यात्रा अतीत और वर्तमान के बीच एक भावनात्मक पुल बन गई। जिन गलियों में उन्होंने बचपन बिताया था, जिन घरों के आँगनों में खेला था और जिन पड़ोसियों के साथ जीवन के सुख-दुख साझा किए थे, उन सबको फिर से देखना उनके लिए अत्यंत भावुक अनुभव रहा। मुर्रान गाँव उन स्थानों में से एक है जहाँ कभी कश्मीरी पंडितों और मुसलमानों का जीवन एक-दूसरे से गहराई से जुड़ा हुआ था। दोनों समुदाय सामाजिक अवसरों, पारिवारिक आयोजनों और स्थानीय परंपराओं में सहभागिता करते थे। लेकिन 1989-90 के दौरान बढ़ी हिंसा और असुरक्षा की परिस्थितियों ने इस सामाजिक संतुलन को तोड़ दिया। बड़ी संख्या में पंडित परिवारों ने अपने घर, जमीन, व्यवसाय और सामाजिक परिवेश को छोड़कर पलायन किया। विस्थापन केवल भौगोलिक परिवर्तन नहीं होता, वह व्यक्ति की पहचान, स्मृतियों और सामाजिक संबंधों को भी प्रभावित करता है। इसलिए जब कोई परिवार दशकों बाद अपने मूल स्थान पर लौटता है तो वह केवल एक जगह पर नहीं लौटता, बल्कि अपनी जड़ों और इतिहास से पुनः जुड़ने का प्रयास करता है।

मुर्रान में आयोजित पूजा-अर्चना का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष स्थानीय मुस्लिम समुदाय की भागीदारी रही। उपलब्ध जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने मंदिर परिसर की सफाई, व्यवस्था और आयोजन की तैयारियों में सहयोग दिया। उन्होंने लौटकर आए कश्मीरी पंडितों का स्वागत किया और उनके साथ संवाद स्थापित किया। यह सहयोग केवल औपचारिक नहीं था, बल्कि उसमें उन पुराने रिश्तों की झलक दिखाई दी जो कभी इस क्षेत्र की सामान्य सामाजिक वास्तविकता हुआ करते थे। जब विभिन्न समुदायों के लोग एक-दूसरे के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का सम्मान करते हैं, तब समाज में विश्वास का वातावरण मजबूत होता है। मुर्रान की घटना इसी विश्वास की पुनर्स्थापना का संकेत देती है। कई लौटे हुए परिवारों ने अपने पुराने पड़ोसियों से मुलाकात की। वर्षों बाद हुए इन मिलनों में भावनाएँ स्वाभाविक रूप से उमड़ पड़ीं। कुछ लोगों ने उन दिनों को याद किया जब पूरा गाँव एक परिवार की तरह रहता था। कुछ ने अपने उन मित्रों को याद किया जिनके साथ उन्होंने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष बिताए थे। ऐसे अवसर यह दिखाते हैं कि राजनीतिक और सुरक्षा संबंधी परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, मानवीय रिश्तों की स्मृतियाँ लंबे समय तक जीवित रहती हैं। यही स्मृतियाँ भविष्य में नए विश्वास का आधार भी बन सकती हैं।

इस घटना का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि पुलवामा का नाम पिछले कई वर्षों तक आतंकवाद, हिंसा और तनाव से जुड़ी खबरों में प्रमुखता से आता रहा है। देश और दुनिया के अनेक लोगों के मन में पुलवामा की पहचान संघर्ष और अस्थिरता से जुड़ी रही है। ऐसे क्षेत्र से भाईचारे, सहयोग और सामाजिक सौहार्द की खबर सामने आना एक सकारात्मक संकेत माना जा सकता है। यह बताता है कि किसी भी क्षेत्र की वास्तविकता केवल संघर्ष तक सीमित नहीं होती। वहाँ रहने वाले सामान्य लोग शांति, सम्मान और बेहतर भविष्य की आकांक्षा रखते हैं। मुर्रान की घटना इसी आकांक्षा का सार्वजनिक रूप से प्रकट होना है। कश्मीर का इतिहास साझा सांस्कृतिक विरासत का इतिहास रहा है। यहाँ विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं ने एक-दूसरे को प्रभावित किया है। साहित्य, संगीत, भाषा, खानपान और सामाजिक व्यवहार में इस साझा विरासत की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। कश्मीरी पंडितों और मुसलमानों के बीच संबंध केवल पड़ोसी समुदायों के संबंध नहीं थे, बल्कि वे एक साझा सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा भी थे। विस्थापन के कारण इस पहचान को गंभीर क्षति पहुँची। इसलिए जब कोई धार्मिक आयोजन दोनों समुदायों को एक मंच पर लाता है तो वह केवल वर्तमान का नहीं, बल्कि उस साझा इतिहास का भी स्मरण कराता है जिसने कश्मीर की विशिष्ट पहचान को जन्म दिया था।

हालाँकि इस सकारात्मक घटना के साथ कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न भी जुड़े हुए हैं। कश्मीरी पंडितों की स्थायी और सम्मानजनक घर-वापसी का मुद्दा आज भी पूरी तरह हल नहीं हुआ है। हजारों परिवार अभी भी घाटी से बाहर रहते हैं। अनेक लोगों के सामने सुरक्षा, रोजगार, आवास और संपत्ति से जुड़े प्रश्न मौजूद हैं। कई परिवारों की नई पीढ़ियाँ उन स्थानों से दूर बड़ी हुई हैं जहाँ उनके पूर्वज रहते थे। उनके लिए वापसी का प्रश्न केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि व्यावहारिक भी है। इसलिए यदि व्यापक स्तर पर पुनर्वास की प्रक्रिया को सफल बनाना है तो उसके लिए दीर्घकालिक और ठोस नीतिगत प्रयास आवश्यक होंगे। सुरक्षा की भावना किसी भी पुनर्वास प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण शर्त होती है। जो परिवार कभी असुरक्षा के कारण अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए थे, उनके मन में स्वाभाविक रूप से अनेक आशंकाएँ मौजूद हो सकती हैं। ऐसे में केवल सरकारी व्यवस्थाएँ ही नहीं, बल्कि स्थानीय समाज का सहयोग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## मुसाफिर

दिल्ली के सराय काले खां बस टर्मिनल पर शाम के साढ़े सात बजे थे। जून की उस उमस भरी गर्मी में हवा ऐसे चल रही थी मानो कोई बूढ़ा चूल्हा फूंक रहा हो। राजीव अपनी पुरानी सुटकेस पर बैठा हुआ अपनी सड़ी सी चाय की चुस्की ले रहा था। चाय का स्वाद बिल्कुल वैसा ही था जैसी उसकी ज़िंदगी थी यानी फीकी, बेस्वाद, लेकिन मजबूरी में हलक से नीचे उतारनी ही थी। ठीक तभी उसके फोन पर एक नोटिफिकेशन टिमटिमाई। सफरनामा ऐप पर एक राइड शेयरिंग रिक्वेस्ट थी। रूट था दिल्ली से लखनऊ।

गाड़ी राजीव की ही थी यानी एक पुरानी वैगनआर, जो अब सिर्फ पेट्रोल पर नहीं, बल्कि राजीव की किस्मत के भरोसे चलती थी। उसने रिक्वेस्ट एक्सेप्ट की। सह यात्री का नाम लिखा था मुसाफिर।

जब पैसेंजर गाड़ी की पिछली सीट पर आकर बैठी, तो गाड़ी की लाइट में राजीव ने शीशे से उसका चेहरा देखा। रीढ़ की हड्डी में एक ठंडी सनसनी दौड़ गई। वह पल्लवी थी।

वही पल्लवी, जो आज से सात साल पहले इसी सराय काले खां पर राजीव का हाथ छोड़कर बेहतर भविष्य की तलाश में एक चमचमाती ऑडी में बैठ कर चली गई थी। आज वही पल्लवी उसकी खटारा वैगनआर की पिछली सीट पर बैठी थी।

राजीव ने गला साफ किया, मैडम, रूट लंबा है। रात को ढाबे पर रुकेंगे। पल्लवी ने खिड़की के बाहर देखते हुए ठंडी आवाज में कहा, जल्दी पहुँचाइए भैया, मेरी माँ की तबीयत ठीक नहीं है।

भैया।

राजीव के कलेजे पर जैसे किसी ने सुलगती हुई सिगरेट बुझा दी। सात साल में जान से भैया तक का सफर सिर्फ तीन अक्षरों का नहीं था, इसमें सात जन्मों की बेबसी घुली थी। व्यंग्य देखिए, जिस औरत के लिए राजीव ने कभी पूरी दिल्ली नाप डाली थी, आज वह उसे तीन सौ रुपये प्रति सीट के भाड़े पर अपनी गाड़ी में ले जा रहा था। वही कारवाँ था, वही रास्ते थे, वही ज़िंदगी थी... बस मकाम बदल गए थे।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 24 जून 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:47 सूर्यास्त 19:12
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - दसमी 18:12 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - चित्रा 13:59 उपरांत स्वाति
योग - परिघ 10:23 शिव
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 08 तारिख

**मेष-** आज नया रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें।

**वृषभ-** नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी।

**कर्क-** आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी।

**सिंह-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा।

**कन्या-** पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी।

**तुला-** आज घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। भाई को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक-** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा।

**धनु-** कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मयार्दा बनाए रखें।

**मकर-** पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी।

**कुंभ-** खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है।

**मीन-** पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

**समसामयिक**

## क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच विश्व शांति की तलाश



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

लगभग एक शताब्दी पूर्व प्रथम महायुद्ध एवं उसके कुछ दशक बाद ही द्वितीय विश्व युद्ध के रूप में बड़ी त्रासदियाँ झेल चुकी मानव जाति ने शांति की खोज में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की। परंतु अशांति का मूल कारण मानवीय दुष्प्रवृत्तियों वैचारिक संकीर्णता, अहंकार, लोभ, आदि से मानव जाति को मुक्त करने में उदासीनता बरती, फलस्वरूप आज संयुक्त राष्ट्र संघ भी असहाय है। आर्थिक एवं वैज्ञानिक मोर्चों पर आशातीत प्रगति सुखद है परंतु उक्त मानवीय दुष्प्रवृत्तियों के साथ धर्मांधता एवं कट्टर पंथ जैसे विचारों के संयोग से विश्व शांति को पहुंची क्षति भी चिंताजनक है। इन दुष्प्रवृत्तियों का परस्पर संबद्ध एवं श्रृंखला बद्ध स्वाभाविक परिणाम उग्र राष्ट्रवाद, आर्थिक स्पर्धा, फलतः भू-राजनीतिक टकराव एवं शस्त्रीकरण है। इतिहास गवाह है उग्र राष्ट्रवाद ने आर्थिक स्पर्धा को एवं आर्थिक स्पर्धा ने भू-राजनीतिक टकराव को जन्म दिया जिसका अंतिम परिणाम शस्त्रीकरण है। इस पर अंकुश लगा मानव जाति को सर्वनाश से बचाने के लिये भारतीय सनातन धर्म और उसके सिद्धांतों पर अवलंबन एकमात्र उपाय है।

च्मेक अमेरिका ग्रेट अगेनज जैसे उद्घोष राष्ट्रवाद का भाव है, यह अनुचित नहीं परंतु यह लक्ष्य साधने हेतु आर्थिक स्पर्धा एवं टैरिफ वृद्धि द्वारा विश्व समुदाय को ब्लेकमेल करना, शस्त्रीकरण, वेनेजुएला पर बलात्कार एवं अरब देशों पर प्रभुत्व स्थापना द्वारा वहां की तेल संपदा पर नियंत्रण के प्रयास, अमेरिकी राष्ट्रवाद को उग्र राष्ट्रवाद बनाते है। राष्ट्रवाद के आवरण में यह आतंकवाद है जिसमें छिपे भावी युद्धों के बीज समय पाकर अंकुरित होना अनिवार्य है। इसी मंच पर भारत ने भी 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' स्लोगन के साथ भारतीय राष्ट्रवाद का उद्घोष किया था परंतु इसे अमेरिकी छीना झपटी की भांति उग्र राष्ट्रवाद का रूप नहीं दिया। यही सनातन धर्म का 'बृहदारण्यक उपनिषद' में वर्णित, ॐ सर्वे भवन्तु सुखिनः... वाला मूल भाव है।

इस भाव के विपरीत सोच राष्ट्रवाद को उग्र रूप देती है। इसमें धार्मिक कट्टर पंथी सोच की मिलावट इसे उग्रतम बनाती है। यह मध्य पूर्व में देखा जा सकता है जहां फिलिस्तीन को, संयुक्त राष्ट्रसंघ के लगभग तीन चौथाई देशों से मान्यता मिलने पर भी यहां ईरान की छत्रछाया में इजराईल का अस्तित्व समाप्त करने हेतु हमास जैसे आतंकी संगठन पनप जाते है। यह मानसिकता जिसे कूटनीतिक समाधान में विश्वास नहीं, इस क्षेत्र में शांति स्थापना की प्रमुख रुकावट है। 19 जून के ईरान अमेरिका शांति समझौते के 14 सूत्रों में इस मानसिकता पर नियंत्रण के उपाय नहीं है इसलिये इस समझौते द्वारा स्थायी शांति संदेहास्पद है।

अहंकार प्रेरित उग्र राष्ट्रवाद, स्वार्थ पूर्ण आर्थिक स्पर्धा एवं धार्मिक कट्टर पंथ से मुक्त खुले दिमाग से किया सर्वमान्य समझौता ही मध्य पूर्व में स्थायी शांति का एक मात्र विकल्प है। ताजा शांति समझौते में यह तीनों तत्व नदारद है। अहंकार ग्रस्त अमेरिका ने समझौते में उस इजरायल से मशविरा आवश्यक नहीं समझा जिसे हमास, हिज्बुल्लाह आदि की गतिविधियों ने युद्ध हेतु विवश किया था। इसी प्रकार क्षेत्रीय सुरक्षा हेतु ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर प्रतिबंध की शर्त बहाना है इसके मूल में अमेरिकी आर्थिक राष्ट्रवाद है। जिसके लिये तेल संपदा युक्त खाड़ी देशों पर अमेरिकी वर्चस्व आवश्यक है। चूंकि परमाणु आयुध निर्माण न करने संबंधी आश्वासन ईरान युद्ध पूर्व ही दे चुका था। हार्मुज, युद्ध पूर्व खुला ही था। यूरेनियम संवर्धन और ईरान के मिसाईल कार्यक्रम पर नियंत्रण समझौते का अंग नहीं। फिर 108 दिन में हुई भारी जन धन हानि के बाद अमेरिका ने समझौते द्वारा क्या हासिल किया? इजराईल की शत्रुता लेबनान सरकार से या वहां की जनता से नहीं है।

# ये योगासन करें रोजाना, बढ़ती उम्र में भी शरीर रहेगा एक्टिव



बढ़ती उम्र के लक्षणों में सबसे आम है चेहरे पर झुर्रियां, जो एक अलग ही तरह की टेंशन लगती हैं। इसे छिपाने के लिए मेकअप, पॉर्लर के महंगे ट्रीटमेंट्स ही सबसे आसान उपाय नजर आते हैं, लेकिन इनके लिए अच्छे-खासे पैसे भी खर्च करने पड़ते हैं, तो अगर आप भी बढ़ती उम्र में बने रहना चाहती हैं जवां, साथ ही चेहरे पर चाहिए हेल्दी व नेचुरल निखार, तो आपको ज्यादा कुछ नहीं, बस योग को करना है अपने डेली रूटीन में शामिल। उम्र बढ़ने के साथ ही हमारा शरीर कमजोर होने लगता है। शरीर का लचीलापन खत्म होने के साथ ही निष्क्रिय होने लगता है। ऐसे में खुद को स्वस्थ और फ्लैक्सीबल रखने के लिए नियमित तौर पर एक्सरसाइज, अच्छी और हेल्दी डाइट समेत कई उपाय हैं, लेकिन सबसे कारगर है योग। नियमित योगासन से 50 साल की उम्र से ज्यादा के लोगों का शरीर एक्टिव हो जाएगा। उनके शरीर का खोया हुआ लचीलापन वापस आ जाएगा। ऐसे में रोजाना योगासन जरुरी है। योग हर बीमारी की दवा है। शरीर को फ्लेक्सिबल बनाने के लिए चार ऐसे योगासन हैं, जिन्हें रोजाना करना चाहिए। 50 साल से अधिक उम्र के लोगों व बुजुर्गों के लिए योगासन लाभप्रद हैं। ये शरीर में होने वाली समस्याओं को दूर करने के साथ बुजुर्गों को एक्टिव और हेल्दी रखने में मदद करता है। चलिए जानते हैं बढ़ती उम्र में शरीर में लचीलापन बढ़ाने वाले चार योगासन के बारे में।

### पर्श्वोत्तनासन

यह आसन कमर, हथेली और शरीर के निचले हिस्से को मजबूत बनाने में मदद करता है। इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े होकर सांस खींचते हुए हल्का सा कूदें। इस दौरान एक पैर को तीन से चार फीट की दूरी पर रखें। दोनों हाथों को हिप्स रखते हुए दाएं पैर को आगे बढ़ाएं। फिर दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और सांस खींचते हुए जमीन पर हाथों को रखें। अपना माथा दाएं पैर के घुटने से टच कराएं। इस स्थिति में कुछ समय रहने के बाद पुनः सीधे खड़े होकर दूसरे पैर से ये आसन करें।

### अधोमुखश्वानासन

इस योगासन को करने के लिए सबसे पहले हथेलियों को घुटनों से शुरू करते हुए कंधों के नीचे तक ले जाएं और घुटनों को हिप्स के नीचे करें। इसके बाद अपने हिप्स को ऊपर उठाकर अपने घुटनों को सीधा करें। अब आपको उल्टा वी आकार बनाना है, इसके लिए आपको अपने पैरों को संयोजित करना है। फिर एड़ी को फर्श से छूने की कोशिश करें। कुछ सेकंड रहने के बाद इसे फिर से दोहराएं।

### मालासन

इस आसन को करने के लिए सबसे पहले मलत्याग करने की अवस्था में बैठ जाएं। अब नमस्कार की मुद्रा बनातें हुए दोनों हाथों की कोहनियों को घुटनों से लगा दें। इसी मुद्रा में रहते हुए धीरे-धीरे सांस अंदर खींचें और बाहर छोड़ें। कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद आराम से खड़े हो जाएं। इस आसन को प्रतिदिन सुबह उठकर कम से कम दस मिनट करना चाहिए।

### उत्तानासन

इस आसन को करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं। फिर दोनों हाथों को लंबी सांस लेते हुए ऊपर की ओर ले जाएं और फिर सांस छोड़ते हुए हाथों को नीचे जमीन की ओर ले जाएं। ऐसा करते समय अपने पैरों के अंगूठे को छूने की कोशिश करें। फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं।

**धर्म-आस्था**

# महामृत्युंजय मंत्र : आध्यात्मिक शक्ति, आरोग्य एवं मोक्ष का महामंत्र

भारतीय वैदिक परंपरा में अनेक मंत्रों का वर्णन मिलता है, किंतु कुछ मंत्र ऐसे हैं जिन्हें विशेष रूप से कल्याणकारी, जीवनदायी एवं आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करने वाला माना गया है। उन्हीं में से एक है महामृत्युंजय मंत्र, जिसे भगवान शिव का सर्वाधिक प्रभावशाली और चमत्कारिक मंत्र माना जाता है। यह मंत्र केवल मृत्यु के भय से मुक्ति का ही संदेश नहीं देता, बल्कि व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक रूप से सुदृढ़ बनाने का भी माध्यम है।



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

महामृत्युंजय मंत्र

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम।
ऊवार्रुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात॥

यह मंत्र ऋग्वेद एवं यजुर्वेद में वर्णित है तथा इसे रुद्र मंत्र और मृत संजीवनी मंत्र के नाम से भी जाना जाता है।

**मंत्र का भावार्थ-** हम तीन नेत्रों वाले भगवान शिव की उपासना करते हैं, जो समस्त प्राणियों का पालन-पोषण करते हैं, जीवन में सुख, समृद्धि एवं पवित्रता का संचार करते हैं। जैसे एक पका हुआ फल सहज रूप से अपने डंठल के बंधन से मुक्त हो जाता है, उसी प्रकार हम भी जन्म-मृत्यु के बंधनों, दुखों एवं भय से मुक्त होकर अमृत स्वरूप मोक्ष को प्राप्त करें।

शब्दार्थ एवं आध्यात्मिक व्याख्या

1. **ॐ (ओम)-** यह सृष्टि का मूल नाद है। समस्त ब्रह्मांड की ऊर्जा इसी ध्वनि में समाहित है। ओम परमात्मा, ब्रह्म और चेतना का प्रतीक है।

2. **त्र्यम्बकम-** त्रि अर्थात तीन और अम्बक अर्थात नेत्र। भगवान शिव के तीन नेत्र ज्ञान, विवेक और दिव्य चेतना के प्रतीक हैं। तीसरा नेत्र अज्ञान का नाश कर सत्य का प्रकाश करता है।

3. **यजामहे-** अर्थात हम उपासना करते हैं, श्रद्धा एवं समर्पण के साथ भगवान का स्मरण करते हैं।

4. **सुगन्धिम-** जिस प्रकार सुगंध दूर-दूर तक फैलती है, उसी प्रकार भगवान शिव की कृपा और दिव्यता संपूर्ण जगत में व्याप्त है। यह सद्गुणों और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।

5. **पुष्टिवर्धनम-** जो जीवन को पुष्ट, स्वस्थ एवं समृद्ध बनाता है। भगवान शिव भक्तों के जीवन में शक्ति, स्वास्थ्य और आत्मबल का विकास करते हैं।

6. **उवार्रुकमिव-** उवार्रुक का अर्थ ककड़ी या पका हुआ फल है, जो समय आने पर सहज रूप से अपने बंधन से अलग हो जाता है।

7. **बन्धनान-** संसार के मोह, भय, रोग, दुख, अज्ञान एवं जन्म-मृत्यु के बंधन।

8. **मृत्योर्मुक्षीय-** हे प्रभु! हमें मृत्यु के भय एवं उसके बंधनों से मुक्त करें।

9. **मा अमृतात-** हमें अमृत तत्व अर्थात आत्मज्ञान, मोक्ष और शाश्वत आनंद से वंचित न करें।

महामृत्युंजय मंत्र का महत्व

महामृत्युंजय मंत्र को जीवन में साहस, आत्मविश्वास और सकारात्मकता का स्त्रोत माना गया है। यह मंत्र व्यक्ति के मन में उत्पन्न भय, चिंता, तनाव एवं नकारात्मक विचारों को दूर करने में सहायक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसका नियमित जप स्वास्थ्य लाभ, मानसिक शांति तथा आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है।

**पौराणिक प्रसंग-** पुराणों के अनुसार ऋषि मृकंडु के पुत्र ऋषि मार्कण्डेय ने इसी मंत्र का जप करके भगवान शिव को प्रसन्न किया था। जब उनकी अल्पायु पूर्ण होने का समय आया, तब भगवान शिव स्वयं प्रकट हुए और उन्हें दीघार्यु का वरदान प्रदान किया। तभी से यह मंत्र मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाले मंत्र के रूप में प्रसिद्ध हुआ।

**जप की विधि-** प्रातःकाल स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

भगवान शिव के समक्ष दीप एवं धूप प्रज्वलित करें।

रुद्राक्ष की माला से 108 बार मंत्र का जप करें।

सोमवार, प्रदोष एवं महाशिवरात्रि के दिन इसका विशेष महत्व है।

जप के समय मन को शांत एवं एकाग्र रखें।

**वर्तमान जीवन में प्रासंगिकता-** आज का युग तनाव, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितताओं से भरा हुआ है। ऐसे समय में महामृत्युंजय मंत्र केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, सकारात्मक चिंतन और आत्मिक शांति प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम भी है। यह हमें जीवन की कठिन परिस्थितियों का धैर्यपूर्वक सामना करने की प्रेरणा देता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्ण्ड- 1,46,500 रवा- 1,46,300 चांदी-टंच- 2,33,500 पाट- 2,32,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**बड़ौद।** श्री महावीर जैन विद्या मंदिर बड़ौद में कक्षा- 5वीं, 8वीं, 10वीं तथा 12वीं में मध्य प्रदेश शासन की लैपटॉप योजना के पात्र 46 छात्र/छात्राओं तथा संस्था के 22 पूर्व छात्र/छात्राएं जो वर्तमान में शासकीय सेवा में या अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत है उनका सम्मान समारोह का आयोजन सौरभ जैन जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के जिला आगर मालवा के मुख्य आतिथ्य, बाबूलाल जैन कोषाध्यक्ष, प्रकाश नाहर सचिव, राजेंद्र जैन प्रबंध समिति सदस्य, अशोक मोदी प्रबंध समिति सदस्य, श्री कन्हैयालाल जी नौलखा समिति सदस्य के आतिथ्य तथा अजीत कुमार जैन, उपाध्यक्ष बड़ौद श्री वर्धमान शिक्षा समिति बड़ौद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती माता,भारत माता और भगवान श्री महावीर स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया । अतिथियों का स्वागत विद्यालय के स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया । माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल बोर्ड परीक्षा हायर सेकेंडरी में जिला स्तर पर प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया जयेश जैन को ?1100 की राशि व हाई स्कूल में जिला स्तर पर प्रावीण्य सूचि में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बहिन किरण मालवीय को 1100 की राशी विद्यालय की ओर से प्रदान की गई । उसके साथ ही प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया । जिसमें विद्यालय के कक्षा पांचवी के 68,आठवीं के 98, दसवीं के 48,बारहवीं के 46 छात्र/छात्राओं का का सम्मान किया गया ।उसी के साथ 22 शासकीय सेवा व अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत पूर्व छात्र/छात्राओं का सम्मान भी किया गया। इस प्रकार कुल 282 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया ।

## महेश जयंती पर माहेश्वरी समाज का चला समारोह धूमधाम से निकाला गया।



**खाचरोद।** नगर के माहेश्वरी समाज के आराध्यदेव भगवान श्री महेश जी की महेश नवमी समाजजनों ने हर्षौल्लास से मनाई गई। महेश नवमी के एक दिवस पूर्व समाज के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज के सभी वर्गों द्वारा सहभागिता कर आयोजन किया गया। महेश नवमी के पर्व पर प्रातः माहेश्वरी भवन से भव्य चला समारोह निकाला गया। चला समारोह में समाज के पुरुष वर्ग एवं महिलावर्ग विशेष वस्त्र धारण कर निकली। पुरुष वर्ग पगड़ी बांधकर सजधज कर निकले। उज्जैन से महाकाल डमरूवाधक की टीम ने प्रदर्शन चल समारोह में दिया गया। बैंडबाजे ढोल ताशे की पार्टी के साथ उत्साह पूर्वक निकला। बग्गी पर भोलेनाथ एवं हनुमान जी के पात्र सज धज के वेशभूषा में निकले। बग्गी में आराध्यदेव भगवान महादेव के चित्र को विराजित कर चले। चलसमारोह नगर के गणेशदेवली , अनंतनारायण मंदिर चौराहा, जवाहर मार्ग, चबूतरा चौराहा पर भाजपा मंडल द्वारा चल समारोह का पुष्प वर्षा कर स्वागत कीया गया। महेश जयंती के अवसर पर समाज के अध्यक्ष जगदीश राठी द्वारा समाज की आगामी कार्ययोजना को अपने उदबोधन में बताया गया। समाज के प्रगति और विकास के लिये समाजजनों से चर्चा की गई। समस्त समाजजन का आभार महिला अध्यक्ष श्रीमती अलका राठी एवं युवा अध्यक्ष रोचक गगरानी ने माना।

## आधे घंटे में कुत्ते ने चार लोगों को नोंचा, 6 साल के बच्चे के हाथ में एक सेंटीमीटर का घाव

**देवास।** इटावा और अर्जुन नगर क्षेत्रों में सोमवार शाम एक कुत्ते ने चार लोगों पर हमला कर दिया। इन हमलों में तीन बच्चे और एक महिला घायल हुए। महज आधे घंटे के भीतर हुई इस घटना में एक 6 वर्षीय बालक का हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके हाथ में करीब एक सेंटीमीटर गहरा घाव हो गया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल से इंदौर रेफर किया गया। इटावा क्षेत्र में गार्डन के पास अपने घर के बाहर खेल रहे 6 वर्षीय नासिर शेख पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। परिजनों और आसपास के लोगों के पहुंचने से पहले ही कुत्ते ने उसके हाथ को बुरी तरह नोच लिया था। हमले में नासिर के हाथ में गहरा घाव हो गया और काफी रक्तस्त्राव हुआ। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे इंदौर रेफर कर दिया। इसके बाद कुत्ता अर्जुन नगर पहुंचा, जहां उसने 3 वर्षीय क्रियांश पर हमला किया। कुछ ही देर बाद उसने 2 वर्षीय प्रणेता को भी निशाना बनाया। प्रणेता की चीख सुनकर उसे बचाने दौड़ी उसकी मौसी काजल पर भी कुत्ते ने हमला कर दिया और उन्हें काट लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इन लगातार हमलों से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बच्चों और महिला का उपचार किया गया।

## मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में मंडी रही बंद

**तराना।** मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में मंगलवार को व्यापारी द्वारा कृषि उपज मंडी एक दिन के लिए बन्द रही।मंडी में नीलामी कार्य नहीं हुआ। महासंघ इंदौर के आह्वान पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 0.50 प्रतिशत टैक्स वृद्धि के विरोध में मंडी नीलाम हड़ताल की गई। महेंद्र सोनी अध्यक्ष,व्यापारी सघ तराना ने प्रदेश सरकार द्वारा कृषि उपज पर 0.50 प्रतिशथ टैक्स की वृद्धि की गई है जिससे की किसानों एवं व्यापारी पर अतिरिक्त भार बड गया है जिससे किसान एव व्यापारी का आर्थिक नुकसान होगा। महासंघ के निर्देश पर सभी मंडियों के साथ तराना मंडी के व्यापारी भाई भी मंडी नीलामी कार्य में भाग नहीं लिया।इसकी सूचना सोमवार को मंडी कार्यलय में दे दी गई थी।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

# पहली बारिश से तरबतर, कई इलाकों में जलभराव, मेना रोड पर घर में घुसा पानी

### कर्मचारियों ने नाले का जाम हटाकर कराई पानी की निकासी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर





मंगलवार दोपहर नगर में मानसून की पहली जोरदार बारिश हुई। करीब आधे घंटे तक गरज-चमक के साथ हुई झमाझम बारिश ने पूरे नगर को तरबतर कर दिया। लंबे समय से उमस भरी गर्मी और तेज धूप से परेशान लोगों को मौसम के बदलते मिजाज ने बड़ी राहत दी। बारिश के बाद दिनभर मौसम सुहावना बना रहा और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि पहली ही तेज बारिश में नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खुल गई। कई निचले इलाकों और सड़कों पर पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के दौरान नरबदिया क्षेत्र में नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया और कई स्थानों पर नालों के ऊपर से पानी बहने लगा। इससे आसपास की सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। राहगीरों और वाहन चालकों को पानी से भरी सड़कों से होकर गुजरना पड़ा। कई स्थानों पर लोगों को अपने घरों और दुकानों के सामने जमा पानी निकालने की मशक्कत करनी पड़ी। सबसे अधिक परेशानी मेना रोड क्षेत्र में देखने को मिली। यहां स्थित नाले में कचरा एवं सीमेंट की पटि का एक टुकड़ा फंस जाने से नाला पूरी तरह जाम हो गया। पानी की निकासी बंद होने के कारण बारिश का पानी तेजी से एक मकान में घुस गया जिससे परिवार को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसकी सूचना तत्काल नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी को दी गई।

सूचना मिलते ही अध्यक्ष प्रदीप सोनी बारिश के बीच ही नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का निरीक्षण कर तत्काल नाले की सफाई शुरू करवाई। सफाई कर्मचारियों ने नाले में फंसी पटिया और कचरे को हटाकर पानी की निकासी सुचारु कराई। कुछ ही देर में जमा पानी निकलना शुरू हो गया और प्रभावित परिवार को राहत मिली। स्थानीय नागरिकों ने त्वरित कार्रवाई के लिए नगर परिषद की टीम का आभार भी व्यक्त किया। नगरवासियों का कहना है कि मानसून की शुरूआत में ही हुई इस बारिश ने यह संकेत दे दिया है कि बरसात के दौरान जल निकासी व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। लोगों ने मांग की कि नगर के सभी प्रमुख नालों की समय-समय पर सफाई कराई जाए ताकि आगामी दिनों में भारी बारिश के दौरान जलभराव और घरों में पानी घुसने जैसी समस्याओं से बचा जा सके। पहली बारिश ने जहां मौसम को खुशनुमा बना दिया, वहीं नगर परिषद के लिए जल निकासी व्यवस्था को और बेहतर बनाने की चुनौती भी सामने रख दी।

### माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी पर निकाला चल समारोह

## भगवान महेश की झांकी आकर्षण का केंद्र, जगह-जगह हुआ स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर मालवा में महेश नवमी के अवसर पर मंगलवार को माहेश्वरी समाज ने नगर में एक चल समारोह आयोजित किया। यह शोभायात्रा दोपहर में माहेश्वरी धर्मशाला से विधि-विधान के साथ शुरू हुई। इसमें समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में भगवान महेश के जयकारों के साथ भाग लिया।

चल समारोह में भगवान महेश की एक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। बैंड-बाजों, धार्मिक ध्वजों और भक्ति गीतों के साथ यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों जैसे पुराना अस्पताल चौराहा, हाटपुरा और सराफा बाजार से गुजरी। पूरे मार्ग पर श्रद्धालु 'जय महेश' के जयकारे लगाते रहे। नगर के विभिन्न स्थानों पर समाज के सदस्यों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। कई जगह स्वागत मंच बनाए गए थे, जहाँ श्रद्धालुओं ने भगवान महेश की आरती की। समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों की सहभागिता से यह आयोजन सफल रहा। चल समारोह का समापन अस्तल स्थित सत्यनारायण मंदिर, गली परिसर में हुआ। इसके उपरांत, श्रद्धालुओं ने भगवान महेश के दर्शन कर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। समाज के श्रीकांत माहेश्वरी ने बताया कि शाम को माहेश्वरी धर्मशाला में महेश नवमी महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज के लिए समर्पित और विशेष योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। महेश नवमी महोत्सव के तहत आयोजित धार्मिक, सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

### बैठक में संगठन सशक्त बनाने पर मंथन

## आद्य गौड़ बावीसा ब्राह्मण समाज की बैठक

**शुजालपुर।** अखिल भारतीय आद्य गौड़ बावीसा ब्राह्मण समाज शाखा सिंधकंठा केंद्र पोलायकलां की विशेष बैठक चित्रकूट धाम बड़ौद में आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकता, संगठन विस्तार एवं केंद्रीय कार्यकारिणी से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरूआत वेद मंत्रोच्चार के साथ शिव परिवार, वेद माता गायत्री एवं भगवान परशुराम के पूजन-अर्चन से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. मनोहर प्रसाद शास्त्री ने की, जबकि पं. जगदीश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष डॉ. घनश्याम दीक्षित, अध्यक्ष जनक प्रसाद जोशी ने स्वागत भाषण दिया तथा जगदीश शर्मा ने आभार व्यक्त किया। सचिव मोहनलाल शर्मा ने प्रस्ताव वाचन किया। लेखन कार्य किशोर शास्त्री एवं दिनेश व्यास ने संपादित किया। बैठक में केंद्रीय चुनाव, निर्विरोध निर्वाचन, नवीन केंद्रीय कार्यकारिणी के गठन में शाखा के सहयोग तथा संगठन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत को लागू करने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही शाखा स्तर पर नवीन केंद्रीय प्रतिनिधियों का चयन भी किया गया। नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जनक प्रसाद जोशी को अध्यक्ष, निशिकांत व्यास, रमेशचंद्र व्यास, राधेश्याम शर्मा एवं ओमप्रकाश शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ. घनश्याम दीक्षित को कोषाध्यक्ष तथा मोहनलाल शर्मा को सचिव नियुक्त किया गया।

## कांग्रेस, भाजपा से नहीं अपनों से ही हारती- अजय सिंह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल



धाकड़ धर्मशाला में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने संगठन की मजबूती किसानो की समस्या और प्रदेश की मौजूदा परिस्थितियों को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। सम्मेलन में कांग्रेस के पूर्व प्रतिपक्ष नेता अजय सिंह ने पार्टी की अंदरूनी स्थिति पर बेबाक राय रखते हुए कहां की चुनाव आते ही कांग्रेस का हर नेता स्वयं को दावेदार मानने लगता है या किसी न किसी का पठा बन जाता है। इसी कारण कांग्रेस कई बार भाजपा से नहीं बल्कि अपने ही लोगों से चुनाव हार जाती है उन्होंने कार्यकताओं से स्थानीय एवं जनहित के ज्वलंत मुद्दों पर सक्रियता से काम करने का आहान करते हुए कहा कि वर्ष 2028 के चुनाव को देखते हुए पार्टी को हर हाल में एकजुट होना पड़ेगा। उनका मुख्य उद्देश्य कांग्रेस को पहले से अधिक मजबूत और संगठित बनाना है ।

कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं तराना विधायक महेश परमार ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार किसानों को परेशान कर रही है किसान खाद के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं वहीं अपनी फसलों के भुगतान के लिए बैंकों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उन्होंने पेपर लीक मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्यार्थी निराशा के चलते आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि दौरे के दौरान विकास की चर्चा कम और कचोरी मोतीपाक की बातें अधिक होती है। जबकि उनके गृह जिले में ही स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल है।उक्त कार्यक्रम कांग्रेस जिला सचिव जीवन मालवीय के नेतृत्व में रखा गया था । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश कांग्रेस सचिव राजभान सिंह, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष महफूज अली, जीवन मालवीय, विधायक दिनेश जैन बोस, रामेश्वर पटेल ,आत्माराम पटेल, वीर सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

### सलसलाई में पांच दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का समापन

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति, बाबा रामदेव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया के सलसलाई नगर में पांच दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं बाबा रामदेव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मंगलवार दोपहर 1 बजे संपन्न हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इससे मंदिर परिसर और आयोजन स्थल पर दिनभर भीड़भाड़ रही। समापन अवसर पर यज्ञाचार्य निखिल शर्मा के सान्निध्य में वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ की पूणार्हुति हुई। यज्ञशाला में उपस्थित श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इसके बाद विधिवत पूजन-अर्चन के साथ बाबा रामदेव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अंतिम दिन विशेष रूप से महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें दीपों की रोशनी और मंत्रोच्चार के बीच भक्तों ने हिस्सा लिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस पांच दिवसीय धार्मिक महोत्सव ने क्षेत्र में धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश दिया है।

**महाआरती के बाद विशाल महाभंडारा**

महाआरती के बाद विशाल महाभंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति ने भोजन, पेयजल, बैठने और यातायात सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विशेष प्रबंध किए थे। स्वयंसेवकों ने पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्था संभाली और श्रद्धालुओं की सेवा की।

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार हकिम उद्दीन पिता अजगर अली, जाति बोहरा, निवासी बुद्ध मार्ग, खाचरौद को निम्नांकित संपत्तियाँ असगर अली पिता कुरबान हुसैन एवं मरियम बाई पति असगर अली, जाति बोहरा से विधिवत हिबानामा (Gift Deed) के माध्यम से प्राप्त हुई हैं-

संपत्ति क्रमांक 1 नगर पालिका परिषद खाचरौद की सीमा अंतर्गत, मोहल्ला पटेल कॉलोनी स्थित आराजी सर्वे क्रमांक 4243 की भूमि पर निर्मित मकान, क्षेत्रफल 48.73 वर्गमीटर।

संपत्ति क्रमांक 2 नगर पालिका परिषद खाचरौद की सीमा अंतर्गत, मोहल्ला पटेल कॉलोनी स्थित आराजी सर्वे क्रमांक 4243 की भूमि पर निर्मित मकान, क्षेत्रफल 27.87 वर्गमीटर।

उक्त संपत्तियाँ हिबानामा के माध्यम से प्राप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा हिबानामा के आधार पर नगर पालिका परिषद खाचरौद में विधिवत नामांतरण कराया गया है। उक्त नामांतरण प्रकरण क्रमांक 338-अ/2022, आदेश दिनांक 30/05/2023 एवं संकल्प क्रमांक 196 दिनांक 07/12/2022 के अनुसार संपन्न हुआ है। इस प्रकार मेरे पक्षकार उक्त संपत्तियों के वैध स्वामी एवं कब्जाधारी हैं।

यदि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्तियों के विरुद्ध ऐक्सीस बैंक शाखा खाचरौद ऋण लिया जाता है अथवा उक्त संपत्तियों का विक्रय, हस्तांतरण, बंधक अथवा अन्य किसी प्रकार का व्यवहार किया जाता है और किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभाग को उक्त संपत्तियों के संबंध में कोई आपत्ति, दावा, अधिकार अथवा हित विद्यमान हो, तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिवस के भीतर अपने समस्त दस्तावेजी प्रमाणों सहित लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करे।

निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की आपत्ति, दावा अथवा अधिकार को स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा उसके लिए मेरे पक्षकार अथवा अधोहस्ताक्षरी किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।

दिनांकः 22/06/2026

**(युगल किशोर लिम्बोलिया) एडवोकेट**
**श्री सांवलिया सेठ जी एंड एसोसिएट्स, खाचरौद तहसील एवं जनपद पंचायत कार्यालय के पीछे, खाचरौद, जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मो.: 7828540774**

## समावेशित शिक्षा के संबंध में बैठक संपन्न

**सुसनेर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुसनेर में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत सीडब्ल्यूएसएन (विशेष आवश्यकता वाले) बच्चों की शिक्षा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन एमआरसी ओमप्रकाश पाटीदार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राधेश्याम पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सीडब्ल्यूएसएन बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति, शैक्षणिक प्रगति एवं समावेशी शिक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उपस्थित शिक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों ने बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सहायक उपकरणों तथा व्यक्तिगत शिक्षण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एमआरसी ओमप्रकाश पाटीदार एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राधेश्याम पाटीदार ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यार्थी की विशेष आवश्यकता के अनुरूप शिक्षण गतिविधियों का संचालन किया जाए तथा अभिभावकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखा जाए। साथ ही छात्रवृत्ति, शासकीय योजनाओं एवं अन्य लाभकारी सुविधाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने पर भी चर्चा की गई। अंत में विद्यालय परिसर को दिव्यांगजन-अनुकूल बनाने, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनकी शिक्षा की गुणवत्ता और सर्वांगीण विकास के लिए सभी संबंधित पक्षों द्वारा सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया। बैठक का समापन समावेशी शिक्षा को और अधिक प्रभावी एवं परिणाममूलक बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## योग सेवा समिति के मार्गदर्शन में योग

**बड़ोद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज बड़ोद नगर में योग सेवा समिति बड़ोद के मार्गदर्शन में एवं नगर परिषद बड़ोद के संयोजन में नगर परिषद ग्राउंड पर सभी नगर वासियों द्वारा योग किए गए योग गुरु सेवक राम जी द्वारा योग क्रिया करवाई गई कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष विजय कुंडल बोहरा द्वारा किया गया कार्यक्रम में बड़ोद नगर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रामनारायण देवड़ा भारतीय जनता पार्टी किसान संघ के उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लवंशी भाजपा मंडल बड़ोद के उपाध्यक्ष नारायण जायसवाल अंकित जैन लोकेश जायसवाल प्रवीण एवं अन्य कान्या मान्या नागरिक बंधु माताएं बहने नगर परिषद के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी की सराहनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के पश्चात नगर पंचायत सल्पाहार रखा गया एवं आगे नगर में तीन दिवसीय स योग शिव ओम प्रतिदिन नगर परिषद गार्डन में योग क्रिया प्रारंभ करने का विचार रखा गया आप सभी नागरिक बंधुओ से भी आग्रह है कि प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे योग करने अवश्य आए। वर्तमान समय में जो बीमारियां है मानसिक तनाव से घीरे हुए हैं उनसे मुक्ति पाने का सफल प्रयास करें।

## एमजी रोड नाला निर्माण में देरी, ठेकेदार पर लगा जुर्माना

### आयुक्त दिलीप कुमार ने किया निरीक्षण



**देवास।** देवास नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने मंगलवार को एमजी रोड पर निमार्णाधीन नाले के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और ठेकेदार को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। आयुक्त दिलीप कुमार ने बताया कि बार-बार चेतावनी के बावजूद कार्य में सुधार नहीं हुआ। इस कारण संबंधित ठेकेदार पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजना निर्धारित समय-सीमा से 15 से 20 दिन पीछे चल रही है। आयुक्त ने जानकारी दी कि अगले 2 से 4 दिनों में सुभाष चौक तक सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की योजना है। निमार्णाधीन नाले का कार्य भी जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एमजी रोड पर नाला निर्माण के कारण बारिश के दौरान स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। हाल ही में हुई बारिश के बाद कई स्थानों पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति बन गई थी, जिससे व्यापारियों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गई थीं। इसी समस्या के मद्देनजर आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के व्यापारियों ने भी अपनी समस्याएं आयुक्त के सामने रखीं। आयुक्त ने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर लोगों को जल्द से जल्द राहत प्रदान की जाएगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**मामले का विषय-बटवारा बाबत**
**प्रकरण क्रमांक :-0086/31-27/2025-26**
**रामप्रतापसिंह पिता स्व. श्री धूलसिंह जाति राजपूत आदिगण**
**विरूद्ध**
**सुरेन्द्रसिंह आदि गण**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रार्थी रामप्रतापसिंह पिता घुलसिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम भैसौला जिला उज्जैन द्वारा इस न्यायालय के समक्ष मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत ग्राम भैसौला स्थित भूमि सर्वे नंबर 511/3, 512, 519, 520, 774 रकबा क्रमशः 3.35, 0.04, 1.00, 1.11, 1.64 हे. कुल किता 05 कुल रकबा 7.14 हे. स्थित है। जिसमें सहकृषक रामप्रतापसिंह पिता धुलसिंह आदिगण के नाम से दर्ज होकर उक्त भूमि का बंटवारा किया जाने हेतू आवेदन पेश किया गया है।

उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो निश्चित तारीख 01.07.2026 को या उसके पूर्व स्वयं या विधिक अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर स्वीकार नही होगी।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा कार्यालय की मोहर के अधीन आज दिनांक 10.06.2026 को जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील खाचरोद जिला उज्जैन (म.प्र.)**

## माहेश्वरी समाज ने धूमधाम से मनाया वंशोत्पत्ति दिवस

**शुजालपुर।** माहेश्वरी समाज अकोदिया द्वारा मंगलवार को समाज का वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से प्रभातफेरी निकालकर की गई। प्रभातफेरी श्री हनुमान मंदिर, वैद्य गली, साईनाथ प्रिंटर्स चौराहा, सिद्धि विनायक चौराहा, झंडा चौक, शिवाजी मार्केट और टप्पा चौराहा होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। मार्ग में गोपाल लाहोटी एवं माधव माहेश्वरी ने अपने निवास पर समाजजनों का स्वागत किया। मंदिर परिसर में पंडित दिलीप आनंद एवं पंडित अमित आनंद के सान्निध्य में भगवान शिव परिवार का विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजन किया गया। इसके बाद रीता लाहोटी, सरिता राठी, ज्योति राठी एवं शशि सर्राफ ने महेश वंदना प्रस्तुत कर भक्तिमय वातावरण बनाया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के लिए लकी गेम्स आयोजित किए गए, जिसमें शशि सर्राफ ने प्रथम, रेनू माहेश्वरी ने द्वितीय तथा रीता लाहोटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बच्चों की चेयर रेस प्रतियोगिता में प्रजनन माहेश्वरी प्रथम, मानवीक माहेश्वरी द्वितीय एवं सौम्या माहेश्वरी तृतीय रही। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतिभा सम्मान समारोह में माहेश्वरी समाज के जिलाध्यक्ष अजय राठी एवं महिला मंडल ने कक्षा 10वीं में धैर्य सोमानी, 12वीं में शुभ राठी तथा सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर श्रेयांश लाहोटी का सम्मान किया।

## शुजालपुर को मिली विधि महाविद्यालय की सौगात

**शुजालपुर।** क्षेत्र के शैक्षणिक विकास को नई दिशा देते हुए प्रदेश सरकार ने शुजालपुर में नवीन शासकीय विधि महाविद्यालय की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। महाविद्यालय का संचालन सत्र 2026-27 से प्रारंभ किया जाएगा। नवीन शासकीय विधि महाविद्यालय के लिए कुल 17 पदों के सृजन को स्वीकृति मिली है, जिनमें 9 शैक्षणिक एवं 8 अशैक्षणिक पद शामिल हैं। इसके संचालन एवं व्यवस्थाओं के लिए 2.39 करोड़ रुपए की व्यय राशि भी स्वीकृत की गई है। महाविद्यालय की स्थापना से शुजालपुर एवं आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही युवाओं को कानून, न्याय एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में करियर निर्माण के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि शुजालपुर शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। इससे पहले क्षेत्र को आयुर्वेद महाविद्यालय की सौगात मिल चुकी है और अब विधि महाविद्यालय की स्वीकृति से शैक्षणिक विकास को और गति मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने शासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## 2 जुलाई को शुजालपुर में लगेगा युवा संगम रोजगार मेला

**शुजालपुर।** शासन की मंशा एवं कलेक्टर शाजापुर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2 जुलाई को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला जेएनएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेले में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसमें 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई तथा स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, जो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर उनकी योग्यता एवं दक्षता के आधार पर चयन करेंगे। इसके अलावा स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप से संबंधित अवसरों की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रशासन ने पात्र युवक-युवतियों से रोजगार मेले में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## अमेरिका-ईरान समझौते का भारत ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स देशों के अपने समकक्षों का मंगलवार को यहां स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना एक बहुत ही स्वागत योग्य कदम है क्योंकि इससे ऊर्जा सुरक्षा में मदद मिलेगी। ब्रिक्स देशों के एनएसए के सम्मेलन में अपने प्रारंभिक उद्बोधन में डोभाल ने भूराजनीतिक अनिश्चितताओं और आर्थिक अवरोधों के प्रभाव की बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समूह को इन चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। एनएसए अजित डोभाल की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में चीन के विदेश मंत्री वांग यी, रूस के एनएसए सर्गेई शोइगु, ईरान के सुरक्षा अधिकारी जी निजामीपुर और ब्रिक्स देशों के अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी भाग ले रहे हैं।

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट में संभावित फेरबदल की चर्चाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह पीएम मोदी की राष्ट्रपति से यह मुलाकात पद्म पुरस्कार समारोह के बाद राष्ट्रपति भवन में हुई है। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में एक बार फिर मोदी कैबिनेट में बदलाव को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पीएम मोदी और राष्ट्रपति की इस बैठक के एजेंडे को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। साथ ही केंद्र सरकार की ओर से मंत्रिपरिषद में किसी संभावित बदलाव या फेरबदल को लेकर भी कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है। फिर भी, इस मुलाकात को संभावित केंद्रीय कैबिनेट विस्तार या फेरबदल से जोड़कर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान के इन झूठे और मनगढ़ंत आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हैं।

# मोहन बड़ोदिया पुलिस की बड़ी कामयाबी, 24 घंटे में अपहरण नाबालिग सकुशल बरामद

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र से लापता हुई 15 वर्षीय नाबालिग को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। अपहरण के इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को धर दबोचा है। वारदात में इस्तेमाल की गई एक ओमनी वैन भी पुलिस ने जब्त कर ली है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 22 जून 2026 को फरियादी ने मोहन बड़ोदिया थाने में अपनी 15 वर्षीय पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि उनकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है और उन्हें आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपहरण का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। घटना की संवेदनशीलता के मद्देनजर शाजापुर पुलिस अधीक्षक ने अपहृता की तलाश और बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए 5,000 के नकद इनाम की घोषणा भी की थी। मामले को सुलझाने के लिए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय और एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अरविंद सिंह तोमर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसी बीच जिला साइबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए और मुखबिरों को सक्रिय किया गया।

### आगर-मालवा जिले से हुई गिरफ्तारी

तकनीकी जानकारी और पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आगर-मालवा जिले के कानड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झारला में दबिश दी। यहां पुलिस ने अपहृता को आरोपियों के चंगुल से सकुशल मुक्त करा लिया। मौके से पुलिस ने आरोपी कमल पिता रतनलाल मालवीय, निवासी अरनिया और अरमान पिता जाकिर खान, निवासी कानड़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने वह ओमनी वैन भी जब्त कर ली है जिसमें नाबालिग को ले जाया गया था। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# नेशनल हाईवे- 52 पर भीषण सड़क हादसा

**शाजापुर।** रात के सफर के दौरान आई नींद की एक छोटी सी झपकी ने ट्रक चालक की जिंदगी छीन ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना उकावता पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे ब्रिज के पास स्थित स्पीड ब्रेकर की है। सोमवार रात करीब 12 से 1 बजे के बीच यह हादसा उस वक्त हुआ जब पीछे से आ रहे एक ट्रक के चालक को अचानक नींद आ गई। इसके चलते वह वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सीधे आगे चल रहे एक अन्य ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीछे वाले ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर पिचक गया। हादसे के तुरंत बाद आगे वाले ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया।

**भारी मशक्कत के बाद निकाले गए शव और घायल-** राहगीरों की सूचना पर उकावता पुलिस चौकी की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने क्षतिग्रस्त ट्रक के केबिन में फंसे चालक और हेल्पर को निकालने के लिए भारी मशक्कत की। जब तक दोनों को बाहर निकाला गया, तब तक चालक दम तोड़ चुका था। गंभीर रूप से घायल हेल्पर को आनन-फानन में शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है और वह फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं है। उकावता चौकी पुलिस के अनुसार मृतक चालक की शिनाख्त गुलाबचंद पिता गुरुप्रसाद गुप्ता निवासी कानपुर के रूप में हुई है। वहीं घायल हेल्पर का नाम विनोद बताया जा रहा है। पुलिस ने घटना के संबंध में कानपुर स्थित मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है।

# तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग का रात के अंधेरे में अपहरण, फिर किया दुष्कर्म

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

जिले के मक्सी थाना क्षेत्र में अपराध का एक झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने नाबालिग लड़की की सामान्य तस्वीरें एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। आरोपी ने आधी रात को सोती हुई नाबालिग के घर में घुसकर उसे जबरन अगवा किया और अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता और उसके परिजनों की शिकायत पर मक्सी थाना पुलिस ने आरोपी अल्तमस के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मेहंदी लगाने जाने पर शुरू हुआ था विवाद**

पुलिस को दिए बयान में आठवीं कक्षा तक पढ़ी पीड़िता ने बताया कि वह आरोपी अल्तमस को पिछले दो साल से जानती है। 17 जून की दोपहर करीब 1 बजे आरोपी की मां ने उसे अपने घर मेहंदी लगाने के लिए बुलाया था। काम खत्म होने के बाद जब वह वापस लौटने लगी, तो अल्तमस ने उसे रोक लिया। उसने नाबालिग को मोबाइल में उसकी तस्वीरें दिखाते हुए दबाव बनाया कि वह उससे फोन पर बात क्यों नहीं करती। इनकार करने पर आरोपी ने उसकी तस्वीरें एडिट कर वायरल करने की धमकी दी। डर के मारे पीड़िता ने एक-दो बार आरोपी से फोन पर बात भी की।

**आधी रात को छत से कूदा, मुंह दबाकर किया अगवा**

धमकी का सिलसिला यहीं नहीं रुका। 21 और 22 जून की दरमियानी रात करीब 2 बजे आरोपी अल्तमस छत के रास्ते पीड़िता के कमरे में जा घुसा। उस वक्त नाबालिग अपने छोटे भाई-बहनों के साथ सो रही थी। आरोपी ने उसका मुंह दबा लिया और तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर उसे जबरन अपने घर ले गया। वहां उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने विरोध किया और शोर मचाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसके गले पर काट लिया और जान से मारने की धमकी दी।

**तलाश करते हुए परिजन पहुंचे, बाड़े में मिली पीड़िता**

वारदात के करीब एक-दो घंटे बाद जब पीड़िता के परिजन उसकी तलाश करते हुए अल्तमस के घर पहुंचे, तो आरोपी ने उन्हें अंदर नहीं घुसने दिया। इसी गहमागहमी के बीच पीड़िता का भाई घर के पीछे बने बाड़े तक पहुंच गया, जहां नाबालिग डरी-सहमी हालत में छिपी हुई मिली। भाई उसे तुरंत अपने साथ घर लेकर आया। परिजनों के सामने पीड़िता ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद वे उसे लेकर मक्सी थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## धार्मिक स्थल पर थूका, अब पुलिस रखेगी पैनी नजर

**शाजापुर।** भेरू महाराज के मंदिर पर थूकने की घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सोमवारिया बाजार क्षेत्र के व्यापारियों ने बताया कि शहर में इन दिनों मोहर्रम पर्व के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुलूस और धार्मिक कार्यक्रम निकल रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई कि किसी शरारती तत्व ने माहौल खराब करने के उद्देश्य से भेरू महाराज के मंदिर और दुकानों पर थूक दिया, जिसकी सफाई करवाकर भेरू महाराज का नया श्रृंगार किया गया। वहीं मामले में पुलिस ने जुलूसों के दौरान मंदिरों की सुरक्षा पुख्ता करने की बात कही है।

**पश्चिम रेलवे**
**अहमदाबाद मण्डल**

**ईनडोर सिग्नलींग उपकरण के उन्नयन के संबंध में इंटरलॉकिंग प्रणाली के विविध कार्य**

**निविदा सं. DRM-SnT-ADI-Sig 05 of 2026-27 आमंत्रित करती सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत डीआरएम/एस एण्ड टी ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। बोलीदाता उनकी मुल/ संशोधित बोली केवल बंद होने की तारीख एवं समय तक जमा कर सकते हैं, यह निविदा समक्ष मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहिं किया जायेगा और कोई भी मैन्युअल ऑफर प्राप्त होने पर ध्यान नहिं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** अहमदाबाद मण्डल की इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली द्वारा विरमगाम के इनडोर सिग्नलिंग उपकरण के उन्नयन के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (E.I) प्रणाली की डिजाइन, आपूर्ति, संस्थापन, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और कमिनिंग करने का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 31,48,68,507.65/- (रूपये इकत्तीस करोड़ अड़तालीस लाख अडसठ हजार पांच सौ सात और पैंसठ पैसे केवल) **जमा बयाना राशीः** ₹ 62,97,400/- (रूपये बांसठ लाख सत्तानबे हजार चार सो केवल) **निविदा बंद होने एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः दिनांकः** 20/07/2026 को 15:00 बजे तक उसके बाद नहिं एवं 20/07/2026 को 15:30 बजे निविदा खोली जायेगी। **ई-निविदा की वेबसाईटः** www.ireps.gov.in

ADI-077

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# आधुनिक कृषि एवं बैंकिंग योजनाओं की दी जानकारी

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा शाजापुर द्वारा होटल राजश्री में एसबीआई एग्री स्मार्ट किसान सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी, प्रोसेसर एवं बैंक के विशिष्ट ग्राहक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एजीएम एबीयू कॉर्पोरेट सेंटर राजेन्द्र मोहेकर, क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण कुमार सिंह, एजीएम एबीयू एलएचओ भोपाल शशांक कुमार, मुख्य शाखा शाजापुर के मुख्य प्रबंधक अक्षय कुमार स्वैन, चैक बाजार शाजापुर शाखा के मुख्य प्रबंधक नितिन बैरागी, मगारिया शाजापुर शाखा के मुख्य प्रबंधक शरद शर्मा, सीएम क्रेडिट जय प्रकाश भारती, सीएम डीवीएएस आशीष सोनी एवं सनी जैन सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को भारतीय स्टेट बैंक की कृषि ऋण स्वीकृति प्रक्रिया, एग्री सीपीसी की कार्यप्रणाली तथा बैंक की विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कृषि क्षेत्राधिकारी द्वारा एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड , पीएमएफएमई, एएफईएल, किसान समृद्धि ऋण सहित विभिन्न कृषि वित्त योजनाओं की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में एसबीआई शाजापुर मुख्य शाखा के क्षेत्राधिकारी पवन कुमार दुबे एवं श्रीमती डॉली खत्री द्वारा आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों एवं कृषि क्षेत्र में तकनीकी उन्नयन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने किसानों को नवीन कृषि पद्धतियों को अपनाने एवं उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा कृषि क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक के योगदान की जानकारी दी। बैंक अधिकारियों द्वारा जमा योजनाओं, निवेश विकल्पों एवं अन्य बैंकिंग उत्पादों की जानकारी भी प्रतिभागियों को प्रदान की गई। सम्मेलन के दौरान उपस्थित सभी किसान प्रतिभागियों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने बैंक द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए इसे ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। बैंक प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि इस सम्मेलन से कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण व्यवसाय वृद्धि के नए अवसर विकसित होंगे तथा बैंक और किसानों के बीच सहयोग और अधिक सुदृ होगा।

## विद्यालय में गूंजा करें योग, रहें स्वस्थ का संकल्प

**शुजालपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेड़ा में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणजनों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक पहचान दिलाने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। योग शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है तथा तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। नियमित योगाभ्यास से कई बीमारियों से बचाव संभव है और दवाइयों पर होने वाला खर्च भी कम किया जा सकता है। विद्यालय परिसर में आयोजित योग सत्र में प्रतिभागियों ने खड़े होकर, पीठ एवं पेट के बल किए जाने वाले विभिन्न योगासन, पद्मासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने योग के वैज्ञानिक महत्व और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम सरपंच बापूसिंह मेवाड़ा, संस्था प्रभारी प्राचार्य हजारीलाल जाधव, संतोष पाठक, विक्रम सिंह कुशवाह,विष्णु मेवाड़ा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जाहिर - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार भेरु सिह पुत्र चंदरसिंह निवासी ग्राम लहसुडिया देवश्री तहसील महिदपुर एवं कृषक ग्राम मुण्डलीभोज तहसील झारडा जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, मेरे पक्षकार की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य हक हिस्से की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 291/1 रकबा 0.30 हैक्टर, सर्वे नम्बर 291/2 रकबा 0.30 हैक्टर, सर्वे नम्बर 291/3 रकबा 0.31 हैक्टर, तथा सर्वे नम्बर 290 रकबा 1.93 हैक्टर भूमि, समस्त खातों कि कुल किता 04 कुल रकबा 2.84 हैक्टर भूमि, स्थित ग्राम मुंडलीभोज तहसील झारडा जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर केतापक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर, सौदा चिट्ठी/अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, अनुबंध कर शेष बकाया राशि धन प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन केतापक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (7) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करें, एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 22-06-2026

**अरविन्द शर्मा दस्तावेज लेखक**
**पता- दुकान नम्बर 01. न्यू बस स्टेण्ड, तहसील कार्यालय के सामने, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 94240-14405, 9993133666**

## जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार श्रीमती विजयकांत बेस पति श्री उदय सिंह बेस निवासी-पवासा, मक्सी रोड उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-425/2, रकबा 0.21 हेक्टेयर एवं सर्वे नंबर 425/ 3. रकबा 0.631 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.841 हेक्टेयर स्थित ग्राम नीमनवासा प.ह.नं 41 तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. को अनुबंधग्रहित श्री चेतन केवलानी पिता श्री मेघराजमल केवलानी निवासी 30, संतराम सिंधी कॉलोनी उज्जेन द्वारा क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 15/05/2024 को संपादित किया था! उक्त अनुबंध पत्र की मुख्य शर्त के अनुसार विक्रय मूल्य की शेष राशि का भुगतान कर मार्च 2025 तक रजिस्ट्री करवाना अनिवार्य था, चुकी अनुबंधग्रहित निश्चित समयावधि बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक शेष राशि का भुगतान करने और रजिस्ट्री करवाने मै पूर्णतः असफल व डिफॉल्टर रहे है! उक्त शर्तो के उल्लंघन के कारण मेरी पक्षकार द्वारा बयाना राशि अनुबंधग्रहित को वापस लौटा कर विक्रय अनुबंध पत्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त व शून्य घोषित किया जाता है! अब उक्त भूमि पर अनुबंधग्रहित का कोई वैधानिक अधिकार या दावा शेष नहीं रहता है! अब यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था, श्री चेतन केवलानी या उनके किसी भी एजेन्ट प्रतिनिधि से उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन या व्यवहार करेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। ऐसा कोई भी व्यवहार मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारक नही होगा। दिनांक 23/06/2026

**विश्वजीतसिंह चौहान एडवोकेट**
**कार्यालय-सेकण्ड फ्लोर वीडियोमेन बिल्डिंग, गुरूद्वारे के पीछे. फ्रीगंज उज्जैन मो. 7869333334**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जो कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01-भारत पिता देवनारायण 02- कवरी बाई पति देवनारायण 03-प्रकाश पिता देवनारायण जाति बंजारा समस्त निवासीगण ग्राम लखाहेडा तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. के द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 154/1/1/4 रकबा 0.40 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम लखाहेडा तहसील घटिटया जिला उज्जैन में उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय मे यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने मे किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय मे लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नहीं होगी । सूचित हो। इति दिनांक 23 /06/2026

**शुभम वर्मा सर्विस प्रोवाइडर**
**उप पंजीयक कार्यालय उज्जैन जिला उज्जैन मों. 9752798030**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने प्रेमनारायण तिवारी पिता श्री नाथूलाल तिवारी जाति ब्राम्हण निवासी एम.आर.-5 रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 368/1/1/1 (एस) रकबा 1.300 हेक्टर एवं सर्वे नंबर 366/4 (एस) रकबा 0. 400 हेक्टर कुल किता 2 रकबा 1.700 हेक्टर स्थित ग्राम चंदूखेड़ी प.ह.नं. 02 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को उसमें वैष्ठित समस्त सुखाधिकारों सहित एवं मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक टोकन बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है एवं विधिवत बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंधानुसार शेष धनराशि अदा करके विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 10 (दस) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात् विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक 23/06/2026 उज्जैन
कार्यालय समय-सुबह 11-00 से 6-30 बजे तक

**रितिक बंसल ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन ( म.प्र. )**
**बंसल टाइपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**

# बुनियादी समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

## सीएमओ की अनुपस्थिति में विधायक जैन ने नपा गेट के बाहर तार पर लटकाया ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर





लगातार गहराते पेयजल संकट, घटिया सड़क निर्माण, सीवरेज लाइन बिछाने में की जा रही घोर लापरवाही और चरमराई सफाई व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने नगरपालिका परिषद मंदसौर के बाहर प्रदर्शन किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, स्थानीय विधायक विपिन जैन और नपा में नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी के संयुक्त नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्षद, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं जिला कांग्रेस कार्यालय से नगरपालिका पहुंचे। इस दौरान आक्रोशित कांग्रेसियों ने नगरपालिका में मटके फोड़कर अपना विरोध दर्ज कराया। हालांकि, प्रदर्शन के दौरान सीएमओ या अन्य कोई जिम्मेदार अधिकारी ज्ञापन लेने के लिए मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे नाराज होकर कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन की प्रति को नगरपालिका गेट के बाहर लगे तारों पर लटका दिया।

नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी और पार्षद संगीता गोस्वामी की ओर से उठाए गए मुद्दों में कहा गया कि करोड़ों रुपये की पेयजल योजना के बावजूद शहरवासियों को एक दिन छोड़कर पानी मिल रहा है, और संकरी गलियों में कम प्रेशर के कारण लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। खानपुरा, पुराना किला, गुदरी, शेखा चौक, बोहरा बावड़ी सहित कई क्षेत्रों में हालात बेहद खराब हैं। इसके साथ ही, शहर में सीवरेज लाइन के नाम पर जेसीबी से की जा रही अंधाधुंध खुदाई ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। ठेकेदार द्वारा बिना किसी योजना के पेयजल की मुख्य पाइपलाइनों को तोड़ा जा रहा है और गड्ढों को केवल मिट्टी भरकर छोड़ दिया जा रहा है, जिससे पहली ही बारिश में सड़कें धंस रही हैं। इस लापरवाही के कारण शहर में जानलेवा हादसे भी हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि हाल ही में सीतामऊ फाटक के पास सीवरेज के गड्ढे के कारण एक महिला की असमय मृत्यु हो गई, जिसे सीधे तौर पर ठेकेदार की लापरवाही से हुई हत्या माना जाना चाहिए। ज्ञापन में शहर में निमार्णाधीन एवं हाल ही में निर्मित सीसी सड़कों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए । मांग की कि अभी वर्तमान में शहर में जल प्रदाय व्यवस्था में समय की जो कटौती की गई है उसको खानपुरा और शहर क्षेत्र की सकरी गलियों वाले एरिया में लागू नहीं किया जाए,शहर की पुरानी हो चुकी 50 साल पुरानी पाइप लाइनों को बदल जाए

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने चेतावनी दी कि नगरपालिका की इस घोर लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रहे हैं और यदि समय रहते इन बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। वहीं, विधायक विपिन जैन ने कहा कि करोड़ों का बजट होने के बाद भी बुजुर्गों और महिलाओं को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने प्रशासन को जल्द से जल्द व्यवस्थाएं सुधारने की चेतावनी देते हुए जनआंदोलन की बात कही।

## न्यूज-कॉलम

### नपा टीम ने ढाबों पर किया औचक निरीक्षण

**नीमच।** शहर के मध्य दशहरा मैदान स्थित भोजनालय और ढाबो का निरीक्षण नगर पालिका टीम द्वारा किया गया द्य यहाँ के राधा कृष्ण फैमिली ढाबे सहित अन्य ढाबों पर सोमवार शाम नगरपालिका और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। बीते कुछ समय से इन ढाबों के खिलाफ गंदगी और अतिक्रमण की सीएम हेल्पलाइन पर भी दर्ज शिकायतों पर नपा प्रशासन ने यह आकस्मिक जांच की । जांच के दौरान टीम को ढाबे पर मिली गंदगी व सीमा से अधिक जगह पर अतिक्रमण देखकर नगरपालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया ने कड़ी नाराजगी व्यक्त कर चेतावनी दीं गई । उन्होने संचालक को सफाई व्यवस्था भीतर अतिरिक्त अतिक्रमण खुद हटाने का अल्टीमेटम दिया है।

### जनसुनवाई में 203 आवेदन पर हुईसुनवाई

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदको को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 203 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

### आईटीआई में प्रवेश हेतु कैंप का आयोजन

**रतलाम।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने बताया कि वर्ष 2026 के प्रवेश हेतु प्रचार प्रसार एवं पंजीयन के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका निगम रतलाम में 23 जून एवं 24 जून को तथा पुराने कलेक्ट्रेट में ई दक्ष के पास 25 जून 2026 को कैम्प का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी उपरोक्त दिनांक को एवं कैंप स्थल पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन एवं च्वाईस फिलिंग करवा सकते है।

### जिले में 31 नए डाक्टरो ने ज्वाइन किया

**रतलाम।** मध्य प्रदेश शासन आमजन को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए अग्रसर है। इस क्रम में राज्य शासन द्वारा 33 नए चिकित्सकों को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित कर रतलाम जिले में पदस्थ किया गया। इनमें से कुल 31 चिकित्सा अधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित हो चुके हैं।

# शुल्क वृद्धि के विरोध में रतलाम कृषि उपज मंडी बंद, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



मध्यप्रदेश शासन द्वारा मंडी शुल्क में की गई वृद्धि के विरोध में आज रतलाम कृषि उपज मंडी पूर्णतः बंद रही। अनाज, दलहन एवं तिलहन व्यापारी महासंघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर रतलाम के सभी व्यापारी संगठनों ने एक दिवसीय बंद को पूर्ण समर्थन दिया। इसके चलते मंडी में नीलामी एवं खरीदी का कार्य पूरी तरह बंद रहा।

बंद के दौरान प्रातःकाल सभी व्यापारी मंडी प्रांगण में एकत्रित हुए तथा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन मंडी भारसाधक अधिकारी एवं एसडीएम श्री तरुण जैन को सौंपा।

दि ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र चत्तर ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस 0.5 प्रतिशत वृद्धि से व्यापारियों एवं किसानों दोनों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।

व्यापारियों ने मंडी बोर्ड के अधिकारियों पर आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए इसकी कड़ी निंदा की। उनका कहना था कि जनप्रतिनिधियों को गुमराह कर व्यापारियों, किसानों एवं आम नागरिकों पर यह अन्यायपूर्ण निर्णय थोपा गया है।

अध्यक्ष सुरेंद्र चत्तर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप सहित सभी जनप्रतिनिधियों से मंडी शुल्क वृद्धि का निर्णय तत्काल वापस लेने की मांग की।

## 27 जून से चतुर्वेद शतकम यज्ञ व वेद कथा का आयोजन

**मंदसौर।** आर्य समाज देहरी के तत्वावधान में दलौदा तहसील के ग्राम देहरी के राठौड़ धर्मशाला परिसर में 27 से 29 जून तक तीन दिवसीय चतुर्वेद शतकम्-यज्ञ, वेद कथा और वैदिक सत्संग का भव्य आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिष्ठित वैदिक विद्वान, आचार्य और वेद प्रचारक जुटेंगे। बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए आवास और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई है। आयोजन समिति के वरिष्ठ नानालाल शर्मा देहरी ने बताया कि शनिवार 27 जून की सुबह वैदिक मंत्रोच्चार और ऋग्वेद शतकम यज्ञ के साथ इसका शुभारंभ होगा। इसके बाद आचार्या डॉ. प्रियंका और काशीरामजी च्अनलज् के प्रवचन, वेद उपनिषद कथा, यजुर्वेद शतकम्-यज्ञ, वैदिक भजन और रात्रिकालीन सत्संग के आयोजन होंगे। रविवार 28 जून को सुबह सामवेद और शाम को अथर्ववेद शतकम यज्ञ किए जाएंगे, जिसके साथ ही प्रतिदिन की तरह कथा और भजनों का क्रम जारी रहेगा।



# भाजपा ने डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को जिले के सभी 21 मंडलों के 1273 बूथों पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने धारियाखेड़ी केंद्र पर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मल्हारगढ़ में, प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया ने दलौदा में, गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसौदिया ने गरोठ कार्यालय पर और जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने ढाबला भगवान में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की. इसके साथ ही नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित जिले भर के सभी वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने तय बूथों पर पहुंचकर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अंजलि अर्पित कीष

कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित रहा. उन्होंने देशहित को सर्वोपरि मानते हुए जम्मू-कश्मीर में लागू दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था का कड़ा विरोध किया और इसके खिलाफ संघर्ष करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया. वक्ताओं ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के अखंड भारत के सपने को साकार किया है, जो उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस दौरान जिले के सभी महामंत्रियों, उपाध्यक्षों, प्रभारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवाद व सेवा के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

## न्यूज कालम



### नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने श्री होरी हनुमानजी से पर्याप्त वर्षा की प्रार्थना की

**मंदसौर।** मंदसौर नगर और पूरे जिले में आगामी मानसून के दौरान पर्याप्त वर्षा हो ताकि जल संकट की स्थिति निर्मित न हो, इस मंगल कामना को लेकर नगरपालिका मंदसौर अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने जलकार्य समिति के सदस्यों के साथ राजस्थान-मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित प्रसिद्ध श्री होरी हनुमान जी मंदिर के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की और प्रार्थना की कि वर्षा ऋतु में भरपूर बारिश हो, जिससे शिवना नदी सहित नगरपालिका के सभी पारंपरिक जल स्त्रोतों में पानी की भरपूर आवक बनी रहे। इस धार्मिक यात्रा और प्रार्थना के दौरान नपा के जलकार्य सभापति निलेश जैन, समिति सदस्य सुनीता भावसार, सुनीता गुजरिया, माया भावसार, गोवर्धन कुमावत, कमलेश सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

### शक्ति केंद्र मुंदेडी पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया




**पिपलिया मंडी।** 23 जून मंगलवार को शक्ति केंद्र ग्राम मुंदेड़ी पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस ग्राम चौपाल पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाया गया। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी श्री प्रकाश पोरवाल किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष श्री बाबूलाल ढाका बहुत अध्यक्ष से नेपाल सिंहपूर्व सरपंच श्री कृष्ण पाल सिंह शक्तावत भंवर सिंह भूत अध्यक्ष अनिल पाटीदार मुकेश मालवीय शंभू लाल सुथार एवं भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा डॉक्टर मुखर्जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला एवं आभार श्री कृष्ण पाल सिंह शक्तावत में माना।

### माहेश्वरी समाज ने मनाई महेश जयंती, निकाली रैली व शोभा यात्रा

**नीमच।** भगवान श्री महेश के अवतरण "दिवस २३ जून मंगलवार को महेश नवमी पर्व के पावन उपलक्ष्य में सुबह विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ उत्साह के साथ विभिन्न आयोजन आयोजित किए गए। माहेश्वरी समाज नीमच के अध्यक्ष सत्यनारायण जागेटिया, सचिव सुरेश सोडानी, मीडिया प्रभारी ललित राठी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 5 बजे श्री राम मंदिर से समाज जनों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। जो श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर पुनः श्री राम मंदिर पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में परिवर्तित हो गई। प्रभात फेरी में चार पहिया हाथ ठेला गाडी में भगवान महेश को फूलों से श्रृंगारित किया गया था। समाज जन भजन कीर्तन गाते चल रहे थे। सभी समाज जनों द्वारा मार्ग में आने वाले विचला गोपाल मंदिर, नरसिंह मंदिर, श्री बड़े बालाजी मंदिर के प्रवेश द्वार पर विशेष भजन कीर्तन प्रस्तुत किये। महेश्वरी भवन से लेकर पुस्तक बाजार श्री राम मंदिर तिलक मार्ग घंटाघर क्षेत्र को तोरण द्वार से सजाकर महेश जयंती शोभा यात्रा का स्वागत किया गया।



## किसानों की समस्याओं को लेकर

# कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़



।किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ द्वारा मंगलवार को काकासाहेब गाडगिल चौराहे से रैली निकालकर,नारेबाजी के साथ राज्यपाल के नाम का ज्ञापन जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार पंकज जाट जी को सौपा।ज्ञापन का वाचन करते हुवे जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस की माननीय कमलनाथ जी की सरकार ने किसानों के २ लाख तक के कर्ज माफ किए थे।कर्ज माफी के बाद भी कई किसानों को वसूली के नोटिस देकर उन्हें प्रताड़ित व परेशान किया जारहा है जो न्यायोचित नही है।पहले ही किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है किसी भी उपज के वाजिव दाम नही मिल रहे है बिजली के भी भारीभरकम बिल आरहै है।किसानों को खाद डीजल की समस्याओं से दोचार होना पड़ रहा है।साथ ही पिछले महीनों में मल्हारगढ़ क्षेत्र में बेमौसम तेज बारिश एवं भयंकर ओलावृष्टि से अफीम,गेंहू,मेथी,सहित अन्य फसलों में भारी नुकसान हुवा था।कांग्रेस द्वारा लगातार ज्ञापनों,आंदोलन द्वारा मुआवजे की मांग की जारही है किंतु किसान विरोधी भाजपा सरकार ने आज तक किसानों के खातों में एक पैसा भी मुआवजे का नही डाला है सरकार ने सिर्फ सर्वे सर्वे कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली है। प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश निडर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर दूंगा पर आज किसान लगातार कर्ज में डूबता जारहा है।

## पेट्रोल-डीजल की सहज उपलब्धता हेतु कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**मंदसौर।** कृषि कार्यों की निरंतरता बनाए रखने और जिले में आवश्यक सेवाओं तथा महत्वपूर्ण शासकीय परियोजनाओं को निर्बाध रूप से संचालित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अदिति गर्ग द्वारा एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत जिले की सीमाओं के भीतर संचालित सभी पेट्रोल और डीजल पंप संचालकों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं. जारी विनियमन के अनुसार, शासकीय विभागों और उपक्रमों को सीधे की जाने वाली ईंधन की बिक्री को खुदरा विक्रय नियमों के कतिपय प्रावधानों से छूट दी गई है, ताकि विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण सरकारी परियोजनाओं के कार्य बिना किसी रुकावट के चलते रहें। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने नियमों में ढील देते हुए निर्धारित पहचान और आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद प्लास्टिक के केनों में प्रति किसान अधिकतम ५० लीटर तक डीजल प्रदाय करने की अनुमति दे दी है। इसके साथ ही सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी पंप संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शासकीय विभागों, किसानों और आम उपभोक्ताओं को बेचे गए ईंधन का पूरा रिकॉर्ड एक निर्धारित पंजी में संधारित करेंगे. सभी पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरों का चालू हालत में रहना अनिवार्य होगा और संचालकों को दैनिक स्टॉक की जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी को देनी होगी। आपात स्थिति से निपटने के लिए पंपों पर पर्याप्त रिजर्व स्टॉक बनाए रखना होगा,

## डॉ. मुखर्जी का जीवन सबके लिए प्रेरणादायी:- प्रदीप उपाध्याय

**रतलाम ।** भारतीय जनता पार्टी ने पितृ पुरुष एवं जनसंघ के संस्था का की पुण्यतिथि पर जिले मे कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिले के सभी 25 मंडलों मे बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ. मुखर्जी को नमन किया। मुख्य कार्यक्रम रतलाम के 80 फीट रोड़ स्थित मुखर्जी उद्यान मे हुआ, इसमे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व मे डॉ.मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया गया। माल्यार्पण कार्यक्रम मे महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीशा षर्मा विषेश रूप से उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने इस मौके पर कहा डॉ.मुखर्जी ने एक देश मे दो विधान-दो प्रधान-दो निशान नही चलेंगे का नारा दिया था। उन्होंने धारा ३७० समाप्त करने के लिए भी पहल की और अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनका जीवन हम सब के लिए प्रेरणादायी है। महापौर श्री पटेल ने भी डॉ. मुखर्जी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने कहा कि इस मौके पर जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ,पूर्व जिला अध्यक्ष बजरंग राजपुरोहित, आर.डी.ए.उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी आदि उपस्थित थे।

## ट्रेन में नशीला पदार्थ देकर चोरी करने वाले आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच।** श्रीमान विरेन्द्र सिंह राजपूत, प्रधान सत्र न्यायाधीश, जिला-नीमच द्वारा ट्रेन में फरियादी को चाय में नशीला पदार्थ पीलाकर उसको बेहोष करके मोबाईल व रूपयों की चोरी करने वाले आरोपी महेन्द्र पिता कजोड़ मीणा, निवासी-मीणों की झोपड़ीया जेतपुरा, जिला-बुंदी (राजस्थान) को धारा 123 भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत 5वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 20 दिसम्बर 2024 को फरियादी प्रेम कुमार शर्मा, निवासी-भगवत नगर, मन्दसौर सुबह के लगभग 5.30 बजे मन्दसौर से चित्तौड़गढ़ जाने के लिये रेल्वे स्टषेन पर ट्रेन में जनरल कोच का टिकट लेकर बैठ गये। कोच में दो लड़के पहले से ही बैठे हुवे थे, जिसमें से एक लड़के ने दुसरे को कैंटीन से पानी की बोतल लाने के लिये कहा, जिस पर से दूसरा लड़का पानी और चाय लेकर कोच में वापस आया। एक लड़के ने फरियादी को भी चाय पीने के लिये आग्रह किया, किन्तु फरियादी ने मना कर दिया तो भी बहुत आग्रह किये जाने पर फरियादी ने चाय पी ली। फरियादी चाय पीने के बाद बेहोश हो गया, जिस कारण से वह बेहोशी की हालत में उदयपुर पँहुच गया तथा ट्रेन की वापसी के दौरान उसे चित्तौड़गढ़ में होष आया, तो देखा की उसका मोबाईल, पर्स और 3 हजार रुपए उसके पास नहीं मिले। उसने घटना की रिपोर्ट थाना जी.आर.पी., नीमच में की।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मंदसौर ( म.प्र.)

दूरभाष कार्यालय-405964 फेक्स-244246

( E-mail-cmomandsaur@mpurban.gov.in )

क्रमांक / 2168/प्र.वि.-2/2026 — मंदसौर, दिनांक 23.06.2026

## ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसंबंधित व्यक्तियों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, मन्दसौर को शहर में स्थित जर्जर / खतरनाक भवनों को सावधानी पूर्वक तोडने का कार्य कराया जाना है। जिसका विस्तृत विवरण निविदा के साथ संलग्न है। इस कार्य हेतु नगरपालिका मन्दसौर द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | ऑनलाईन टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | UADD TENDER.NO 2026_UAD_517170_1 | शहर में स्थित जर्जर / खतरनाक भवनो को सावधानी पूर्वक तोडने का कार्य | 25.00 लाख | 18750/- | 2000/- |

1. जर्जर भवन को तोड़ने पर आसपास के आवासीय भवनों का कोई नुकसान के साथ-साथ जन हानि नहीं हो इसकी संपूर्ण जवाबदारी कार्य करने वाली एजेंसी की होगी।
2. जर्जर मकान को तोड़ने पर निकलने वाली सामग्री उसी दिन कार्य स्थल से हटाकर नगर पालिका प्रशासन के द्वारा निर्देश दिए गए निर्धारित स्थान पर एकत्रित किया जाना अनिवार्य होगा, इस पर होने वाले व्यय की समस्त जवाबदारी संबंधित कार्य करने वाली एजेंसी की होगी ।
3. नगर पालिका द्वारा किए गए जर्जर मकानों की सूची संबंधित निर्माण एजेंसी को प्रदाय की जावेगी सूची अनुसार दिए गए निर्देशानुसार प्राथमिक से जर्जर मकानों को तोड़ने का कार्य निर्धारित क्रियान्वयन एजेंसी के द्वारा किया जाएगा ।
4. सभी मकानों से निकले हुए भवन सामग्री जैसे दरवाजे खिडकी फर्सी स्टील बार, आदी नगर पालिका प्रशासन के कर्मचारी के द्वारा निकल हुए भवन सामग्री का पंचनामा बनाने के पश्चात निर्धारित स्थान पर रखना अनिवार्य होगा ।
5. निर्माण क्रियान्वयन एजेंसी के द्वारा जर्जर भवन को तोड़ने में संलग्न कर्मचारी की सुरक्षा की जवाबदारी क्रियांन्वयन एजेंसी की होगी यदि कोई जर्जर मकान को तोड़ने में संलग्न कर्मचारी का दुर्घटना या जनहानि होती है तो समस्त कानुनी जवाबदारी, कर्मचारी पर मेडिकल व्यय समस्त प्रकार की जवाबदारी क्रियान्वयन एजेंसी की होगी ।
6. उपरोक्त उल्लेखित समस्त शर्तों के मान्य के पश्चात ही निर्माण क्रियान्वयन एजेंसी को जर्जर भवनों को तोड़ने का कार्य आदेश दिया जाएगा।
7. दरे समस्त टेक्स सहित देवे।
8. ठेकेदार का वाणिज्यक कर विभाग में पंजीयन होना आवश्यक होगा, आधार कार्ड, पेन कार्ड, आदी संलग्न करना होगा।
9. उपरोक्त शर्तों में से किसी भी शर्त का पालन नही पाये जाने पर निविदा की प्राईज बिड नही खोले जाने का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा।
10. विवाद होने की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र मन्दसौर रहेगा।
11. निविदा विक्रय/प्राप्ति दिवस को अवकाश होने पर निविदा स्वतः आगामी कार्य दिवस को खोली जावेगी।
12. निविदा के संबंध में आवश्यक शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निकाय की जलकार्य शाखा से समक्ष में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 03.07.2026 सायंकाल 5.30 बजे तक है। जिसका विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in के Urban Administration and Development Department वाले खण्ड में देखा जा सकता है।

नोट :- यदि निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा परिवर्तन होता है तो वह केवल वेबसाईट पर प्रदर्शित होगा, उसके लिये पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर) | (श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला) | (श्रीमती निर्मला नरेश चंदवानी) | (प्रेम कुमार सुमन) |
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | समापति (लो.नि.) | मुख्य नगरपालिका अधिकारी |
| नगरपालिका परिषद मन्दसौर | नगरपालिका परिषद मन्दसौर | नगरपालिका परिषद मन्दसौर | नगरपालिका परिषद मन्दसौर |



## शिविर में 132 मरीजों की जांच 57 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर द्वारा पूर्व विधायक स्वर्गीय शैल कुमार शर्मा की स्मृति में उनके सुपुत्र संजय शर्मा एवं परिवार के सहयोग से सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 132 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 57 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। सेवा सदन के जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने बताया कि चिकित्सालय ने स्थापना के 40 वर्षों में 3 लाख 77 हजार से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन कर सेवा का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट रोड स्थित गांधीनगर, भोपाल में चिकित्सालय का नया अस्पताल शुरू हो गया है, जहां निशुल्क एवं निजी दोनों प्रकार की ऑपरेशन सुविधाएं उपलब्ध हैं। शिविर में डॉक्टर जसवंत यादव एवं नेहा सोनी ने मरीजों की आंखों, शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को बस द्वारा गांधीनगर स्थित नए अस्पताल भेजा गया, जहां उनके भोजन, आवास, दवाइयों एवं चश्मे की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी। शिविर के दौरान मरीजों को भोजन पैकेट एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई। आयोजन को सफ ल बनाने में हरिनारायण परमार, रमेश परमार, राजेंद्र कात्यानी, अनिल वर्मा, शशांक जैन एवं जिगर सुनेरिया सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ईदगाह कब्रिस्तान से 100 फीट केबल चोरी, शिकायत के बाद पुलिस ने किया मौका मुआयना

**सुसनेर।** नगर के बड़िया का खेड़ा रोड स्थित ईदगाह (कब्रिस्तान) में अज्ञात चोरों ने बोरिंग की मोटर में लगी करीब 100 फीट विद्युत केबल काटकर चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने थाना सुसनेर में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।



शिकायतकर्ता जफर उल्ला उर्फ राजू पिता समी उल्ला पठान निवासी मैना रोड एवं गयास उद्दीन पिता फय्याज उद्दीन कुरेशी निवासी इतवारिया बाजार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वे प्रतिदिन समाज के अन्य लोगों के साथ ईदगाह स्थित कब्रिस्तान में पौधों को पानी देने और फातिहा पढ़ने जाते हैं। सोमवार सुबह करीब 9 बजे जब वे कब्रिस्तान पहुंचे तो देखा कि बोरिंग में लगी मोटर की करीब 100 फीट केबल गायब थी। अज्ञात चोर केबल काटकर अपने साथ ले गए थे। शिकायतकताओं ने बताया कि इससे पहले भी कब्रिस्तान से करीब 300 फीट पानी की पाइप तथा एक एलईडी बल्ब चोरी हो चुका है। उस समय पुलिस में शिकायत नहीं की गई थी, लेकिन लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के चलते इस बार थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई। सूचना मिलते ही थाना सुसनेर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए साक्ष्य जुटाए तथा अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## भंडेड़ी में वाहन हटाने को लेकर संघर्ष, लाठी-डंडे और तलवारें चलने से आठ घायल



**शाजापुर।** जिले के ग्राम भंडेड़ी में एक मामूली विवाद ने बड़े हिंसक संघर्ष का रूप ले लिया। एक ही परिवार के दो गुटों के बीच वाहन हटाने की बात पर शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों ओर से लाठी-डंडे और तलवारें निकल आईं। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल आठ लोग घायल हो गए हैं। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को उपचार के लिए शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना रविवार रात की है। मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भंडेड़ी में बाइक हटाने को लेकर यह विवाद शुरू हुआ था, जिसने देखते ही देखते खूनी रूप ले लिया। इस मामले में एक पक्ष की ओर से प्रेम पिता अमराजी बागरी, उम्र 40 वर्ष ने मोहन बड़ोदिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रेम ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कैलाश पिता अमरसिंह बागरी और उसके बेटे अजय ने बाइक हटाने को लेकर जानबूझकर विवाद किया। आरोपियों पर गाली-गलौज करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। इस हमले में प्रेम, बाबूलाल, सुनील, मीना बाई और अंजुबाई घायल हो गए हैं।

## बेहतर कार्य योजना बनाकर कार्यक्षमता बढ़ाएं, लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करें: कलेक्टर

**गुना।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक एवं लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सभी विभागीय अधिकारियों को बेहतर कार्य योजना बनाकर अपनी कार्यक्षमता में वृद्धि करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों एवं नवाचारों को अपनाने से कार्य की गुणवत्ता और परिणामों में सुधार होता है, इसलिए अधिकारी निरंतर सीखने और बेहतर कार्य पद्धतियों को अपनाने का प्रयास करें। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने कृषि क्षेत्र की समीक्षा करते हुए जिले में आलू उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों एवं उन्नत कृषि पद्धतियों के उपयोग की बात कही। साथ ही मालाबार नीम की खेती में उपलब्ध संभावनाओं को देखते हुए इसके विस्तार के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### गुना के म्याना में सनसनीखेज वारदात, बाहर से ताला लगे एक मकान से मिले तीन शव

# ट्रिपल डेथ केस का सुराग तलाशने में जुटी पुलिस, दो शवों की हुई पहचान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

गुना जिला अंतर्गत आने वाले म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत सामने आई एक सनसनीखेज वारदात में एक दिन पहले ही एक व्यक्ति की बंद कमरे में लाश मिली थी। इसके बाद आज फिर यानि सोमवार को उसी मकान में दो और शव मिले हैं। गौरतलब तथ्य ये है कि जिस मकान में ये तीनों शव पुलिस को मिले हैं, उसमें बाहर से ताला लगा हुआ था. पुलिस इस पूरे मामले को बेहद संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। एक साथ तीन लोगों की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

**रविवार को एक और सोमवार को मिले दो शव**

दरअसल मामला ये है कि गुना के म्याना में रविवार को एक बंद मकान के कमरे से ओम प्रकाश शर्मा का शव सड़ी-गली हालत में मिला था। बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया और कमरे को सील कर दिया था। वहीं आज फिर सोमवार को जब म्याना पुलिस दोबारा जांच के लिए उसी मकान में पहुंची तो हड़कंप मच गया। पुलिस भी पशोपेश में पड़ गई की आखिर ये घटना कैसे हुई।



**सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही पुलिस**

वहीं इस मामले में मृतका की बेटी ने बताया कि ₹मैं अशोकनगर रहती हूं और वो एक साल से म्याना में रह रहीं थी। वो कभी बदरवास रहती थी, तो कभी म्याना. मेरी 4 से 5 महीने से उनसे बात नहीं हुई थी.₹ घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। मकान मालिक और पड़ोसियों से पूछताछ जारी है। फिलहाल म्याना पुलिस ने 'तीनों ही मामलों में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

**जल्द खुलासा करेंगे**

इस संबंध में गुना एसपी हितिका वासल ने बताया कि म्याना थाना क्षेत्र में रविवार को एक डेड बॉडी मिली थी, जिसकी जांच में पुलिस जुटी हुई थी कि दूसरे दिन पुलिस जब बाजू वाले कमरे की जांच करने पहुंची और उसका ताला तोड़कर देखा तो उसमें भी दो बॉडी मिली. जिसमें एक महिला और एक पुरुष का शव था. तीन में से दो शवों की पहचान हो चुकी है, जबकि तीसरी बॉडी की जानकारी भी ली जा रही है। पुलिस इसमें लगी हुई है ओर जल्द इसका पुलिस खुलासा करेगी। जिस महिला का शव मिला उसकी उम्र लगभग 45 और पुरुष ओमप्रकाश है, 60 वर्ष के आसपास है।

**दो की शिनाख्त, एक अज्ञात में**

मृतक ओम प्रकाश शर्मा के कमरे से सटे हुए दूसरे कमरे से सोमवार दो और शव बरामद हुए। मृतकों की पहचान गेंदाबाई जाटव के रूप में हुई है। वहीं एक अन्य शव अज्ञात पुरुष का मिला है. जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। तीनों शव एक ही मकान के दो अलग-अलग कमरों से मिलने के बाद पुलिस इस मामले की गहन पड़ताल कर रही है।

### मांगों को लेकर एसडीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# कांग्रेस ने पेयजल समस्या को लेकर नपा का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन किया

**महिलाओं ने नगरपालिका के सामने मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए मटके फोड़े**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर में युवा कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकताओं ने भीषण पेयजल समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन किया तथा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा।

इस दौरान महिलाओं ने नगर पालिका के सामने मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए मटके फोड़े, धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया ने भाजपा को आडे हाथों लेते हुए उनके भ्रष्टाचार और नाकामियों को जनता के समक्ष रखा आपने कहा कि भाजपा के नेताओं मंत्रियों के घर मेंन पाइप लाइन से सीधा नल कनेक्शन है जबकि गरीब को पानी नहीं मिल पा रहा। भाजपा का जमीर कब जागेगा अपने आगे कहा कि कमीशन खोरी, गंदगी, अवैध कारोबार, भ्रष्टाचार, लापरवाही आदि में ब्यावरा शहर नंबर वन है। भाजपा के जिम्मेदार लोगों की कुंभकर्णीय नींद के कारण शहर की 70 हजार से अधिक जनता परेशान हो रही है। आपने कहा कि नगर पालिका परिषद की बैठक में विपक्ष की कोई सुनता नहीं है। विपक्ष को बार बार डरना धमकाया जाता है, परिषद में लूटपाट मचा रखी है भाई भतीजावाद के चलते भाजपा नेताओं के यहां मास्टर कर्मी लगे हुए हैं। 23 वर्ष से भाजपा की सरकार है शहर के हजारो लोग पेयजल समस्याओं से जूझ रहे। राव पट्टी वार्ड क्रमांक 8 में विगत 3 माह से पानी नहीं आ रहा है भाजपा के राज में 25 से लेकर 30 प्रतिशत तक कमीशन खोरी चल रही है लोग प्यासे मर रहे, तीन दिन में यदि उक्त मांगे पूरी नहीं की गई तो उग्र धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।



**इनका कहना है**

ब्यावरा शहर में जल संकट व्याप्त है मगर भविष्य में पेयजल संकट का शीघ्र निदान किया जाएगा।

**इकरार अहमद मुख्य नगरपालिका अधिकारी**

## नशे से मुक्त युवा होगा सशक्त, योग से बनेगा स्वस्थ समाज

**सारंगपुर।** नशे से युवाओं को दूर रखने और मादक पदार्थों से पीढित लोगों का उपचार कर रहे नशा मुक्ति केंद्र की संचालिका ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समाज में पैर पसारते नशे की लत पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार नशा मुक्त प्रदेश के संकल्प के साथ लगातार नशा विरोधी अभियान चला रही है। पूर्नवास केंद्र में नशे की लत का उपचार करा रहे युवाओं से सीधे संवाद करते हुए पहचान नशा मुक्ति केंद्र की संचालिका सोनिया मुखर्जी ने कहा कि नशा इंसान के जीवन और उसके भविष्य को अंधकार की ओर धकेलता है, जबकि योग इसके ठीक विपरीत हमें एक स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक सोच की शक्ति देता है। अगर हमें अपनी नई पीढी को संस्कारी, सेहतमंद और ऊर्जावान बनाना है, तो हमें बचपन से ही बच्चों के जीवन में योग को शामिल करना होगा। मुखर्जी ने बताया की योग को केवल एक दिन का आयोजन न मानकर अपनी दैनिक दिनचर्या का एक अनिवार्य हिस्सा बनाएं। इसके साथ ही उन्होंने समाज में फैल रहे नशे को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने युवाओं व लोगों को नशे से दूर रहने और इसे समाज से बाहर करने में अपने योगदान देने की अपील की है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने केंद्र में उपस्थित लोगों को नशा छोडने और समाज को इस बुराई से बचाने में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान नशे से पीढित युवाओं विभिन्ना योग क्रियाओं और प्राणायाम का अभ्यास किया। नशा मुक्ति और योग का आपस में गहरा और अटूट संबंध है। नशे की लत केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्तर पर भी व्यक्ति को कमजोर कर देती है।

## सीहोर में चावल से भरा ट्रक पलटा, लगी भीषण आग

सीहोर। इंदौर-भोपाल राज्य राजमार्ग पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जताखेड़ा के पास चावल से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें भीषण आग लग गई, जिससे उसमें भरा चावल और वाहन का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## टिपानिया की कबीर वाणी से गूंजा सारंगपुर, निकला भव्य चल समारोह

**सारंगपुर।** प्रगतिशील बलाई युवा कल्याण समिति के तत्वावधान में रविवार को आयोजित प्रकट महा उत्सव एक शाम कबीर साहब के नाम कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का अनुपम संगम बन गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि तथा पद्मश्री से सम्मानित सुप्रसिद्ध कबीर भजन गायक प्रहलाद सिंह टिपानिया विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबूलाल मालवीय आमागढ़ ने की। मंचासीन अतिथियों में नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, भाजपा जिला अजा मोर्चा अध्यक्ष डा. विष्णु मालवीय, पूर्व विधायक लालजीराम मालवीय शामिल थे। दिनभर चले आयोजन में भव्य चल समारोह, संत कबीर के भजनों की प्रस्तुति, अतिथियों का सम्मान एवं सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इससे पहले शाम 4 बजे राठी परिसर से विशाल चल समारोह प्रारंभ हुआ। चल समारोह में सबसे आगे बैंड और ढोल की आकर्षक धुनें श्रद्धालुओं में उत्साह भर रही थीं। उनके पीछे ब.स. नव जागृति महिला मंडल की महिलाएं एक समान ड्रेस कोड में अनुशासित रूप से चल रही थीं। पुरुष भी एक जैसी वेशभूषा में शामिल होकर सामाजिक एकता का संदेश दे रहे थे।

# अहिरवार फार्म गोलीकांड और भूमाफियाओं के खिलाफ फूटा आक्रोश, आजाद समाज पार्टी का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

अहिरवार कृषि फार्म गोलीकांड और जिले में भूमाफियाओं के बढ़ते दखल के विरोध में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं का भारी गुस्सा फूट पड़ा। सोमवार दोपहर करीब दो बजे बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए कार्यालय का घेराव किया। अपनी मांगों को लेकर अड़े कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर तीखी नोकझोंक हुई। हालात इस कदर तनावपूर्ण हो गए कि भीड़ को रोकने और नियंत्रित करने के लिए कुछ पुलिसकर्मियों को रेलिंग तक कूदनी पड़ी। लंबी मान-मनौव्वल और प्रशासनिक अधिकारियों की मशक्कत के बाद एडीएम को ज्ञापन सौंपा जा सका, जिसमें कार्रवाई न होने पर उग्र चक्काजाम की चेतावनी दी गई है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता सीधे कलेक्टर ऋतु बाफना से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराने पर अड़े थे, जिन्हें रोकने के लिए पुलिस बल को काफी पसीना बहाना पड़ा। शुरूआत में प्रशासन की ओर से तहसीलदार सुनील पाटिल ज्ञापन लेने पहुंचे थे, लेकिन उग्र प्रदर्शनकारियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद डिप्टी कलेक्टर अंकिता ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के बीच जमीन पर बैठकर करीब 10-15 मिनट तक उनसे चर्चा की और उन्हें शांत करने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद कार्यकर्ता कलेक्टर को ही ज्ञापन देने पर अड़े रहे। अंततः लगातार बढ़ते गतिरोध को देखते हुए संयुक्त कलेक्टर आलोक वर्मा आगे आए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी और उनकी मुलाकात एडीएम से तय कराई। एडीएम ने कार्यकर्ताओं की पूरी बात सुनी और इस मामले में दो दिन के भीतर निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई का ठोस आश्वासन दिया। प्रशासन के इस भरोसे के बाद ही कार्यकताओं का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने कलेक्टर के नाम एडीएम को अपना ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन समाप्त किया। ज्ञापन में मुख्य रूप से बीते 25 मई को अहिरवार कृषि फार्म पर हुए हमले और गोलीबारी की घटना की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई गई है। पार्टी ने मांग की है कि घटना में शामिल मुख्य आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए, उनके हथियारों और हमले में इस्तेमाल की गई जेसीबी मशीनों को जब्त किया जाए, तथा पीड़ित परिवार को तत्काल पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जाए।



**ईंट भट्टों के कारण फैल रहे प्रदूषण, कार्यवाई की मांग**

इसके अतिरिक्त, ज्ञापन के जरिए जिले में कृषि भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा काटी जा रही अवैध कॉलोनियों और इसमें कथित प्रशासनिक मिलीभगत का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया गया है। साथ ही, ग्राम तिलावद मैना में अनुसूचित जाति बस्ती के करीब संचालित हो रहे ईंट भट्टों के कारण फैल रहे प्रदूषण पर भी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई है। आजाद समाज पार्टी ने प्रशासन को सख्त चेतावनी दी है कि यदि गोलीकांड के मामले में दो दिन के भीतर और अन्य समस्याओं के संबंध में आठ दिन के भीतर कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी प्रदेश स्तरीय उग्र आंदोलन छेड़ेगी और सड़कों पर चक्काजाम किया जाएगा।



## मई माह की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में नगर परिषद आरोन ने सम्पूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान किया प्राप्त

**गुना।** आरोन-नगर परिषद आरोन के सीएमओ दिनेश कुमार सोनी को लगातार प्रथम स्थान प्राप्त किया जा रहा है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 181 में 100 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने उन्हें पूर्व में भी स्मृति चिन्ह (शील्ड) प्रदान कर सम्मानित किया गया है, जो उनकी इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाता है। सीएमओ श्री सोनी ने अपनी टीम को बधाई दी जो उनकी टीम वर्क और सहयोग की भावना को दर्शाता है। नगर परिषद आरोन की पूरी टीम को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई यह उपलब्धि न केवल उनकी सेवा को दर्शाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि जब टीम एकजुट होकर काम करती है, तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

## विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में न्यायालय में हुआ योग कार्यक्रम



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में प्रधान जिला न्यायाधीश राजीव आप्टे के मार्गदर्शन में एवं तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष तरुण सिंह के तत्वाधान में रविवार को अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में न्यायालय सारंगपुर में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ खंड न्यायाधीश आकांक्षा कत्याल, वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश शिवानी सैनी, कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश अश्विनी गहलोत थे। कार्यक्रम की शुरूआत योग टीचर रमेश जोशी ने सभी न्यायाधीश गण एवं अधिवक्ता गण को योग करा कर निरोगी काया की कामना की। इस अवसर पर अभिभाषक संघ सारंगपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता पीएस. मंडलोई, वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी विजयवर्गीय, के .सी .शर्मा, रामबाबू नारोलिया बी एस पुष्पद, एजीपी बृज किशोर चौहान, ओ. पी .राठौर, न्यायालीन कर्मचारी नाजिर आत्माराम शर्मा, अनिल गुप्ता, प्रकाश वर्मा, विजय लिखार, संजय मालोनीया, शाहरुख लोदी, संजय शर्मा, भृत्य प्रेम सिंह, बाबूलाल लववंशी, विजय पाल राधेश्याम लाखा, त्रिलोक गिरजे आदि उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया



**शुजालपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेड़ा में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणजनों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक पहचान दिलाने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। योग शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है तथा तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। नियमित योगाभ्यास से कई बीमारियों से बचाव संभव है और दवाइयों पर होने वाला खर्च भी कम किया जा सकता है। विद्यालय परिसर में आयोजित योग सत्र में प्रतिभागियों ने खड़े होकर, पीठ एवं पेट के बल किए जाने वाले विभिन्न योगासन, पद्मासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने योग के वैज्ञानिक महत्व और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।।

## एक घंटे झमाझम बारिश से मिली राहत: हल्की बारिश की संभावना

**सारंगपुर।** सारंगपुर में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर बाद अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और आसमान पर काले बादल छा गए। इसके बाद शाम करीब 3 बजे से झमाझम बारिश शुरू हो गई। इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि सोमवार को सारंगपुर का अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। उन्होंने कहा कि फिलहाल जिले में भारी बारिश की संभावना नहीं है। आगामी तीन से चार दिनों तक इसी तरह बादल छाए रहने, तेज हवा चलने और हल्की बारिश का दौर बना रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून 30 जून से 1 जुलाई के बीच दस्तक दे सकता है। इसके बाद में अच्छी बारिश होने की संभावना है। वर्तमान में प्री-मानसून गतिविधियों के कारण मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। सोमवार को हुई एक घंटे की बारिश और ठंडी हवाओं के चलते बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने राहत महसूस की। गर्मी और उमस से परेशान लोगों के लिए यह मौसम परिवर्तन सुखद रहा। इस बारिश के बाद क्षेत्र के किसानों के भी चेहरे खिल गए है क्योंकि किसानों ने अपने खेतो को खरीफ फसल बोवनी के लिए तैयार कर रहे है।

# घनी आइब्रो के लिए आर्गन आयल





घनी आइब्रो पाने की है चाह, इन 3 तरीकों से इस्तेमाल करें आर्गन ऑयल पतली आइब्रो को घना बनाने के लिए महिलाओं और पुरुष कई उपाय अपनाते हैं, जिसमें आर्गन ऑयल भी शामिल है। ऐसे में आइए जानते हैं कि आइब्रो को घना बनाने के लिए आर्गन ऑयल का इस्तेमाल कैसे करें?

सुंदर दिखने के लिए महिलाएं और पुरुष दोनों ही कई तरह के स्किन ट्रीटमेंट्स लेते हैं। बालों और स्किन को अट्रैक्टिव दिखने के लिए लोग कई तरह के घरेलू उपाय भी अपनाते हैं। वहीं, कुछ लोगों की आइब्रो काफी पतली होती हैं, जिस कारण उन्हें मोटा दिखाने के लिए वे आइब्रो पेंसिल का इस्तेमाल करते हैं, ताकि ब्रो मोटी, घनी और चेहरा सुंदर दिख सके। घनी और सही शेप वाली आइब्रो चेहरे की खूबसूरती को कई गुना ज्यादा बढ़ा सकते हैं। हालांकि, बार-बार थ्रेडिंग, मेकअप, हार्श केमिकल्स और पोषण की कमी के कारण आइब्रो के बाल पतले होने लगते हैं। ऐसे में आर्गन ऑयल का इस्तेमाल आइब्रो को मोटा करने के लिए काफी प्रभावी माना जाता है। तो आइए हरियाणा के सिरसा में स्थित रामहंस चेरिटेबल हॉस्पिटल के आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा से जानते हैं कि आइब्रो को मोटा करने के लिए आर्गन तेल का इस्तेमाल कैसे करें?

## मोटी आइब्रो पाने के लिए आर्गन ऑयल का इस्तेमाल

आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा का कहना है कि आर्गन ऑयल को लिक्विड गोल्ड के रूप में भी जाना जाता है। इसमें विटामिन ई, फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो आइब्रो के बालों को मजबूत, घना और हेल्दी बनाने में मदद करता है। इसलिए आप कई तरह से आर्गन ऑयल का इस्तेमाल अपनी आइब्रो को मोटा करने के लिए कर सकते हैं।

## आर्गन ऑयल से आइब्रो की मालिश

आइब्रो को मोटा करने के लिए सबसे आसान और असरदार तरीका आर्गन ऑल का सीधा इस्तेमाल करना है। सबसे पहले चेहरे और आइब्रो को हल्के फेस वॉश से साफ कर लें। इसके बाद 2 से 3 बूंद साफ और कोल्ड-प्रेस्ड आर्गन ऑयल लेकर उंगली या साफ रूई से आई ब्रो पर लगाएं। हल्के हाथों से 2 से 3 मिनट तक मसाज करें। आप आर्गन ऑयल से अपनी आई ब्रो को रोजाना रात को सोने से पहले मसाज करें। आर्गन ऑयल से आइब्रो मसाज करने से उनकी जड़ों तक पोषण पहुंचाता है और नए बाल उगाने में मदद मिलती है।

## आर्गन ऑयल और कैस्टर ऑयल का मिश्रण

अगर आपकी आइब्रो बहुत ज्यादा पतली हैं तो आर्गन ऑयल और कैस्टर ऑयल को मिलाकर अपनी भौहों पर इस्तेमाल कर सकते हैं। 1 चम्मच आर्गन ऑयल में 1 चम्मच कैस्टर ऑयल डालकर अच्छी तरह मिला लें। इसके बाद रात को सोने से पहले इस मिश्रण को आइब्रो पर लगाएं और सुबह अपनी आइब्रो को गुनगुने पानी से धो लें। आप हफ्ते में 4 से 5 बार इस्तेमाल कर सकते हैं। कैस्टर ऑयल आइब्रो की ग्रोथ को बढ़ाता है और आर्गन ऑयल उन्हें मजबूत

# चेहरे पर चावल का आटा लगाने के क्या साइड इफेक्ट्स हैं?



चेहरे पर चावल का आटा लगाने के क्या साइड इफेक्ट्स हैं? डॉक्टर से जानें चावल का इस्तेमाल स्किन के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। लेकिन, चावल का आटा कुछ लोगों की स्किन को डैमेज कर सकता है। आइए जानते हैं चेहरे पर चावल का आटा इस्तेमाल करने के नुकसान के बारे में-

**स्किन** से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए कुछ लोग महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। वहीं, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो आज के समय में भी अपनी स्किन की समस्या को दूर करने और त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करते हैं। चावल के आटे का इस्तेमाल भी सदियों से लोग अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करते आ रहे हैं। फेस पैक, स्क्रब और क्लींजर के रूप में चावल का आटा आपकी स्किन के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। लेकिन, क्या आपको पता है चावल का आटा आपकी स्किन को नुकसान भी पहुंचा सकता है। आइए मेवाड़ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एवं प्राकृतिक चिकित्सालय बापू नगर, जयपुर की वरिष्ठ चिकित्सक योग, प्राकृतिक चिकित्सा पोषण और आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. किरण गुप्ता से जानते हैं स्किन पर चावल का आटा लगाने से क्या नुकसान हो सकता है?

चावल का आटा कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो स्किन के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है, लेकिन गलत तरीके और ज्यादा मात्रा में इसका उपयोग स्किन को डैमेज कर सकता है, आइए जानते हैं कैसे-

**1. त्वचा में रूखापन-** चावल के आटा स्किन के लिए एक अच्छा एक्सफोलिएटर होता है, लेकिन इसका बार-बार ज्यादा मात्रा में उपयोग करने से स्किन की नेचुरल नमी छिन सकती है, जो आपकी स्किन को रूखा बना सकती है। चावल का पानी खासतौर पर उन लोगों के लिए समस्या का कारण बन सकती है, जिनकी स्किन पहले से ही ड्राई है। इसलिए, ड्राई स्किन होने पर चावल के आटे का इस्तेमाल करते समय आप इसमें दूध, शहद या एलोवेरा जेल मिला सकते हैं।

**2. एलर्जी या रैशेज की समस्या-** कुछ लोगों को चेहरे पर चावल के आटे का इस्तेमाल करने से एलर्जी की समस्या हो सकती है, जिससे चेहरे पर खुजली, रेडनेस, या रैशेज की समस्या हो सकती है। खासतौर पर जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव है, उन्हें चावल के आटे का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

# Sport

# 27 करोड़ के पंत 15 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स लौटे

## 13.50 करोड़ रुपए में कुलदीप लखनऊ में शामिल, दोनों टीमों के बीच ट्रेड हुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स में वापसी हो गई है, जबकि स्पिनर कुलदीप यादव अब लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलेंगे। दोनों टीमों के बीच यह ट्रेड हुआ है। इस आईपीएल के बाद पंत ने लखनऊ की कप्तानी छोड़ दी थी। लखनऊ ने आईपीएल 2025 के ऑक्शन में पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था, जो आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी बोली थी। अब ट्रेड के बाद वे 15 करोड़ रुपए की फीस पर दिल्ली से जुड़े हैं। वहीं, कुलदीप यादव 13.50 करोड़ रुपए की अपनी मौजूदा फीस पर लखनऊ में शामिल हुए।

पंत एक बार फिर उसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बन गए हैं, जहां उन्होंने साल 2016 से 2024 के बीच अपने करियर के 9 सीजन बिताए थे। दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत ने अब तक कुल 111 मैच खेले हैं। उन्होंने तीन सीजन में 43 मुकाबलों में दिल्ली की कप्तानी भी की। हालांकि 2025 मेगा ऑक्शन से पहले जीएमआर ग्रुप के साथ कुछ मतभेदों के बाद उन्हें रिलीज कर दिया गया था।

इस ट्रेड में कुलदीप दिल्ली कैपिटल्स का साथ छोड़कर लखनऊ सुपर जायंट्स में शामिल हो गए हैं। कुलदीप का दिल्ली के साथ 5 सीजन का एक बेहद सफल सफर रहा है, जो अब इस ट्रेड के साथ समाप्त हो गया है। कुलदीप साल 2022 में दिल्ली की फ्रेंचाइजी से जुड़े थे। तब से लेकर अब तक उन्होंने टीम के लिए 65 मैचों में 72 विकेट अपने नाम किए हैं।

यह बदलाव कुलदीप के लिए भी एक तरह से घर वापसी जैसा होगा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट उत्तर प्रदेश से खेला है, जबकि पंत दिल्ली के खिलाड़ी रहे हैं।

### पंत का प्रदर्शन रहा ट्रेड की वजह



पंत के ट्रेड की आधिकारिक वजह नहीं बताई गई है। हालांकि, इसके पीछे उनका कप्तान और खिलाड़ी के रूप में प्रदर्शन एक कारण माना जा रहा है। क्ढछ 2026 में लखनऊ पॉइंट्स टेबल में आखिरी 10वें और 2025 में 7वें स्थान पर रही। पंत टीम के कप्तान थे, इसलिए मैनेजमेंट बदलाव चाहता था। वहीं, 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड कीमत के मुकाबले उनका प्रदर्शन भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। उन्होंने लखनऊ के लिए दो सीजन में 28 मैच खेलकर 581 रन बनाए।

# वैभव को टीम इंडिया की 3 नंबर जर्सी मिली

## कहा- खुशी बयां करने के लिए शब्द नहीं, आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे पर रवाना

एजेंसी ▸▸ मुंबई



वैभव सूर्यवंशी सीनियर टीम इंडिया के साथ आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे पर मंगलवार को रवाना हो गए। बीसीसीआई की ओर से उन्हें 3 नंबर जर्सी होटल भिजवाई गई, जिसे सूर्यवंशी काफी देर तक देखते रहे।

सूर्यवंशी को जर्सी भारतीय टीम में थ्रो डाउन स्पेशलिस्ट रघु ने सौंपी। सूर्यवंशी ने सबसे पहले रघु के पैर छूए और उन्हें प्रणाम किया, फिर जर्सी ली। इस पूरी घटना को कैमरे में रिकॉर्ड भी किया गया।

इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। जिस दिन पहली बार बल्ला थामकर मैदान पर कदम रखा था, आज वह सपना पूरा हो गया है। यह मेरे अब तक के करियर का सबसे बड़ा कदम है और इस अहसास को शब्दों में बयां करना नामुमकिन है। 15 साल के सूर्यवंशी को पहली बार भारतीय टीम में जगह दी गई है। देश की नेशनल टीम में सिलेक्ट होने वाले वे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम का आयरलैंड दौरा 26 जून से शुरू हो रहा है और इंग्लैंड दौरा 1 जुलाई से शुरू होगा।

आयरलैंड के बेलफास्ट में 26 या 28 जून को होने वाले मैच से वैभव सूर्यवंशी इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू कर सकते हैं। अगर वे आयरलैंड या इंग्लैंड के खिलाफ मैदान पर उतरते हैं, तो वे 15 साल की उम्र में भारत के लिए खेलने वाले सबसे युवा इंटरनेशनल क्रिकेटर बन जाएंगे। ऐसा होने पर वे सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ देंगे, जिन्होंने 16 साल 205 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।

सूर्यवंशी ने क्ढछ 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑरेंज कैप अपने नाम की। उन्होंने 16 मैचों में 776 रन बनाए, जो इस सीजन किसी भी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 1 शतक और 5 अर्धशतक निकले। सूर्यवंशी ने सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप जीतने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। उन्होंने साई सुदर्शन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने आईपीएल 2025 में 23 साल 237 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

**प्रवेश प्रारंभ**

**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदनः** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**

क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**

गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**आवश्यकता है**

स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
9893713817

**आवश्यकता है**

मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**

सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह ।
सीधे आनर से संपर्क करें ।
9669578652

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### प्रेम विवाह के दो साल बाद महिला ने दी जान, कमरे में फंदे पर मिला शव

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के स्मृति नगर में रहने वाली महिला ने सोमवार रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य घर में मौजूद थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में पुलिस दंपती विवाद के पहलू को भी खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान उर्वशी राजपूत (28) पत्नी सुधांशु राजपूत निवासी स्मृति नगर के रूप में हुई है। सोमवार रात उर्वशी अपने कमरे में गई और फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा और तुरंत इसकी जानकारी उसके पति को दी। जानकारी मिलने पर पति सुधांशु अपने दोस्त की कार से उर्वशी को लेकर पहले एक निजी अस्पताल पहुंचा। वहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### उप नगरीय बस के ब्रेक फेल होने से पोल में घुसी, दो बच्चों सहित 8 लोग हुए घायल

**इंदौर।** नवलखा इलाके में सोमवार शाम एक निजी ट्रेवल्स की उपनगरीय बस एक पोल में जा घुसी। बताया जाता है कि बस के ब्रेक फेल होने के चलते उसे रोकने के लिए ड्राइवर ने इसे पोल से टकरा दिया। इस हादसे में दो बच्चों सहित करीब आठ लोग घायल हो गए। सभी का एमवाय अस्पताल में उपचार कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस इस मामले में ड्राइवर की तलाश कर रही है, जबकि क्लीनर को हिरासत में लिया गया है। संयोगितागंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना नवलखा क्षेत्र की है। यहां रूबी ट्रेवल्स की उपनगरीय बस अचानक एक पोल में जा घुसी। बताया जाता है कि बस इंदौर और पीथमपुर के बीच संचालित होती है। बस में कई यात्री सवार थे। हादसे के बाद बस में बैठे यात्री घबरा गए और शोर मचाने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने मदद कर यात्रियों को बस से बाहर निकाला। इस हादसे में 8 वर्षीय माही और 5 वर्षीय लोकेश सहित करीब आठ लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया।

### चिंटू चौकसे को नगर निगम नेता प्रतिपक्ष पद से हटाया, सोमिला मिमरोट को बनाया नेता प्रतिपक्ष

**इंदौर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने इंदौर में बड़ा फेरबदल कर दिया। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे को पद से हटा दिया गया। चिंटू की जगह पार्षद सोनिला मिमरोट को नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं चिंटू अब सिर्फ शहर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर ही रहेंगे। चिंटू को पद से हटाने के आदेश पीसीसी प्रमुख जीतू पटवारी ने सोमवार को जारी किए। चिंटू चौकसे शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। दो पदों की जिम्मेदारी उन पर थी। कांग्रेस पार्षद सोनिला मिमरोट वार्ड 45 से कांग्रेस की पार्षद हैं। शहर में होने वाले कई विरोध प्रदर्शन में वह शामिल होती आई हैं और निगम बजट में भी अपनी बात मजबूती से रखती आई हैं। उन्होंने बताया कि बड़ी जिम्मेदारी मिली है। चिंटू चौकसे ने अपनी जिम्मेदारी बांटी है हमारे साथ। वर्तमान समय में विपक्ष की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि इंदौर की समस्याओं को बेहतर तरीके से सरकार के सामने रख सकें और समस्याओं का हल करा सकें यह बड़ा चैलेंज है।

### जमीन विवाद को लेकर दो पुलिसकर्मियों से मारपीट का मामला सामने आया

**इंदौर।** डायमंड कॉलोनी में बेशकीमती जमीन को लेकर चल रहे विवाद ने रविवार को नया मोड़ ले लिया। विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंचे कनाड़िया थाने के दो पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद दोनों पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा गया। हालांकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों से मारपीट की बात से इनकार किया है। घटना के बाद पुलिस विभाग में नाराजगी दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर भी पुलिसकर्मियों के साथ हुए व्यवहार को लेकर गुस्सा सामने आया। बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंचे सिपाहियों ने घटना के कुछ वीडियो बनाए थे, जिन्हें उनके मोबाइल से डिलीट करवाने की बात भी सामने आई है। मामला डायमंड कॉलोनी का है, जहां मोहसीन खान की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को मोहसीन अपने साथ कुछ लोगों को लेकर जमीन से कब्जा हटवाने पहुंचा था।

### मोबाइल दुकान में घुसे चोर को व्यापारी की सूचना के बाद गश्त कर रहे टीआई ने दबोचा

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक मोबाइल दुकान में चोरी की वारदात हो गई। दुकान मालिक को मोबाइल पर अलार्म अलर्ट मिला तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गश्त कर रहे थाना प्रभारी अनिल गुप्ता मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ ही देर में आरोपी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार मिशिका टॉवर स्थित भाटिया मोबाइल शॉप के संचालक अशोक भाटिया निवासी खातीवाला टैंक ने रात में सूचना दी थी कि उनकी दुकान में कोई घुस गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी पवन पटेल निवासी खंडवा को इलाके में घूमते हुए पकड़ लिया। आरोपी दुकान से दो मोबाइल फोन और एक टैबलेट चुराकर ले गया था। पुलिस ने चोरी गया सामान बरामद कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

इंदौर में लखनऊ कोचिंग अग्निकांड के बाद कोचिंग सेंटर्स के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई

# 10 कोचिंग सेंटर सील, कैटालाइजर में इमरजेंसी एग्जिट बंद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में लखनऊ कोचिंग अग्निकांड के बाद कोचिंग सेंटर्स के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। मंगलवार को करीब 10 कोचिंग सेंटर और भवन सील किए गए। लखनऊ हादसे में 15 लोगों की मौत हुई थी। इनमें मध्य प्रदेश के अनूपपुर निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर जयनील चक्रवर्ती (26) भी शामिल थे।

इंदौर प्रशासन, नगर निगम और फायर विभाग की संयुक्त टीम ने कई कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। जांच में गीता भवन स्थित कैटालाइजर कोचिंग सेंटर में गंभीर सुरक्षा खामियां मिलीं। अधिकारियों ने पाया कि भवन का आपातकालीन निकास मार्ग (इमरजेंसी एग्जिट) बंद था।

प्रशासन के अनुसार, आग या अन्य आपदा की स्थिति में यह छात्रों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकता था। आपातकालीन निकास बंद होने से बड़ी संख्या में छात्रों के फंसने की आशंका थी। इसके बाद प्रशासन ने संस्थान को सील कर दिया।




### खराब मिले फायर सिस्टम, कई जगह नहीं था रखरखाव

जांच में पाया गया कि कई भवनों में फायर सिस्टम खराब थे। निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध नहीं थे। कुछ जगहों पर फायर सेफ्टी सिस्टम का नियमित रखरखाव भी नहीं किया जा रहा था। प्रशासन ने भवन संचालकों को नोटिस जारी किए हैं। सुरक्षा मानकों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान कई बहुमंजिला इमारतों में आपातकालीन निकास मार्ग बाधित पाए गए। अधिकारियों के अनुसार, आग या अन्य आपदा की स्थिति में ऐसे रास्तों का खुला और सुरक्षित होना अनिवार्य है। इमरजेंसी गेट बंद होने से लोगों की सुरक्षित निकासी प्रभावित हो सकती है, जिससे बड़ा खतरा है।

भंवरकुआं और गीता भवन क्षेत्र में यह विशेष अभियान एसडीएम घनश्याम धनगर के नेतृत्व में चलाया गया। कोचिंग सेंटर्स, लाइब्रेरियों और अन्य व्यावसायिक परिसरों की लगातार जांच की जा रही है। धनगर के अनुसार, अब तक 10 भवन अस्थायी रूप से सील किए जा चुके हैं और जांच जारी रहेगी।

- **10 संस्थानों और भवनों पर कार्रवाई-** फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन ने कैटालाइजर कोचिंग सेंटर सहित 10 संस्थानों और भवनों को अस्थायी रूप से सील कर दिया। कार्रवाई में उन भवनों को प्राथमिकता दी गई, जहां अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं मिले।
- **वेदा बिजनेस पार्क से अपोलो आर्केड तक जांच-** संयुक्त टीम ने कोचिंग संस्थानों के साथ शहर के प्रमुख व्यावसायिक परिसरों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वेदा बिजनेस पार्क, अपोलो एवेन्यू, अपोलो आर्केड और भंवरकुआं क्षेत्र के कई व्यावसायिक भवनों की फायर सेफ्टी व्यवस्था जांची गई।

उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया नोटिफिकेशन को हाईकोर्ट में चुनौती

# 16 हजार वर्ग किमी के मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र पर सवाल

### उज्जैन-इंदौर नाम पर आपत्ति, इंदौर का नाम पीछे क्यों?

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया की अधिसूचना अब कानूनी दांवपेंच में फंस गई है। इस संबंध में मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में याचिका दायर की गई है, जिस पर मंगलवार को सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच करेगी।

याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट अक्षत पहाड़िया ने अधिसूचना को चुनौती देते हुए कई कानूनी और प्रक्रियागत सवाल उठाए हैं। याचिका में दावा किया गया है कि मेट्रोपॉलिटन एरिया के गठन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों और आवश्यक कानूनी पहलुओं की अनदेखी कर अधिसूचना जारी की गई है।



प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र की अनुमानित आबादी 75.34 लाख बताई गई है। योजना को चार चरणों में विकसित करने की रूपरेखा तैयार की गई है। अधिसूचना के अनुसार अंतिम रूप से 16 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को मेट्रोपॉलिटन एरिया में शामिल किया गया है।

अधिसूचना के मुताबिक इंदौर जिले का 100 प्रतिशत क्षेत्रफल, यानी 3901.63 वर्ग किलोमीटर, मेट्रोपॉलिटन एरिया में शामिल किया गया है। वहीं उज्जैन जिले के कुल 6097.99 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में से 3595.24 वर्ग किलोमीटर हिस्सा शामिल किया गया है, जो जिले के कुल क्षेत्रफल का लगभग 59 प्रतिशत है।

मेट्रोपॉलिटन एरिया प्रदेश की सबसे महत्वाकांक्षी शहरी विकास योजनाओं में शामिल है। ऐसे में हाई कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर प्रशासनिक, राजनीतिक और शहरी विकास से जुड़े सभी पक्षों की निगाहें टिकी हुई हैं।

### नामकरण पर भी उठे सवाल

याचिका में एक प्रमुख आपत्ति मेट्रोपॉलिटन एरिया के नाम को लेकर भी दर्ज की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि प्रदेश के सबसे बड़े शहरी और आर्थिक केंद्र इंदौर का नाम उज्जैन के बाद रखा गया है, जिस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

### 16 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को किया गया शामिल

गौरतलब है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत लगभग 16 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले विशाल मेट्रोपॉलिटन एरिया का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, शाजापुर और रतलाम जिलों की 38 तहसीलों तथा 2781 गांवों को शामिल किया गया है।

परीक्षा देने मऊ गई लकिन घर नहीं लौटी

# लापता नीट छात्रा का शव खरगोन में नर्मदा नदी में मिला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर से लापता नीट छात्रा का शव खरगोन में नर्मदा नदी में मिला। लसूड़िया इलाके में तलावली चांदा की रहने वाली 18 वर्षीय निक्की यादव रविवार को नीट यूजी का पेपर देने घर से निकली थी। परीक्षा केंद्र मऊ में था। परीक्षा खत्म होने के बाद निक्की देर रात तक घर नहीं लौटी।

कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजन भंवरकुआं थाना पहुंचे। बेटी के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने तलाश शुरू की। सोमवार दोपहर भंवरकुआं थाने में खरगोन के करही थाने से एक युवती की लाश मिलने का फोन आया। उसके पास निक्की का पहचान पत्र मिलने की बात कही गई। भंवरकुआं पुलिस परिजन को लेकर खरगोन पहुंची, जिन्होंने उसे पहचान लिया। पुलिस प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या की आशंका जता रही है। हालांकि, मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा।

### मां को फोन किया कि कुछ देर में घर पहुंच जाएगी

निक्की के पिता रामानंद यादव अकाउंटेंट हैं। उन्होंने कहा- रविवार को छोटा बेटा शिवम उसे परीक्षा केंद्र छोड़ने गया था। परीक्षा खत्म होने के बाद निक्की ने किसी अन्य छात्रा के मोबाइल से अपनी मां को फोन किया। कहा कि उसका मोबाइल बंद हो गया है और वह कुछ देर में घर पहुंच जाएगी। इसके बाद परिवार का उससे संपर्क नहीं हो सका। परिजन ने रात करीब 10 बजे तक उसका इंतजार किया। काफी तलाश करने के बाद वे लसूड़िया थाने पहुंचे।

# भागीरथपुरा में निगम कमिश्नर ने कराई क्लोरीन टेस्टिंग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भागीरथपुरा में हुए जलकांड के बाद निगम के अधिकारी लगातार यहां पानी की सप्लाई को लेकर मुस्तैद हैं। मंगलवार को नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल भागीरथपुरा पहुंचे और पानी की क्लोरीन टेस्टिंग कराई। साथ ही यहां के रहवासियों के बातचीत कर पानी सप्लाई को लेकर जानकारी ली। निगम कमिश्नर ने यहां चल रहे निर्माण कार्यों और पानी की सप्लाई और लाइनें डालने के बाद रोड के रेस्टोरेशन के कामों को चेक किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को क्वालिटी का काम करने और काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि लोगों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए विकास के कामों को तेजी से किया जाए, ताकि आम लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना ना करना पड़े। निगम कमिश्नर भागीरथपुरा पानी की टंकी, शासकीय विद्यालय परिसर और आसपास के इलाकों में पानी सप्लाई और सफाई व्यवस्था को चेक करने पहुंचे। उन्होंने रहवासियों से बातचीत की और पानी की सप्लाई को लेकर आ रही परेशानियों के बारे में जानकारी ली।

सत्य परेशान हो सकता है, परंतु पराजीत नहीं...




महावीर नगर
The Pride of Tarana
निवेश के लिए उत्तम
निवास के लिए सर्वोत्तम....

सार्वजनिक सूचना

सर्व सार्वजनिक सूचना हर आम व खास को जाहिर किया जाता है कि कस्बा तराना में विकसित की गई महावीर नगर कॉलोनी जोकि संपूर्ण आवश्यक अनुमति प्राप्त कर विकसित की गई है।जिनमे विशेष रूप से न सिर्फ सुंदरता तथा रहवासियों की सुविधा का भी विशेष कार्य किया गया है। अपितु अत्यंत कम दाम पर तराना की जनता को रहवासी कॉलोनी में भूखंड उपलब्ध कराए जाने का प्रयोजन है। उपरोक्त कॉलोनी के संबंध में उपेंद्र निगम पुत्र अंकित निगम के द्वारा झूठा मुकदमा दायर कर असत्य प्रचार-प्रसार किया गया। असत्य मुकदमे को 13/4/26 को तथा 15/4/26 को वापस ले लिया गया है।वर्तमान समय मे उपरोक्त महावीर कालोनी के विरुद्ध किसी प्रकार का प्रकरण लंबित नही है।वह महावीर नगर कॉलोनी में लिया गया भूखंड हर प्रकार के भार से मुक्त होकर तराना की जनता के लिए उपलब्ध है।

पक्षकार द्वारा अभिभाषक
महेंद्र बड़ाल एडवोकेट
पता- कोर्ट गेट के पास तराना

निवेश बेहतर भविष्य के लिए ...
- शहर का सबसे प्राइम स्थल
- विभिन्न संस्थानों के नजदीक
- शहर के कोलाहल से मुक्त एरिया
- विभिन्न साईज की प्लॉट श्रृंखला
- सुव्यवस्थित टाउनशिप प्लानिंग
- प्रदूषण मुक्त वायु हेतु प्लांटेशन
- आवागमन के लिए चौड़ी सड़क
- सुचारु पेयजल प्लानिंग
- योगा, मेडिटेशन एवं एक्सरसाइज हेतु उपयुक्त स्थान
- प्लानिंगबद्ध गार्डन योजना
- बच्चों के लिए प्ले एरिया
- सुरक्षित केम्पस वॉल प्रमुख गेट पर सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा
- प्लॉट खरीदी की आसान योजना
- सभी प्रमुख बैंको से लोन सुविधा उपलब्ध
- सभी शासकीय अनुमतियां प्राप्त पूर्ण वैध कॉलोनी

पता: रुपारखेड़ी रोड, सरस्वती नगर के सामने, तराना । सम्पर्क : 9425917608

अतिशीघ्र आवश्यकता है
जेके सीमेन्ट उज्जैन में
कम पढ़े लिखे व्यक्ति 12 हजार रुपये महीना, पीएफ/ई.एस.आई.सी./ चार छुट्टियां, 8 घंटे ड्यूटी
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर : जिसे कम्प्यूटर का ज्ञान हो (ऑफिस के लिए) सेलरी योग्यतानुसार।
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
22, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176
समय : 11:30 से 3 बजे तक

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com